@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 7 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 272 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## अनिश्चितताओं की वजह से फिलहाल भारत में ही रहेंगीं शेख हसीना

नई दिल्ली, 6 जुलाई। बांग्लादेश में छात्रों का प्रदर्शन और हिंसा का दौर लगातार जारी है। उधर, सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सेना के हेलीकॉप्टर में सवार होकर भारत आ गईं थीं। अब बताया जा रहा है कि शेख हसीना की आगे की यात्रा की योजना कुछ अनिश्चितताओं की वजह से बाधित हो गई है। शेख हसीना के अगले कुछ दिनों तक भारत से बाहर जाने की संभावना भी नहीं है। आपको बता दें कि सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के



बाद शेख हसीना दिल्ली के पास मौजूद हिंडन एयरबेस पहुंचीं थीं। वे कड़ी सुरक्षा के बीच एक अज्ञात जगह पर ठहरीं हुईं हैं। बताया जा रहा है कि शेख हसीना लंदन जाने वालीं थीं, लेकिन अब वे अन्य जगहों के बारे में विचार कर रहीं हैं। दरअसल, ब्रिटिश सरकार का कहना है कि लंदन में शेख हसीना को किसी भी संभावित जांच के तहत कानूनी सुरक्षा मिलने की संभावना नहीं है। मामले से जुड़े लोगों का कहना है कि आवामी लीग की नेता को भारत से लंदन जाना था। भारत में हिंडन हवाई अड्डे पहुंचने से पहले शेख हसीना के सहयोगियों ने भारत में मौजूद अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया था। सोमवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने लंदन में कहा कि बांग्लादेश में बीते कुछ सप्ताह से जबरदस्त हिंसा का दौर देखा गया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अभूतपूर्व हिंसा के बीच जान-माल की दुखद हानि देखी है और देश के लोग संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में पूर्ण और स्वतंत्र जांच के हकदार हैं। सूत्रों ने कहा कि हसीना की यात्रा योजनाओं में कुछ अड़चन आ गई हैं और वह अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को बनाया जा रहा निशाना: जयशंकर

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। पड़ोसी देश में भड़की हिंसा को लेकर भारत लगातार चिंता जता रहा है। अब मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा और राज्यसभा में बांग्लादेश हिंसा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में जुलाई से हिंसा जारी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी वहां हिंसा जारी है। भारत सरकार बांग्लादेश के अधिकारियों के संपर्क में हैं। वहां, पुलिस के ऊपर भी हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शेख हसीना ने भारत आने का अनुरोध किया था। उन्होंने आगे कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा



रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति पर कहा, पांच अगस्त को कर्फ्यू के बावजूद ढाका में प्रदर्शनकारी जमा हो गए। हमारी समझ यह है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान के नेताओं के साथ बैठक के बाद, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का फैसला लिया। बहुत कम समय में, उन्होंने भारत आने के लिए मंजूरी का अनुरोध किया। साथ ही हमें बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ। वह कल शाम दिल्ली पहुंचीं। उन्होंने आगे कहा, हम अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में हैं। वहां एक अनुमान के अनुसार 19 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, जिनमें से करीब नौ हजार छात्र हैं। बड़ी संख्या में छात्र जुलाई में वापस आ गए थे। हम अल्पसंख्यकों की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा में बांग्लादेश के हालात पर बयान दिया। उन्होंने शेख हसीना की भारत में मौजूदगी और बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को लेकर अहम बातें बताईं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जुलाई से हिंसा जारी है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

जम्मू, 6 जुलाई। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक यह मुठभेड़ उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में चल रही है। इसमें सेना और प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यहां दो से तीन आंतकी फंसे हुए हैं। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। यहां रुक-रुककर दोनों ओर से फायरिंग की आवाजें आ रही हैं। इससे एक दिन पहले ही अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मददगारों को गिरफ्तार किया था। इनसे हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। पकड़े गए आतंकी मददगारों की पहचान दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के तौर पर हुई है। तीनों हसनपोरा तवेला के निवासी हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हसनपोरा तुलखान रोड पर संयुक्त नाके पर जांच के दौरान आतंकी मददगारों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। इसमें एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगज़ीन, 8 पिस्टल राउंड, एक ग्रेनेड और एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के अलावा आपत्तिजनक सामग्री शामिल है।

# सर्वदलीय बैठक में राहुल ने पूछी सरकार की विदेश नीति की दिशा

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। इस बीच, भारत में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि ढाका में सत्ता परिवर्तन के कूटनीतिक प्रभावों से निपटने के लिए सरकार की विदेश नीति की दिशा क्या है। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि हालात बहुत संवेदनशील हैं और सरकार पड़ोसी देश के घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रही है। सूत्रों के अनुसार, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विदेश नीति के भविष्य के बारे और खासकर बांग्लादेश में हाल की घटनाओं पर चिंता जताई। सरकार द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय हित में उठाए गए कदमों के प्रति अपना समर्थन जताया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या इस घटना में विदेशी ताकतें शामिल थीं।। राहुल गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की स्थिति एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनी हुई है। उनकी संपत्तियों पर हमलों की खबरें आ रही हैं। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने सर्वदलीय बैठक में नेताओं से कहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मदद का भरोसा दिलाते हुए उन्हें भविष्य की रणनीति तय करने के लिए समय दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बैठक में जयशंकर ने कहा कि हसीना को भारत आए चौबीस घंटे भी नहीं बीते हैं और वह सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हसीना को सदमे से उबरने के लिए समय दे रही है और इसके बाद वह उनकी भविष्य की योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर उनसे बात करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। वाईएसआर कांग्रेस नेता वी विजयसाई रेड्डी ने कहा कि उनकी पार्टी देश हित में सरकार का समर्थन करती है। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर जाने से वहां अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। हसीना सोमवार रात बांग्लादेशी वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य विमान से भारत पहुंचीं। बताया जा रहा है कि उनकी लंदन जाने की योजना है। सूत्रों के मुताबिक, संसद भवन में राजनीतिक दलों के नेताओं को बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में



जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में मौजूद 10 हजार से अधिक भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेशी सेना के संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूछा कि क्या बांग्लादेश में अराजकता को बढ़ावा देने में विदेशी सरकारों का हाथ हो सकता है। इस पर विदेश मंत्री ने बांग्लादेश में अराजकता में विदेशी सरकारों की भूमिका से इनकार नहीं किया, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हालात बहुत संवेदनशील हैं और सरकार पड़ोसी देश के घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रही है। जयशंकर ने आगे कहा कि बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने अल्पसंख्यकों के घरों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। बैठक के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज संसद में एक सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जताए गए सर्वसम्मत समर्थन और तालमेल के लिए सभी दलों की सराहना करता हूं। कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सरकार ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जहां तक राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हित का सवाल है, कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से सरकार के साथ है। हालांकि, कार्ति बैठक में मौजूद नहीं थे। सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के टी आर बालू, राष्ट्रीवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

## हैरान हूं कि कोई राज्य बंगाल मॉडल भी लागू करेगा: अमित शाह

नई दिल्ली, 6 जुलाई। लोकसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार की चुटकी ली। अमित शाह ने कहा कि मुझे हैरानी है कि कोई राज्य बंगाल मॉडल भी लागू करना चाहेगा? वामपंथी उग्रवाद रोकने में बंगाल



सरकार की भूमिका से सब वाकिफ हैं। दरअसल लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत रॉय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र सरकार राज्य के मॉडल का अध्ययन करेगी और इसे अन्य राज्यों में भी आजमाएगी? इसके जवाब में गृहमंत्री अमित शाह बोले कि सरकार को उन राज्यों के मॉडल को लागू करने में कोई समस्या नहीं है, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन मुझे लगता है कि कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल मॉडल को लागू करना पसंद नहीं करेगा। बता दें कि केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्व में वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में 60 फीसदी की कमी आई है। भारत में वामपंथी उग्रवाद को लेकर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा कि 2010 के मुकाबले वामपंथी उग्रवादी हिंसा की घटनाओं में 73 फीसदी तक की कमी आई। इसके चलते हिंसा में 2010 में जहां 1005 लोगों और सुरक्षा जवानों की मौत हुई थी। वहीं 2023 में मौतों का आंकड़ा 86 फीसदी कम होकर 138 रह गया। वहीं 30 जून 2024 तक वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में 32 फीसदी और मौतों में 17 फीसदी की भारी कमी आई है। वामपंथी हिंसा का क्षेत्र भी काफी हद तक कम हुआ है। 2013 में 10 राज्य के 126 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे। अप्रैल 2024 तक नौ राज्य के केवल 38 जिले इस उग्रवाद से प्रभावित माने गए हैं।

## अदालत में एक मामले की जल्द सुनवाई की मांग कर रहे वकील पर भड़के सीजेआई

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। 'एक दिन के लिए यहां बैठ जाइए, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आप अपनी जिंदगी से दूर भागने लगेंगे।' देश की सर्वोच्च अदालत में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ एक वकील पर गुस्सा करते हुए नजर आए। दरअसल, वकील द्वारा शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने के मामले की जल्द सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत पर दबाव डाला जा रहा था। महाराष्ट्र में राजीनीतिक विवाद से जुड़े दो अलग अलग मामलों में सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में दो याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ तारीखें तय कर रहीं थीं। पहला मामला उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना और एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना से जुड़ा है। इसे लेकर उद्धव ठाकरे पक्ष की तरफ से अदालत में याचिका दायर की गई। याचिका में महाराष्ट्र विधानसभा



स्पीकर राहुल नार्वेकर ते आदेश को चुनौती दी गई है। राहुल नार्वेकर ने विधायनसभा में आदेश पारित किया था कि जून 2022 में विभाजन के बाद एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ही असली राजनीतिक पार्टी है। इसके अलावा अदालत में दूसरी याचिका शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की तरफ से दायर की गई है। इस याचिका में भी राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती दी गई है। राहुल नार्वेकर ने अजित पवार नीत राकांपा को असली पार्टी बताया था। इस संबंध में शीर्ष अदालत ने अजित पवार और उनके 40 विधायकों को शरद पवार पक्ष की तरफ से दायर याचिका को लेकर नोटिस जारी किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शिवसेना के मामले में वाद-विवाद की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उधर, राकांपा विवाद के मामले में अजित पवार पक्ष की तरफ से वकील एनके कौल अदालत के समक्ष पेश हुए। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि शरद पवार पक्ष की तरफ से पेश की गई याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दें। इसके बाद अदालत ने अजित पवार गुट के 40 विधायकों को नोटिस का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय देते हुए कहा कि उसके बाद ही याचिका पर सुनवाई होगी। इस बीच उद्धव ठाकरे पक्ष के एक वकील इस मामले में सुनवाई के लिए जल्द से जल्द तारीख की घोषणा करने की जिद करने लगे। वकील ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और इस वजह से मामले की जल्द से जल्द सुनवाई होनी चाहिए। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'कृपया अदालत को निर्देश ना दें।' मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा, 'आप एक दिन के लिए यहां आकर क्यों नहीं बैठ जाते।

## यूपी के उपचुनाव के साथ हरियाणा-महाराष्ट्र पर भी हुई चर्चा

लखनऊ, 6 जुलाई। सपा और कांग्रेस का सफर लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव में भी जारी रखने के लिए कई दौर की वार्ता हो चुकी है, पर अभी तक यह वार्ता अपने अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। कांग्रेस जहां यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में हिस्सेदारी चाहती है, वहीं सपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा आम चुनाव में सीटें मांगी हैं। वर्ष 2019 में महाराष्ट्र और हरियाणा के आम चुनाव के साथ ही यूपी में विधानसभा उपचुनाव हुए थे। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार भी यूपी के उपचुनाव इन दोनों राज्यों के आम चुनाव के साथ अक्तूबर में होंगे। यूपी में करहल, सीसामऊ, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां और मीरापुर में उपचुनाव होने हैं। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस यूपी में दो सीटों पर उपचुनाव लड़ना चाहती है। इस बारे में दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच कई राउंड की वार्ता भी हो चुकी है। सपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव और कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व महासचिव केसी वेणुगोपाल इस वार्ता में शामिल रहे हैं। सपा ने हरियाणा में 5 और महाराष्ट्र में 12 सीटों पर दावा ठोका है। लेकिन, इन दोनों ही राज्यों में कांग्रेस ने अभी कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। जबकि, हरियाणा के कांग्रेस नेताओं ने यह बयान भी दिया है कि उनके यहां सपा का कोई जनाधार नहीं है। इस पर यूपी में भी सपा जवाबी मूड में आ गई है।

# अखिलेश का गढ़ ध्वस्त करने को भाजपा का प्लान रेडी

**सौरभ शर्मा**

मैनपुरी, 6 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की करहल सीट से विधायक रहे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस्तीफा दे दिया था। अब यहां उप चुनाव होना है। भाजपा इस बार अखिलेश को गढ़ को ध्वस्त करने के लिए पूरी रणनीति के साथ आगे चल रही है। तीन मंत्रियों को विधानसभा उप चुनाव का जिम्मा देने के बाद अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को भी गढ़ ध्वस्त करने के लिए मैदान में उतार दिया है। उनकी अगुवाई में ही तीनों मंत्री अब करहल में काम करेंगे। करहल विधानसभा सीट पर लंबे समय से सपा का कब्जा चला आ रहा है। ये सीट इसलिए भी अहम है क्योंकि यहां से अखिलेश यादव विधायक थे, उनका इस्तीफा देने के बाद ही ये सीट खाली हुई है। इतना ही नहीं करहल को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का दूसरा घर भी कहा जाता है। उन्होंने करहल से ही शिक्षा हासिल की और यहीं शिक्षण कार्य और पहलवानी भी की। ऐसे में सपा के लिए भी उप चुनाव विरासत की जंग होगा। लेकिन भाजपा इस बार ये सीट जीतकर सपा को गढ़ में ही धूल चटाना चाहती है। इसके लिए सीएम योगी ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है इसी के तहत तीन मंत्रियों के बाद अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को करहल



का जिम्मा सौंपा है। उनके साथ कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी अजीत पाल भी पूरी ताकत झोंकेंगे। सूत्रों के अनुसार जल्द ही अखिलेश के गढ़ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भाजपाइयों की नब्ज टटोलेंगे। कुछ कार्यकर्ताओं और भाजपाइयों की नाराजगी दूर करने का जिम्मा भी उनके कंधों पर है। इस बार भाजपा उप चुनाव की तैयारी में यहां आगे भी है। सपा ने अब तक उप चुनाव के लिए कोई खास तैयारी नहीं की है। उनका बस एक ही दावा है कि करहल उनकी थी और उनकी ही रहेगी। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की सीटें शामिल हैं। सभी को भाजपा जीतने का दम भर रही है। लेकिन इन 10 सीटों में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट सबसे टॉप पर है। इसकी कमान सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने पास ही रखी है। वहीं इसके बाद मैनपुरी जिले की करहल सीट का नंबर आता है। ये सीट जीतना भी भाजपा के लिए उतना ही जरूरी है। इसीलिए इसकी जिम्मेदारी अब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को दी गई है। करहल सीट इस बार उप चुनाव में भाजपा के पाले में होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक हों, कैबिनेट मंत्री हों या फिर कोई छोटा कार्यकर्ता, जिसे भी जिम्मेदारी सौंपी है वह उसे पूरा करेगा।

# राहुल गांधी साधू हैं, उनकी कोई जाति नहीं: निशिकांत दुबे

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद पर तंज कसा। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की राहुल के खिलाफ की गई जाति से जुड़ी टिप्पणी को उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता की कोई जाति नहीं है। दरअसल, वित्त विधेयक पर बहस में भाग लेते हुए निशिकांत दुबे ने अनुराग ठाकुर की टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने विपक्ष के नेता से उनकी जाति के बारे में सवाल किया था। भारतीय जनता पार्टी के सांसद ने कहा कि मैं उस बात से पूरी तरह सहमत नहीं हूं, जो अनुराग ठाकुर ने कही थी। मैं इस सदन में उनकी ओर से माफी मांगना चाहूंगा। झारखंड के गोड्डा से सांसद ने कहा कि जाति के बारे में उनका आरोप गलत है। कोई जाति नहीं है। वह कहते हैं, मैं वह नहीं हूं, जो दिखता हूं। इसलिए वह साधू हैं। हमारे देश में तो कहा गया है कि जाति न पूछो साधू की। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि आपको साधू की जाति के बारे में नहीं पूछना चाहिए। निशिकांत दुबे ने



देशभर में जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर जी ने गलती की, लेकिन मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि इस देश में बहुत से लोग धर्म, जाति में विश्वास नहीं करते। वे जाति आधारित जनगणना में कैसे भाग लेंगे? निशिकांत दुबे ने यह भी कहा कि वह अपने साथ 1952 से 1990 तक के कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र लेकर आए हैं और दावा किया कि दस्तावेजों से पता चलता है कि विपक्षी पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण के खिलाफ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पिछले दरवाजे से ईसाइयों और मुसलमानों के लिए आरक्षण लाना चाहती है। इससे पहले 30 जुलाई को लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान अनुराग ठाकुर की टिप्पणी को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। अनुराग ठाकुर ने कहा था कि जिसकी जाति का ही नहीं पता, वह जाति जनगणना की बात कर रहा है।

## बीएसएफ महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर आईसीपी पेट्रापोल का किया दौरा

नई दिल्ली, 6 जुलाई। पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में जारी उथल-पुथल के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात आईसीपी पेट्रापोल और 68वीं बटालियन के अत्यधिक संवेदनशील सीमा चौकी राणाघाट का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने तैयारियों को जायजा लिया। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबित मंगलवार को बीएसएफ के महानिदेशक, आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी ने पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक, आईपीएस रवि गांधी और महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर आईपीएस मनिंदर प्रताप सिंह दौरा किया। दौरे का मकसद बांग्लादेश में हाल ही में हुई घटनाओं के मद्देनजर इन प्रमुख स्थानों पर बीएसएफ की सामरिक और परिचालन तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का आकलन करना था। अधिकारी के मुताबिक आईसीपी पेट्रापोल पहुंचने पर महानिदेशक ने एडीजी पूर्वी कमान के साथ पैसेंजर टर्मिनल और कार्गो टर्मिनल का दौरा किया। जवानों के समक्ष आने वाली जटिल परिचालन चुनौतियों की समीक्षा की। इस दौरान 145वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडिंग ऑफिसर ने महानिदेशक को बटालियन की परिचालन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। इसके बाद नए आईसीपी भवन का भी दौरा किया। इसके बाद बीएसएफ के महानिदेशक, चौधरी ने 68वीं बटालियन की राणाघाट सीमा चौकी का दौरा किया। यहां उन्होंने बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति की समीक्षा के लिए बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक की तथा अवैध घुसपैठ और अन्य तस्करी से निपटने के लिए परिचालन रणनीतियों पर चर्चा की। महानिदेशक ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता बढ़ाने और प्रभावी उपाय करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान चौधरी ने सैनिक सम्मेलन में अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने आतंकी खतरे का स्तर 'संभावित' तक बढ़ाया

एजेंसी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ऐलान किया है कि आधिकारिक आतंकी खतरे का स्तर बढ़ा कर 'संभावित' कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला युवा कट्टरपंथ में वृद्धि, ऑनलाइन कट्टरवाद और नई मिश्रित विचारधाराओं के उदय से प्रेरित है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कैनबरा में एक संवाददाता सम्मेलन में अल्बानीज ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) ने सोमवार सुबह एक बैठक में ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा और खुफिया संगठन (एएसआईओ) से जानकारी मिलने के बाद खतरे का स्तर बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं ऑस्ट्रेलियाई लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि संभावित का मतलब अपरिहार्य नहीं है और इसका मतलब यह नहीं है कि किसी आकस्मिक खतरे या खतरे के बारे में खुफिया जानकारी है, लेकिन हमें जो सलाह मिली है वह यह है कि ऑस्ट्रेलियाई चरमपंथी विचारधाराओं की अलग-अलग श्रेणी को अपना रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सतर्क रहें।

## दक्षिण कोरियाः गर्मी से संबंधित बीमारियों के मामले बढ़कर हुए 1,546

**सोल।** दक्षिण कोरिया में गर्मी ने तबाही मचा रखी है। गर्मी के कारण मरीजों की संख्या बढ़कर 1,546 हो गई है, जबकि 257,000 से अधिक पशुओं की मौत हो गई है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दिन सियोल से 64 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में येओजू में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। 2018 के बाद पहली बार ऐसा तापमान दर्ज किया जा रहा है। सरकार के मुताबिक 20 मई से पिछले शनिवार तक गर्मी से संबंधित बीमारियों वाले मरीजों की कुल संख्या 1,546 तक पहुंच गई - जो पिछले साल की तुलना में 10 अधिक है। इस अवधि के दौरान, अत्यधिक गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों से 11 लोगों की मौत हो गई। गर्मी की लहर ने 11 जुलाई से पिछले शनिवार तक 257,483 पशुओं की भी जान ले ली, जिनमें 235,880 मुर्गे-मुर्गियां भी शामिल थे। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि आगमी 10 दिनों तक मौसम गर्म ही रहेगा। पूरे देश में दिन का तापमान औसत 30 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मंत्रालय ने लोगों को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच बाहर न जाने की सलाह दी है।

## गलादेश में विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर इंटरनेट सेवा बंद

**ढाका।** बंगलादेश में सरकार के खिलाफ जारी आंदोलन के मद्देनजर तीन सप्ताह में दूसरी बार इंटरनेट सेवा अस्थायी तौर पर बंद कर दी गयी है। सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच करीब 90 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गये। रिपोर्ट के अनुसार, ढाका और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब छात्र नेताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करते हुए 'सविनय अवज्ञा' अभियान शुरू किया। ढाका के प्रवेश द्वार बंद कर दिए गये हैं। शहर भर में पुलिस के साथ-साथ सेना को तैनात किया गया है। सरकार ने तीन दिन की अवकाश घोषित कर दिया है, इस दौरान व्यवसाय क्षेत्र और अदालतों की कार्रवाई भी बंद रखी गयी है। विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या अब 280 से अधिक हो गई है, जिसमें कई लोगों की मौतों के लिए सुरक्षा बलों को जिम्मेदार ठहराया गया है। गौरतलब है कि बंगलादेश मुक्ति संग्राम सैनानियों को नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्रों के आंदोलन के उग्र रूप लेने के बाद रविवार को राजधानी ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जिसमें पुलिस कर्मियों सहित करीब 100 लोगों की मृत्यु हो गयी। ढाका की सड़कों पर आंदोलनकारियों का सैलाब उमड़ा हुआ था।पुलिस रिपोर्ट में बताया कि रविवार को सिराजगंज में थाने पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया जिसमें 13 पुलिस अधिकारी मारे गये। बाद में अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। आज मोबाइल ऑपरेटरों को 4जी सेवाओं को बंद करने का आदेश मिला और इंटरनेट की आजादी पर नज़र रख ने वाली निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स ने लगभग पूरी तरह से राष्ट्रीय इंटरनेट बंद होने की सूचना दी।

## ब्लिंकन का कहना है कि ईरान '24-48 घंटों' में इजरायल पर हमला कर सकता है : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कथित तौर पर जी7 देशों के अपने समकक्षों को सूचित किया है कि हमास प्रमुख इस्माइल हनीया की हत्या के लिए ईरान 24-28 घंटों के भीतर प्रतिशोध ले सकता है। ब्लिंकन ने रविवार को अमेरिका के करीबी सहयोगियों के साथ समन्वय के लिए एक कॉन्फ्रेंस कॉल की, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका का मानना है कि ईरान और हिजबुल्लाह दोनों जवाबी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को हमलों का सही समय नहीं पता है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अगले 24-48 घंटों में शुरू हो सकता है, सूत्रों ने कहा। ब्लिंकन ने जी7 देशों से यह भी कहा कि अमेरिका ईरान और हिजबुल्लाह के हमलों को यथासंभव सीमित करने और फिर इजरायल की प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने की कोशिश करके बढ़ते तनाव के चक्र को तोड़ने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने देशों से ईरान, हिजबुल्लाह और इजरायल पर अधिकतम संयम बनाए रखने के लिए कूटनीतिक दबाव डालने का भी आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को मजबूत करने का उद्देश्य रक्षात्मक उद्देश्य है।

# भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत

एजेंसी

**सुवा।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में फिजी की राजधानी सुवा में हैं। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है। यह सचित्र विवरण भारत की राष्ट्रपति के एक्स हैंडल पर साझा किया गया है।

द्रौपदी मुर्मू का सुवा पहुंचने पर फिजी के प्रधानमंत्री सीटिवेनी राबुका ने जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रपति फिजी के बाद न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते जाएंगी। किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की फिजी और तिमोर-लेस्ते की पहली यात्रा है। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

विदेश मंत्रालय के सचिव जयदीप मजूमदार ने पिछले दिनों नई दिल्ली में राष्ट्रपति की यात्रा का ब्यौरा साझा किया था। इसमें कहा गया था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच से 10 अगस्त तक तीन देशों फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर भारत ने विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया है। यह तीनों देश भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत आते है। भारत और



फिजी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। भारत, फिजी का प्रमुख विकास भागीदार रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुईं। पहले चरण में राष्ट्रपति फिजी की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। राष्ट्रपति फिजी की संसद को भी संबोधित करेंगी। उनका भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। यात्रा के दूसरे चरण में राष्ट्रपति आठ और नौ अगस्त को न्यूजीलैंड जाएंगी। इस दौरान वे गवर्नर जनरल सिंडी किरो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति, वेलिंगटन में एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को भी संबोधित करेंगी और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगी। यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्रपति 10 अगस्त को तिमोर-लेस्ते जाएंगी।

## दुर्घटनाग्रस्त सौर्य एयरलाइंस के विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए सिंगापुर भेजा गया

एजेंसी

**काठमांडू।** त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 24 जुलाई को दुर्घटनाग्रस्त हुए सौर्य एयरलाइंस के विमान का ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए सिंगापुर भेजा गया है। ब्लैक बॉक्स की रिपोर्ट आने के बाद ही दुर्घटना के कारणों का पता लग पाएगा।

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक प्रदीप अधिकारी ने बताया कि जांच समिति के अध्यक्ष रतीश चन्द लाल स्वयं ब्लैक बॉक्स लेकर सिंगापुर गए हैं।ब्लैक बॉक्स में मौजूद वाइस रिकॉर्डर को डिकोड करने के बाद विमान दुर्घटना के पीछे की तकनीकी खामियों का पता चलने की उम्मीद की जा रही है। पायलट और एटीसी के बीच हुए संवाद और दोनों पायलटों के बीच हुए संवाद से भी दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सकता है। काठमांडू से पोखरा के लिए 24 जुलाई को सौर्य एयरलाइंस का विमान 9Z AEM उड़ान भरने के कुछ सेकेंड के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस विमान में सवार 19 में से 18 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।



इस दुर्घटना में एकमात्र जीवित व्यक्ति विमान का पायलट था। यह विमान पोखरा में नियमित जांच के लिए ले जाया जा रहा था, जिसके कारण विमान में एयरलाइंस कंपनी के तकनीकी कर्मचारी, मेंटेनेंस स्टाफ, सेफ्टी स्टाफ और ग्राउंड स्टाफ मौजूद थे।

## शेख हसीना राजनीति में नहीं करेंगी वापसी, बेटे सजीब वाजेद ने बताई देश छोड़ने व इस्तीफे की वजह

एजेंसी

**लंदन।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जाय ने दावा किया है कि उनकी मां अब राजनीतिक वापसी नहीं करेंगी। पूर्व आधिकारिक सलाहकार सजीब ने बताया कि उनकी मां हसीना ने परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ा है। लंदन में एक एजेंसी दिए एक साक्षात्कार में सजीब वाजेद जाय ने कहा कि उनकी मां शेख हसीना की अब राजनीतिक वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हसीना रविवार से ही इस्तीफा देने पर विचार कर रही थीं। जाय ने कहा कि उनकी मां, जिन्होंने 15 साल तक बांग्लादेश पर शासन किया था, तत्कालीन घटनाओं को लेकर बहुत निराश थीं।

जाय ने अपनी मां के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब हसीना ने देश की सत्ता संभाली तो बांग्लादेश गरीब देश हुआ करता था।



आज इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता है। प्रदर्शनकारियों से निपटने में सरकार द्वारा सख्ती बरतने के आरोपों को खारिज करते हुए जाय ने कहा, पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला गया है। जब भीड़ लोगों को पीट-पीटकर मार रही हो तो आप पुलिस से क्या उम्मीद करेंगे।

इन दावों के इतर बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद सेना ने सत्ता संभाल ली है लेकिन पूरे देश में अराजकता के हालात हैं।

## बांग्लादेश सेनाध्यक्ष ने कहा- अंतरिम सरकार बनेगी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच आज प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद पहली बार सेनाध्यक्ष जनरल वकार-उज-जमान ने देश के नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद ऐलान किया कि अब अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा, सेना पर भरोसा रखें। इस बीच बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हो गए हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गई हैं। देश में शांति व्यवस्था बनाए रखें। आइए मिलकर काम करें। लड़ने से कुछ नहीं मिलेगा। हमने मिलकर बांग्लादेश को एक खूबसूरत देश बनाया है। सेनाध्यक्ष



जमान ने कहा कि हमने सभी राजनीतिक दलों के साथ सार्थक चर्चा के बाद अंतरिम सरकार बनाने का फैसला लिया है। हम स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात करेंगे। उन्होंने विरोध के नाम पर सभी से हिंसा को रोकने का आह्वान किया और वादा किया कि नई सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

इस बीच ढाका विश्वविद्यालय के कानून विभाग के प्रोफेसर आसिफ नजरूल ने बयान जारी कर छात्रों से विरोध प्रदर्शन बंद करने का अनुरोध किया है।आंदोलनकारी राजधानी के धानमंडी स्थित गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल के आवास पर हमला कर रहे हैं। दोपहर करीब 3ः30 बजे हजारों प्रदर्शनकारी गेट तोड़कर गृहमंत्री के घर में घुस गए। घर से धुआं निकलता भी दिख रहा है। अंदर तोड़फोड़ की गई है।

## बांग्लादेश की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने के आदेश, तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जारी किया आदेश

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच नाटकीय घटनाक्रम में प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तपलट होने और देश छोड़ने के बाद जहां सेना ने सत्ता संभाल ली है। वहीं देशभर में अराजकता और हिंसा के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, बैठक में सर्वसम्मति से बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को रिहा करने का फैसला किया गया। इसके अलावा, छात्र भेदभाव विरोधी आंदोलन और हाल की घटनाओं से संबंधित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किए गए सभी बंदियों को रिहा करने का फैसला किया गया। सांप्रदायिक सौहार्द को किसी भी तरह से बाधित न होने देने के लिए भी मजबूत सहमति बनी।

राष्ट्रपति की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अंतरिम सरकार



के गठन के उद्देश्य से राष्ट्रपति मोहम्मद सहाबुद्दीन, थल सेनाध्यक्ष, नौसेना और वायु सेना के प्रमुख और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और नागरिक की अध्यक्षता में बंगभवन में एक बैठक आयोजित की गई। देश के समाज प्रतिनिधि बैठक में आरक्षण विरोधी आंदोलन में मारे गए लोगों की याद में शोक प्रस्ताव लिया गया और उनकी दिवंगत आत्माओं की शांति और क्षमा के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में तुरंत अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया गया। बैठक में सभी से देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए धैर्य और सहनशीलता बरतने का आग्रह किया गया और सेना को लूटपाट और हिंसक गतिविधियों से रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को तुरंत रिहा करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, भेदभाव विरोधी आंदोलन और हाल ही में विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए सभी कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि समुदाय को किसी भी तरह से नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले बांग्लादेश में बवाल बढ़ने के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और वो देश छोड़कर भारत पहुंच गई हैं। ज्ञात रहे कि गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के सेफ हाउस में रखा गया है।

इस समय बांग्लादेश के हालत अस्थिर बने हुए हैं। कई शहरों में छात्रों का प्रदर्शन देखा जा रहा है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर शुरू हुआ बवाल शुरू हुआ। और ऐसा नहीं है कि ये अचानक से आज-कल में ही शुरू हुआ। पहले भी इसको लेकर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। प्रदर्शनकारी इस कथित विवादास्पद रिजर्वेशन सिस्टम को खत्म करने की मांग कर थे, जिसके तहत बांग्लादेश मुक्ति संग्राम (1971) में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

## प्रचंड ने दी बहुमत का दम्भ छोड़ने की सलाह, नेपाल में भी बांग्लादेश वाली स्थिति आने की चेतावनी

एजेंसी

**काठमांडू।** माओवादी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने कहा है कि बांग्लादेश की ताजा घटना से नेपाली शासकों को भी सीख लेनी चाहिए। वर्तमान सत्ता गठबन्धन की ओर इशारा करते हुए प्रचंड ने कहा कि कोई भी दल बहुमत का दम्भ ना दिखाए अन्यथा उनका हस्र शेख हसीना जैसा हो सकता है।

विराटनगर एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि जिस दो तिहाई बहुमत का घमंड नेपाल के सत्तारूढ़ दल के नेता दिखा रहे हैं, उन्हें बांग्लादेश की घटना से सबक लेना चाहिए। प्रचंड ने अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की तरफ इशारा करते हुए कहा कि नेपाल के शासकों को दो तिहाई की बहुमत वाली प्रधानमंत्री का जनता ने क्या हस्र किया इसको हमेशा याद रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब देश की जनता जागती है तब बड़े बड़े सत्ताधीशों को देश छोड़कर भागना पड़ता है। ओली के पिछले कार्यकाल में बहुमत के दम पर संविधान को समाप्त करने की साजिश का आरोप लगाते हुए प्रचंड ने कहा कि उस समय देश की जनता के आन्दोलन के आगे ओली की दो तिहाई की बहुमत की सरकार बहुत देर तक नहीं टिक पाई थी। इसलिए नेताओं को फिर से दो तिहाई का घमंड नहीं दिखाना चाहिए।

## बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हिंदू घरों और मंदिरों पर हमले, डर के साए में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़क उठी है। इस हिंसा का मुख्य निशाना हिंदू समुदाय बन रहा है, जिनके घरों और मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। इस हिंसा के संबंध में कई वीडियो बांग्लादेश से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जो इस भयावह स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

फेसबुक पर साझा किए गए वीडियो में बांग्लादेश के विभिन्न स्थानों पर हिंदू समुदाय के घरों और मंदिरों पर हो रहे हमलों के दृश्य सामने आए हैं:

1. **फेनी बांस पाड़ा दुर्गा मंदिर :** इस वीडियो में दुर्गा मंदिर को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है, जहां पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं देखी जा सकती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हमला अचानक हुआ और हमलावरों ने मंदिर को क्षति पहुंचाने की पूरी कोशिश की।

2. **बरिशाल :** बरिशाल के एक हिस्से में हिंदू घरों और दुकानों पर



हमले किए गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि हमलावरों ने घरों में तोड़फोड़ की और लोगों को डराने के लिए धमकियां दीं।

3. **चटगांव हजारी गली:** चटगांव में हजारी गली क्षेत्र में भी हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। यहां के मंदिरों पर हमले के अलावा स्थानीय बाजार में भी तोड़फोड़ की गई।

4. **राजशाहीः** राजशाही में भी स्थिति गंभीर है। यहां के हिंदू परिवार अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। वीडियो में घरों में की गई तोड़फोड़ और लूटपाट के दृश्य दिखाई दे रहे हैं।

5. **बोगुरा पीरगाछाव :** बोगुरा के पीरगाछा क्षेत्र में भी हिंसा का असर देखा गया। यहां के मंदिरों पर हमलावरों ने हमला किया और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया।

6. **पिरोजपुर, बरिशाल :**पिरोजपुर में भी हालात खराब हैं। यहां के मंदिरों पर हमले के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें हमलावर धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाते नजर आ रहे हैं।

7. **बरिशालः** बरिशाल के अन्य हिस्सों में भी हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यहां के हिंदू समुदाय को निशाना बनाकर उनके घरों और दुकानों को क्षति पहुंचाई जा रही है। बांग्लादेश में फिलहाल सेना ने अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की है और हिंसा रोकने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया है। हालांकि इसका कोई लाभ नहीं हो रहा। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता के कारण यह हिंसा भड़की है। हिंदू समुदाय के लोग डरे हुए हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है।

## बांग्लादेश में भड़की हिंसा में पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा के घर में आगजनी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़कर जाने के बाद हिंसा और अराजकता जारी है। इसी बीच, कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा के घर में आग लगा दी है।

खुलना डिवीजन के नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से सांसद मुर्तजा इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनाव में लगातार दूसरी बार अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में जीते थे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुर्तजा के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। मुर्तजा ने अपने लंबे क्रिकेट करियर में 36 टेस्ट, 220 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 390 विकेट लिए और 2,955 रन बनाए। वह सभी फॉर्मेट में 117 मैचों में बांग्लादेश का नेतृत्व कर चुके हैं, जो उनके देश के लिए सबसे अधिक है।

क्रिकेट छोड़ने के बाद उन्होंने



2018 में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग में शामिल होकर राजनीति में प्रवेश किया और नरैल-2 सीट से सांसद चुने गए।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने जिला अवामी लीग कार्यालय में भी आग लगा दी और इसके अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस के घर में तोड़फोड़ की।

इस बीच, शेख हसीना सोमवार शाम गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर उतरीं। वह बांग्लादेश वायु सेना के एक सैन्य परिवहन विमान से आई थीं। बांग्लादेश में हजारों प्रदर्शनकारियों ने ढाका में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास गणभवन पर हमला कर तोड़फोड़ की। कई रिपोर्ट में कहा गया है कि वह जल्द ही लंदन रवाना होंगी।

## आईडीएफ ने हमास के शीर्ष आतंकी के मारे जाने का किया दावा

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के एक शीर्ष आतंकवादी के मारे जाने का दावा किया। आईडीएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमास आतंकवादी अबेद अल-जेरीई मारा गया, इससे मानवीय सहायता को गाजा के नागरिकों तक पहुंचने से रोका था। इजराइली बलों के अनुसार, अल-जेरीई हमास की सैन्य शाखा के विनिर्माण विभाग से जुड़ा था और गाजा में इसके वित्तीय मामलों को देखता था। आईडीएफ के एक बयान में दावा किया गया


**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma


## बांग्लादेश पर अमेरिका का रूख : विदेश मंत्रालय बोला- आर्थिक सहयोग जारी रहेगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन पर सधी प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में मीडिया से कहा, हम बांग्लादेश के हालात पर करीबी निगाह बनाए हुए हैं। हमने शेख हसीना के इस्तीफे की घोषणा और देश छोड़कर जाने की खबर देखी है। अमेरिका बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सभी पक्षों से हिंसा से दूरी बनाने की अपील करते हैं। पिछले सप्ताहों में कई जानें गई हैं और हम आने वाले समय में शांति बनाए रखने का अनुरोध करते हैं। मिलर ने कहा, अमेरिका बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा का स्वागत करता है और हम चाहते हैं सत्ता का हस्तांतरण वहां के कानून के अनुसार हो।

**नई सरकार के गठन में जनता की कितनी भूमिका**

उन्होंने कहा कि 'हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जो पिछले कुछ हफ्तों में हुई हिंसा में घायल हुए हैं। अब अमेरिका हिंसा को समाप्त करने और जवाबदेही तय करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अंतरिम सरकार के बारे में सभी निर्णय लोकतांत्रिक सिद्धांतों, कानून के शासन और बांग्लादेशी लोगों की



इच्छा के सम्मान में किए जाने चाहिए।

**अमेरिका आर्थिक सहयोग जारी रखेगा**

बांग्लादेश को अमेरिकी वित्तीय सहायता के संबंध में विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, वित्त वर्ष 2023 में अमेरिका ने बांग्लादेश को द्विपक्षीय आर्थिक विकास और स्वास्थ्य सहायता के लिए 212 मिलियन डॉलर से अधिक प्रदान किए। हम सहयोग जारी रखना चाहेंगे, क्योंकि ये अमेरिका-बांग्लादेश संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिका ने अगस्त 2017 से रोहिंग्या शरणार्थियों के सहयोग के लिए लगभग 2 बिलियन डॉलर की मानवीय सहायता प्रदान की थी।

**हिंसा की पारदर्शी जांच के पक्ष में है अमेरिका**

बांग्लादेश में पिछले कुछ हफ्तों में हुई हिंसा के संबंध में अमेरिका पूरी और पारदर्शी जांच चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने ये बात कही। तख्तापलट के बाद सैन्य हुकूमत का समर्थन करने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'बांग्लादेशी लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना महत्वपूर्ण है। यह देश की जनता ही तय करेगी कि उन्हें किस तरह की लोकतांत्रिक सरकार चाहिए।'

# बंगलादेश के मुद्दे पर जयशंकर से मिले राहुल



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और बंगलादेश के राजनीतिक हालात पर विचार विमर्श किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में विदेश मंत्री से मुलाकात की और वहां के हालात पर चर्चा की। बंगलादेश में प्रदर्शनकारियों के संसद भवन तथा आसपास के इलाकों पर कब्जा करने के बाद की प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने और सेना के विशेष विमान से भारत के लिए रवाना होने के बाद श्री गांधी ने विदेश मंत्री से मुलाकात की। श्रीमती हसीना सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गई है। इस बीच विदेश मंत्री ने शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और बंगलादेश के ताजा हालात के बारे में श्री मोदी को जानकारी दी।

# मोदी की यूक्रेन की यात्रा की तैयारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह यूक्रेन की यात्रा की तैयारी हो रही है, जहां उनकी राष्ट्रपति व्लॉदिमीर ज़ेलेन्स्की के साथ रूस यूक्रेन संघर्ष विराम के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने श्री मोदी की यूक्रेन यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने हालांकि इसकी तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया।

# एमसीडी में एल्डरमैन के मनोनयन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आमआदमी पार्टी सम्मान पूर्वक असहमत : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन मनोनीत करने का एकाधिकार एलजी को देने के फैसले पर आम आदमी पार्टी ने सम्मान पूर्वक असहमति जताई है। आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार को बाइपास करके सारे अधिकार एलजी को दिए जा रहे हैं, ताकि वो अपने डंडे से दिल्ली को चलाएं। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जजों की टिप्पणी आज के फ़ैसले के विपरीत थी। देश के अन्य राज्यों में भी राज्यपाल एल्डरमैन का मनोनयन करते हैं, लेकिन वो चुनी हुई सरकार की अनुशंसा पर ही करते हैं। दिल्ली में भी एक चुनी हुई सरकार है, तो फिर दिल्ली में ऐसा क्यों नहीं है? संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड की संपत्ति से जुड़े कानून पर कहा कि पहले हमें देखना होगा कि केंद्र की भाजपा सरकार इस कानून में क्या-क्या चीजें लाने जा रही है। क्रीमीलेयर पर संजय सिंह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 के तहत दलितों और आदिवासियों को आरक्षण का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 341 में आरक्षण का आधार शुद्ध रूप से जातीय भेदभाव है, न कि आर्थिक। इसमें क्रीमीलेयर का सवाल कहां से उठता है। ऐसे तो भाजपा या किसी अन्य पार्टी का सांसद अगर एक बार एससी के आरक्षित सीट से सांसद बन जाए तो वो क्रीमीलेयर हो जाएगा, इसके बाद वो दोबारा उस सीट से चुनाव नहीं लड़ सकता है।

# राव आईएएस कोचिंग सेंटर पर छात्रों का प्रदर्शन का 11वें दिन भी जारी, मुआवजे की मांग पर डटे छात्र-छात्राएं

**नई दिल्ली।** ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत मामले में छात्रों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों के लिए मुआवज़े की मांग कर रहे हैं। आज इनके प्रदर्शन का 11वां दिन है। छात्रों ने फैसला किया है कि वो मुआवज़े के लिए नुक्कड़ नाटक करेंगे और इसके जरिए सरकार से मदद राशि मांगी जाएगी। छात्रा अंकिता ने बताया कि छात्र शाम 6 बजे से विरोध का एक नया तरीका नुक्कड़ नाटक शुरू करेंगे और न्याय की मांग करेंगे। अंकिता के मुताबिक 'यह हमारे शांतिपूर्ण विरोध का दसवां दिन है।

# एयर इंडिया ने ढाका के लिए उड़ानों पर लगायी रोक

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में राजनीतिक संकट को देखते हुए, एयर इंडिया ने ढाका से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को तत्काल स्थगित करने की घोषणा की। एयरलाइन ने यात्रियों को उड़ानों के लिए पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट का आश्वासन भी दिया। एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट में कहा, बंगलादेश में उभरती स्थिति को देखते हुए हमने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। पोस्ट में कहा गया, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट के साथ सहायता प्रदान कर रहे हैं। पोस्ट में कहा गया, हमारे मेहमानों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई चौकसी

**एजेंसी**
**गुवाहाटी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर चौकसी बढ़ा दी है। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधारी भी कोलकाता पहुंच चुके हैं।

बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया। स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक भी कोलकाता पहुंच गए। दरअसल, पश्चिम बंगाल के अलावा, असम, मेघालय और त्रिपुरा के दो हजार 500 किलोमीटर की



सीमा बांग्लादेश से लगी हैं। यह सीमा कई स्थानों पर अभी भी सीमा खुली हुई है। सीमा पर कई स्थानों पर घनी आबादी है, तो कई स्थानों पर घने जंगल हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न अराजक स्थिति के बीच खुली सीमा का फायदा उठाकर उपद्रवी तत्व भारत में घुसने की आशंका के चलते भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है।

# जीवन एवं चिकित्सा बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी वापस लेने की मांग

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' के महासचिव त्रिलोकसिह तथा क्लास-1 अधिकारियों के संगठन के महासचिव दर्शन कुमार वाधवा ने यहां संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि सरकार का यह फैसला अनुचित है और इससे स्वास्थ्य तथा जीवन बीमा पर 18 प्रतिशत की जीएसटी नीति बीमाधारकों की सामाजिक सुरक्षा पर बड़ा बोझ बन




गया है। उनका कहना था कि जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा का मकसद बीमारी, दुर्घटना तथा अकाल मृत्यु की स्थिति में परिजनों को वित्तीय सुरक्षा और समर्थन प्रदान करना है, लेकिन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी बढ़ाने से आम लोगों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा इसलिए जीएसटी बढाने का फैसला वापस लिया जाना चाहिए। कर्मचारी संगठन ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों में 20,000 से अधिक पद रिक्त हैं और कर्मचारियों की कमी के कारण प्रबंधन संचालन में कठिनाइयों का हवाला देकर कई कार्यालयों को बंद कर चुका है, लेकिन नियुक्तियां नहीं की जा रही है। उनका कहना था कि यदि प्रबंधन नियुक्तियां नहीं करता है तो कंपनियां प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और अन्य सामाजिक योजनाओं को पूरा करने के अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकेंगी।

# दिल्ली मेट्रो ने की सुरक्षा जांच में सहयोग करने और समय से पहले स्टेशन पहुंचने की अपील

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यात्रा को सुगम बनाने के लिए यात्रियों से सुरक्षा जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करने और समय से पहले मेट्रो स्टेशनों पर पहुंचने की अपील की है।

डीएमआरसी ने कहा कि 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशनों पर मंगलवार से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी जाएगी, जिसके कारण स्वतंत्रता दिवस तक कुछ मेट्रो स्टेशनों पर





पीक ऑवर्स के दौरान लंबी कतारें लग सकती हैं। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, '15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने के मद्देनजर मेट्रो स्टेशनों पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा यात्रियों की सुरक्षा जांच और भी तेज कर दी जाएगी। इसके कारण स्वतंत्रता दिवस तक कुछ मेट्रो स्टेशनों पर खासकर पीक ऑवर्स के दौरान लंबी कतारें लग सकती हैं। इसलिए, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं और इन दिनों में अपने सफर के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करें।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति की बैठक में बंगलादेश की स्थिति पर चर्चा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की सोमवार देर शाम हुई बैठक में पड़ोसी देश बंगलादेश में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम और प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने के बाद उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने देर रात बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उनके आवास पर सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बंगलादेश के राजनीतिक घटनाक्रम और इसके बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी गई।

बैठक में श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री जयशंकर,



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# भारत ने बंगलादेश के लिए रेलसेवाओं को रद्द किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बंगलादेश में हिंसक आंदोलन के बीच हुये तख्तापलट के बाद हालात की संवेदनशीलता को देखते हुये कोलकाता से ढाका एवं खुलना के लिये चलने वाली चारों यात्री ट्रेन सेवायें और मालगाड़ियों का परिचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है।

रेलवे के सूत्रों के अनुसार कोलकाता से - मंगलवार एवं शुक्रवार और ढाका से - बुधवार एवं शनिवार को चलने वाली 13109/13110 कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस, कोलकाता से - शनिवार, सोमवार, बुधवार और ढाका से - शुक्रवार, रविवार, मंगलवार को चलने वाली 13107/13108 ढाका-कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस, कोलकाता से - गुरुवार एवं रविवार और खुलना से - गुरुवार एवं रविवार को चलने वाली 13129/13130 ??कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस तथा ढाका- न्यू जलपाईगुड़ी- ढाका 13131/13132 मिताली एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि माल ढुलाई परिचालन को भी रोक दिया गया है। इस समय बंगलादेश में भारतीय रेलवे के 168 लोडेड वैगन 187 खाली वैगन हैं। इसके अलावा बंगलादेश के लिये आठ लोडेड रेक भारत में रोके गये हैं।

# दुग्ध, मछली उत्पादन में भारत बना दुनिया का अगुवा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश ने बीते 10 वर्षों में दुग्ध उत्पादन तथा मछली पालन के क्षेत्र में कई गुनी वृद्धि की है और निर्यात भी बढ़ा है।

केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन (लल्लन सिंह) ने लोकसभा में आम बजट 2024-25 में अपने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मत्स्य उत्पादन की नीली क्रांति के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्रप्रदेश सहित सभी तटवर्ती राज्यों को भरपूर सहायता दी है। उन्होंने इन राज्यों को दी जाने वाली सहायता की राशि भी बतायी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ये सहायता दी जा रही है। श्री रंजन ने कहा कि देश में मवेशियों की संख्या भी बढ़ी है। गायों की संख्या 19.09 करोड़ से बढ़कर 19.30 करोड़ हुई है और भैंसों की



संख्या 10.8 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गयी है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के उद्योग में 8.2 करोड़ लोग जुड़े हैं जबकि पशुपालन एवं डेयरी उद्योग से 12 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। उन्होंने मछली उत्पादन के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत में मछली उत्पादन 95.7 लाख टन था जो अब 2023-24 में 174.45 लाख टन हो गया। मत्स्य उद्योग में निर्यात के आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि मछली का निर्यात वर्ष 2013-14 में 20213 करोड़ रुपए का था जो अब 60523 करोड़ रुपए का हो गया है।

उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि 7522.48 करोड़ रुपए वर्ष 2025-26 तक के लिए स्थापित किया गया है। इससे मछुआरों, उद्यमियों, सहकारी संस्थाओं को बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ऋण दिया जा रहा है। मछुआरों को 4.27 लाख किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 2477.95 करोड़ रुपए की मदद दी गयी है। इसके अलावा उन्हें दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है।

## भाई की हत्या का बदला लेने के लिए की थी हत्या, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में भाई की हत्या का बदला लेने के लिये आरोपितों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपकर एक आरोपित सनी को गिरफ्तार किया है। जबकि बाकी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार शाम साढ़े चार बजे के-1 संगम विहार इलाके में लकी उर्फ पवन कुमार नामक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पवन सड़क पर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। पवन को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। पवन परिवार के साथ मंगल बाजार रोड, संगम विहार में रहता था। पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को कब्जे में लिया।

# खंडेलवाल ने एमसीडी में एल्डरमैन की नियुक्ति वाले फैसले का किया स्वागत

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का स्वागत किया है, जिसमें उपराज्यपाल के दिल्ली नगर निगम में व्यक्तियों को एल्डरमैन के रूप में नामित करने के निर्णय को मान्यता दी गई है।

खंडेलवाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय उप-राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों को मान्यता देता है, जो नगर निगम के संचालन में सुशासन और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांतों को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम की स्थायी समिति गठित करने में कोई देरी नहीं होनी चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय उप-राज्यपाल की कार्रवाइयों की कानूनी और प्रशासनिक सच्चाई का प्रमाण है।भाजपा सांसद ने कहा कि एमसीडी में एल्डरमैन के नामांकन की पुष्टि करके सुप्रीम कोर्ट ने सुनिश्चित किया है कि अनुभवी व्यक्तियों का हमारे शहर के नगर निगम मामलों के प्रबंधन और विकास में योगदान होगा।

उन्होंने कहा कि कोर्ट का यह कदम नगर निगम की शासन संरचना को मजबूत करेगा, जिससे दिल्ली के निवासियों के लिए बेहतर सेवा वितरण और नागरिक प्रबंधन सुगम होगा। खंडेलवाल ने आगे कहा कि ये निर्णय न केवल उपराज्यपाल के अधिकार का समर्थन करता है, बल्कि नगर प्रशासन में सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व को भी उजागर करता है। क्योंकि नामांकित एल्डरमैन अपने अनुभव और समर्पण को अपनी भूमिकाओं में लाएंगे, जिससे दिल्ली की नागरिक समस्याएं और प्रभावी तरीके से सुलझेंगी। उन्होंने आगे कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का ये निर्णय कानून के शासन को बनाए रखेगा और पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल शासन सुनिश्चित करेगा।


**Name Change**
I hitherto Known as Suneeta D/o Harishchandra R/o Hasanpur Jagir, Sikandrabad, Bulandshahr, Uttar Pradesh-203205 Have Changed My Name and shall hereafter be known as Seema.

**Name Change**
I, ANANDAN PILLAI K Father of No. 15730998W Rank-NK Name-ARUN A K Presently residing at KOKKAPALLIL HOUSE, VILL-ERA-MALLIKKARA, PO-THIRUVAN-VANDOOR, TEH-CHENGANNUR, DIST-ALAPPUZHA, KERALA-689109 have changed my name from ANANDAN PILLAI K to ANANDAN NAIR K for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, GAWANDE DIKSHAASHISH Wife of No. 4586767P Rank-NK Name-GAWANDE ASHISH BANDUBHAU Presently residing at VILL-NARSINGHPUR, PO-NANDED KHURD, DISTT-AMRAWATI, MAHARASHTRA-444802 have changed my name from GAWANDE DIKSHA ASHISH to DIKSHA ASHISH GAWANDE for all future purposes vide Affidavit Dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I BABITA DEVI D/O RAM DAHIN THAKUR W/O Chitranjan kumar Mishra R/O 416/20, LAXMI VIHAR VILLAGE - BURARI, NCT OF DELHI-110084 ,declare that the name of mine and my husband has been wrongly written as Jyoti and Manish kumar in my adhar card no 32 84 76 03 4813, the actual name of mine and my husband are BABITA DEVI and CHITRANJAN KUMAR MISHRA respectively which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, No. 16119882Y Rank-NK Name-RAVINDRA ISHWAR KALASANNAVAR Presently residing at VILL-BALOBAL, PO-BEERANGADDI, TQ-GOKAK, DIST-BELGAUM, KARNATAKA-591307 have changed my mother's name from SAVITRI to SAVITRI ISHWAR KALASANNAVAR for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, MAYA EP Mother of No. 16126781N Rank-HAV Name-ANEESH K Presently residing at KUDIKKA-PARAMBATH HOUSE, MANALAYA, ANAMANGAD, MALAPPURAM, KERALA-679357 have changed my name from MAYA EP to MAYA for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, No. 16119882Y Rank-NK Name-RAVINDRA ISHWAR KALASANNAVAR Presently residing at VILL-BALOBAL, PO-BEERANGADDI, TQ-GOKAK, DIST-BELGAUM, KARNATAKA-591307 have changed my father's name from ISHWAR to ISHWAR MALLAPPA KALASANNAVAR for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, DHANWATI Mother of JC-344659F Rank-NB/SUB Name-SUSHIL KUMAR R/O SOTHA, TEH-BARWALA, DISTT-HISAR, HARYANA-125039, have changed my name from DHANWATI to LILO for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 07/03/1972 instead of my correct date of birth as 04/08/1957 vide affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Nitin Thukral, S/O Rakesh Kumar,R/O134 E-BLOCK, PHASE-1, Jaivihar, PO: Najafgarh, South West Delhi, Delhi, 110043, declare that name of my father has been wrongly written RAKESH THUKRAL in my 10th and 12th class educational document, The actual name of my father is RAKESH KUMAR, respectively which may be amended accordingly.

**Name Change**
I hitherto known as Anna Suhati kumari D/O: Ramchandar Turn, BHANDAR TOLI, VILL-SOGRA PS-SIMDEGA, Sikariadanr, Simdega, Sikariatand, Jharkhand, 835228, Present adress- HNo -24/55 , Gali no -3 , Tugalkabad, delhi, 110019.have changed my name and shall hereafter be known as Riya Gupta.

**Name Change**
I, No. 15417762K Rank-HAV Name-DHARMENDRA KUMAR SINGH Residing at VILL-SINGHPUR, PO-PIPRAICHA, TEHSIL-HATA, DISTT-KUSHI NAGAR, U.P-274203 have changed my mother's name from SHANTI DEVI to SHANTI for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1953 instead of her correct date of birth as 01/01/1953 vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, MUNESH DEVI Wife of JC-705954F Rank-SUB Name-SUNIL KUMAR, R/o VILL-GOMLA, PO-BHOJAWAS, TEHSIL-KANINA, DISTT-MAHENDERGARH, HARYANA-123034 have changed my name from MUNESH DEVI to MUNESH for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, Vishal S/o- Ravinder R/o Samchana(28), Rohtak, Haryana -124404 have changed my name from Vishal to Vishal Punia for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
Public at large is hereby informed that my client Sh. Angad Upadhyay, S/o Sh. Ashok Upadhyay R/o RZF-1138, R/S, 1st Floor, Lohiya Marg, Raj Nagar Part 02, Palam Colony, South West Delhi, Delhi-110077 have severed all his relations with his younger brother namely Sh. Anup Upadhyay S/o Sh. Ashok Upadhyay and have disowned him from all his moveable and immovable properties, as he is not under the control of my above said client. Any person dealing with the above said Anup Upadhyay, shall be doing so at his/her/their own risks and responsibilities and my client shall not be responsible for his act(s), deed(s) and misdeed(s).
**DINESH KUMAR MEENA Advocate**
CH. NO. 752, DWARKA COURTS, SEC-10, NEW DELHI-75
Mob.7503276002

**PUBLIC NOTICE**
It is informs to the general public, that my client Hem Raj S/o Chet Ram, R/o Pandwala Khurd, Delhi-43 severed all the relations with his wife Arti, (Age-31 year) as she develop illicit relations with Rinku S/o Sube Singh, R/o Jind, Haryana and deserted from her matrimonial house and now she is living with him as his illegal wife, my client logged her missing report as DD No. 42-A, dated 30.08.2023 in PS Chhawla, Delhi, if any person have any concerned with her, the same shall be entirely at their own risk, cost and consequences and my client shall not be liable in any manner or respect.
**ASHOK Kr TANWAR ADVOCATE**
CHAMBER NO.613, DWARKA COURTS COMPLEX, SECTOR-10, DWARKA, NEW DELHI-110075.

**PUBLIC NOTICE**
General Public is hereby informed that my client Smt. Sunita Devi W/o Rajbir Singh House No-C-49,A BLOCK, PHASE-1 GOYLA DAIRY, QUTUB VIHAR, South West Delhi, New Delhi, 110071 has disowned/debarred her all relations with her real son namely Sunil Pal S/o Rajbir Singh (having UID no 58887832 1920) & his wife Smt. Kamlesh w/o Sunil Pal from her movable and immovable self-acquired properties/assets from them, if anybody deals with them shall do so with their own costs, risks and consequences for any acts and deeds whatsoever.
**Rahul Yadav Advocate**
CH NO.741, LAWYERS CHAMBERS BLOCK, DWARKA COURTS COMPLEX, NEW DELHI-110075
MOB: 8802415178

**Name Change**
I, NIMDIKI TAMANG is legally mother of No. 13768927M Rank-HAV, Name- WANGDUP TAMANG R/o VILL-MIM TE LINE DHURA, PO-SUKHIA POKHARI, TEH-DARJEELING, DIST- DARJEELING (WB)-734221 have changed my name from NIMDIKI TAMANG to NIMDIKI SHERPA TAMANG for all future purposes. Vide affidavit dated 05/08/2024 before Notary Public New Delhi.

**Name Change**
I, No. 15417762K Rank-HAV Name-DHARMENDRA KUMAR SINGH Residing at VILL-SINGHPUR, PO-PIPRAICHA, TEHSIL-HATA, DISTT-KUSHI NAGAR, U.P-274203 have changed my father's name from RAMA KSHAIBAR SINGH to AKSHAYVAR for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1948 instead of his correct date of birth as 01/01/1965 vide Affidavit dated 06/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Lost and found**
I, Priyanka Pandey D/o Dharam Raj Pandey R/o BA-202,Shriram Suhaana Apartment Near BMS IT College, Harohalli, Attur, Bangalore North, Bengaluru, Karnataka-560064, Have lost my Original Post Graduation Diploma Of Business Management From IMT Distance & Open Learning Institute Of Ghaziabad, Enrollment No 22101008 Session July 2002, missing my Documents at Sector -4 Market, Dwarka, Delhi, Already Online Police Report Submit LR No:2004015/2024 missing at Dwarka, Delhi

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्री ब्रह्मजीत सिंह ग्राम सिहानी परगना लोनी तहसील और जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा नंबर 86 में से 120 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड आवासीय निर्मित घर क्षेत्र के मालिक हैं। सद्गुण द्वारा, बिक्री विलेख दिनांक 10.05.2024 दस्तावेज़ संख्या 5633, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 11072 पृष्ठ संख्या 31–60 एसआर–जीजेडबी–वी। आज तक और अपना मूल विक्रय पत्र दिनांक 18.06.2007 को दस्तावेज़ संख्या 6223, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 4315 पृष्ठ संख्या 32–42 एसआर–जीजेडबी–III के रूप में खो दिया है/गुम कर दिया है। इसे श्रीमती इमरती पत्नी श्री नानक चंद के पक्ष में निष्पादित किया गया था, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और इसे होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड शाखा वैशाली गाजियाबाद द्वारा वित्तपोषित किया गया है उत्तर प्रदेश।यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**Name Change**
I hitherto known as Deepak Kumar alias Deep Chand S/O Phool Singh, R/O House NO-F-2, Khasra NO-736, Swami Shradhanand Park, Bhalswa Dairy, North West Delhi, Delhi-110042 ,have changed my name and shall hereafter be known as DEEP CHAND.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक (1) पवन मित्तल एंड संस (एचयूएफ) अपने कर्ता श्री पवन मित्तल (75% शेयर वाले) और (2) श्री जय बंसल (25% शेयर वाले) के माध्यम से लीजहोल्ड आवासीय संपत्ति असर संख्या XV/1770, क्षेत्रफल मापने के मालिक हैं 166 283 वर्ग गज, खसरा संख्या 435 में से, प्रताप स्ट्रीट, चूना मंडी, पहाड़ गंज, नई दिल्ली में स्थित – 110055। सदाचार द्वारा, बिक्री विलेख दिनांक 29.11.2022, दस्तावेज संख्या 11249, खंड संख्या 19686, पुस्तक संख्या 1 के अनुसार, पृष्ठ संख्या 171–184, एसआर–III, नई दिल्ली। नीचे उल्लिखित दस्तावेजों की श्रृंखला में दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं यानी (1) स्वर्गीय श्री जगदीश सिंह बावा की एसएमसी, (2) स्वर्गीय श्री धर्म पाल सिंह बावा की एसएमसी, (3) प्रोबेट ऑर्डर ऑफ रजि. वसीयत दिनांक 25.03.2019, (4) स्वर्गीय श्री राजिंदर सिंह बावा की एसएमसी, (5) प्रोबेट ऑर्डर ऑफ रजि. वसीयत दिनांक 01.08.2017 अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल भी श्री हरदीप सिंह नाम से बिकने जा रही है और इसे टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड उत्तम नगर नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**Name Change**
I, Rizwan S/o Mohd Islam R/o B-287, Chungi No.2, Lal Kuan, Badarpur, Jaitpur, Delhi-110044 have changed my name to Mohd Rizwan.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को उक्त प्लॉट नंबर 16, ब्लॉक–एम, भद्रबाद मार्ग योगना तृतीय चरण शिवालिक नगर परगना ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखंड को वित्तपोषित किया गया था। ऋण संख्या 00000481 के साथ, हिरासत में (1) मूल बिक्री विलेख दिनांक 22.12.2006 श्री मनोज डुमरा और श्रीमती शशि डुमरा के पक्ष में, (2) मूल बिक्री विलेख दिनांक 23.10.2006 श्री सुदेश मल्होत्रा के पक्ष में, (3) मूल विक्रय विलेख 06.01.2005 श्रीमती कौशल्या देवी के पक्ष में, (4) मूल विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2004 श्री त्रिलोक चंद सिंघल के पक्ष में, (5) मूल विक्रय विलेख दिनांक 06.05.1998 श्री सुधीर प्रकाश सक्सैना के पक्ष में, ( 6) मूल बिक्री विलेख दिनांक 12.08.1997 श्री राजीव लोचन के पक्ष में, (7) मूल जीपीए दिनांक 17.04.2003 श्री जे. के. सिंघल के पक्ष में और (8) मूल कब्ज़ा प्रमाणपत्र दिनांक 21.08.1997 श्री के पक्ष में। राजीव लोचन भट्ट और श्रीमती शशि बाला द्वारा पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जमा किए गए थे, दस्तावेज़ पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के कब्जे से खो गए थे और ऑनलाइन एफआईआर संदर्भ संख्या – एलआर संख्या 2004158/2024 पहले से ही पीरामल कैपिटल और द्वारा दर्ज की गई थी दिनांक 06.08.2024 को हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पी.एस. क्राइम ब्रांच दिल्ली और किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के दस्तावेज मिले/प्राप्त हुए तो उन्हें पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ब्रांच नोएडा–16 उत्तर प्रदेश या अंडरराइटिंग एडवोकेट को सूचित किया जाना चाहिए।।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

## गौ सम्मेलन में पहुंचे सीएम सैनी, बोले - गौ की रक्षा के लिए कड़े कानून बनाएंगे

एजेंसी
**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि देश में आदिकाल से गाय पूजनीय है। इसमें सभी देवी-देवताओं का वास होता है। देवताओं और असुरों के किये समुद्र मंथन में निकले 14 रत्नों में एक कामधेनु गाय भी है। गाय का किसी न किसी रूप में धर्म ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। वेदों में भी इसका वर्णन मिलता है। पंचकूला में आयोजित गौ सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया गया है। डायबिटीज के रोग में उपचार के लिए इसका दूध अत्यंत लाभकारी है। गाय का गोबर भारतीय चिकित्सा पद्धति के अनुसार, बड़ा उपयोगी माना गया है। गाय किसानों की आजीविका का मुख्य साधन भी है।

उन्होंने कहा कि बदलते इस समय में समाज की सोच में बदलाव आया है। गाय माता उपेक्षित होकर गली-गली में भटकने को मजबूर हो गई हैं। गौ माता के सम्मान में फिर से एकजुट होने की जरूरत है। गौ सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने कड़े कानून बनाए हैं। गौ हत्या करने वाले पर 10 साल की कैद के साथ एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया। गौ तस्करी करने वाले अपराधियों को सात साल कैद और 70 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया।

## खनन विभाग के अधिकारियों को भी मिलेगी चालान करने की पावर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993 के तहत चालान करने की शक्ति प्रदान करने के संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अब खनन अधिकारी या इससे उच्च रैंक के अधिकारियों के पास खनन सामग्री ले जाने वाले मालवाहक वाहनों के चालान करने का अधिकार होगा।

हरियाणा राज्य में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों को लागू करने के लिए, हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993 के नियम 225 के तहत स्थापित मोटर वाहन विभाग को खनन विभाग के अधिकारियों, जो खनन अधिकारी के पद से नीचे के न हों, को चालान करने की शक्तियां देकर पुनर्गठित किया जाना आवश्यक है। मोटर वाहन विभाग के पुनर्गठन से विभाग द्वारा जांच की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी तथा उक्त अधिनियम के प्रावधानों को राज्य में अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। तदनुसार, हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993 के नियम 225 और 226 में संशोधन किया गया है।

## सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के लिए पेंशन व पारिवारिक पेंशन में संशोधन मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) के अनुसार हरियाणा सरकार के सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की पेंशन, पारिवारिक पेंशन (2016 से पूर्व और 2016 के बाद) में संशोधन को स्वीकृति दे दी गई। इस संशोधन के अनुसार अब वर्ष 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के लिए, मौजूदा मूल पेंशन, पारिवारिक पेंशन (31 दिसंबर 2015 तक) को 2.81 के कारक से गुणा करके संशोधित किया जाएगा। वैकल्पिक रूप से, हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक शाखा) और हरियाणा वरिष्ठ न्यायिक सेवा पुनरीक्षित वेतन नियम, 2023 की फिटमेंट तालिका के अनुसार उनके वेतन को नोशनली निर्धारित करके पेंशन/पारिवारिक पेंशन को संशोधित किया जा सकता है। वर्ष 2016 के बाद सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के लिए, पेंशन गणना हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2016 के नियम 34 के प्रावधानों के तहत होगी। इसके अलावा, समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार पेंशन, पारिवारिक पेंशन की अतिरिक्त राशि पर महंगाई राहत स्वीकार्य होगी। मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये होगी, जब भी महंगाई भत्ते में वृद्धि होगी, मूल वेतन का 50 प्रतिशत बढ़ेगा और ग्रेच्युटी की सीमा में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।

## मुख्यमंत्री जल्द ही रानियां में रैली कर उपमंडल का दर्जा देगें: शीशपाल राणा

**सिरसा।** बार एसोसिएशन द्वारा रानियां तहसील को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना मुख्यमंत्री के संदेशवाहक के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा आश्वासन के बाद 20वें दिन समाप्त हो गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज अपने पदाधिकारियों के साथ बार एसोसिएशन रानियां के धरने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेशवाहक के रूप में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने हमें कहा है कि वे रानियां को उपमंडल बनाने की मांग को कमेटी में भेजेंगे। शीघ्र ही रानियां में आयोजित होने वाली जनसभा में रानियां को उपमंडल बनाने की घोषणा करेंगे। इस अवसर बार एसोसिएशन के प्रधान अमर के बांगा ने कहा कि सभी मापदंड पूरे किए जाने वाली रानियां तहसील को उपमंडल का दर्जा दिलवाने के लिए बार एसोसिएशन के सदस्य पिछली 17 जुलाई से धरने पर हैं। धरने के दौरान उन्हें अनेक समाजिक,राजनैतिक व धार्मिक संगठनों का समर्थन हासिल हुआ। वहीं बार द्वारा व्यापार मंडल के सहयोग से दुकानदार व व्यापारी भाईयों द्वारा एक दिन अपने प्रतिष्ठान बंद किये गए। इसके अलावा बार प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपमंडल कमेटी के अध्यक्ष कंवरपाल गुर्जर से जगाधरी में मुलाकात कर अपनी मांग सौंपी। वहीं बीते शनिवार को जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज व जगदीश चोपड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह के आवास चंडीगढ में उनसे मुलाकात कर रानियां को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग रखी।

# किसानों से वापस होंगे आबियाना वसूली के नोटिस

## 10 नई फसलों को एमएसपी पर खरीदने की मंजूरी

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों को एक और बड़ी राहत देते हुए आबियाना वसूली के नोटिस भी वापस लेने का फैसला किया है। आबियाना माफी योजना को एक अप्रैल से लागू करने का फैसला लिया गया है। चंडीगढ़ में मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। इस संबंध में रविवार को कुरुक्षेत्र में हुई रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था। कुरुक्षेत्र रैली में की गई घोषणाओं के संबंध में अधिकारियों ने आज मंत्रिमंडल की बैठक में विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें मामूली बदलाव के बाद मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में करीब 24 फसलों की पैदावार होती है। अभी तक सरकार दस फसलों को एमएसपी पर खरीद रही थी। अब इसमें रागी,सोयाबीन, नाइजर सीड, काला तिल, जूट, जौ, मक्का, ज्वार, खोपरा, मूंग आदि समेत दस फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाएगा।



उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में आबियाना माफी की घोषणा की गई थी। आज इसमें कुछ और विषयों को जोड़कर कैबिनेट की मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में आबियाना माफी योजना एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी। इस बीच जिन किसानों को आबियाना वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं, उनसे नोटिस वापस लिये जाएंगे। इस संबंध में अधिकारियों को मंगलवार को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा जो किसान एक अप्रैल 2024 के बाद आबियाना राशि जमा करवा चुके हैं उन्हें उनकी राशि लौटाई जाएगी। इससे किसानों को करीब 54 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंत्रिमंडल की बैठक में सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद को मंजूरी प्रदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब का बजट व क्षेत्रफल हरियाणा के मुकाबले बड़ा है। पंजाब भी आगे बढ़कर किसानों की मदद करते हुए फसलों को एमएसपी पर खरीदने का फैसला करे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि हरियाणा में किसानों को भड़काने वाले कांग्रेसी बताएं कि हिमाचल प्रदेश व केरल में कितनी फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है।

# एमएसपी मुद्दा : हरियाणा में भाजपा के मास्टरस्ट्रोक से विपक्षी दल चित्त

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब 24 फसलों की खरीद एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर होगी। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। जिसका असर तीन महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव में साफ तौर से नजर आएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित विजय शंखनाद रैली में इसका एलान किया तो विपक्ष अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लग गया। एमएसपी ऐसा मुद्दा था, जिसे साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल अपनी समझदारी से विपक्ष के हाथों से छिनने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार से कदमताल करते हुए अपने साढ़े 9 साल के शासन में कांग्रेस और इनेलो को विधानसभा के अंदर और सड़कों पर इस मुद्दे पर बैकफुट पर रखा। उन्होंने एमएसपी पर बजाय शोर मचाने के बेहद संजीदगी से काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने नवंबर 2023 में गन्ने के एमएसपी को 372 से बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया था। साथ ही 2024



के लिए भी गन्ने का एमएसपी 386 से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हुई। इतना ही नही फरवरी 2024 में बजट पेश करते हुए मनोहर लाल ने किसानों के कृषि ऋृण पर ब्याज और लघु माफ करने की घोषणा कर दी। उनका इरादा किसानों को हर लिहाज से आर्थिक तौर पर मजबूत करना था। जिसे पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने भी सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है। किरण चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में किसानों के मसलों पर रणनीति का हिस्सा रही है और अब मनोहरलाल से प्रभावित होकर भाजपा में आ चुकी है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि अप्रैल 2021 में भी मनोहरलाल ने किसानों के प्रति बड़ा दिल दिखाते हुए 10,769 किसानों को एक दिन की देरी से किए भुगतान पर ब्याज के रूप में 7,80,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया। साथ ही एलान किया की फसल खरीद का 72 घंटे में भुगतान न होने पर 9 फीसदी ब्याज मिलेगा। यह देश की पहली सरकार थी जिसने इस तरह का कदम उठाया है। वर्तमान में मनोहर लाल केंद्रीय मंत्री है लेकिन उनकी किसानों के प्रति भावनात्मक सोच को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 24 फसलों पर एमएसपी का एलान करके मजबूत कर दिया है। मुख्यमंत्री पद छोड़ने से पहले मनोहरलाल किसान संगठनों के साथ मिलकर 10 ओर अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद को लेकर काफी चर्चाए कर चुके थे। 14 फसलों पर उनकी सरकार पहले से एमएसपी पर खरीद करती आ रही है, जबकि उनके पड़ोसी राज्य पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में इतनी फसलों पर अभी तक एमएसपी नही है। कुल मिलाकर 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र की भूमि से सीएम नायब सिंह सैनी ने विजय शंखनाद रैली में 24 फसलों पर एमएसपी का एलान करके कांग्रेस, आप, इनेलो और जजपा की रणनीति को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। विपक्ष अब इसका क्या तोड़ निकालेगा यह देखने वाली बात होगी।

## किताबी ज्ञान के साथ नैतिक शिक्षा एवं संस्कार भी जरुरी: कविता जैन

एजेंसी
**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा है कि जीवन में सफलता के लिए सामान्य ज्ञान के साथ साथ नैतिक शिक्षा एवं संस्कार भी जरुरी है और युवा के मन में कभी भी हताशा एवं निराशा का भाव नहीं आना चाहिए। युवा को अपने लक्ष्य के पार्टीपूरी मेहनत, लग्न, धैर्य, अनुशासन रखना



चाहिए फिर लक्ष्य प्राप्त करेंगे। पूर्व मंत्री कविता जैन ने पुरखास अड्डा सिथत कार्यालय में साथी फाउंडेशन एवं नैतिक शिक्षा संस्कार समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करने के बाद व्यक्त किये। एक माह तक चली इस प्रतियोगिता में शहर के 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले 40 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर साथी फाउंडेशन के चेयरमैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि बच्चों में संस्कार पैदा करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन, महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए सिलाई, ब्यूटिशियन कोर्स चलाना तथा समाज की सेवा के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच शिविरों के आयोजहन किए गए है। नैतिक संस्कार समिति के अध्यक्ष सत्यवीर शास्त्री ने कहा कि समिति स्कूलों के बच्चे कच्ची मिटटी की तरह है और उनमे रोपित किये गए संस्कारों के बीज जल्द उपजते हैं। अमित, जयवीर गहलावत, आज़ाद सिंह, विनेश सैनी, ज्योति मालिक, अतुल कुमार, सुमन, कांता हुड्डा, किरण सैनी, सुनीता, संजीव दहिया, मास्टर सत्य नारायण, आरबी सिंह, नीलम वर्मा, सत्य प्रिय शामिल रहे। स्कूल के प्रधानाचार्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## आंगनवाड़ी हेल्पर और वर्कर्स की सभी मांगों को पूरा करेंगे: असीम गोयल

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि आंगनवाड़ी हेल्पर और वर्कर्स की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। आंगनवाडि़यों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की ओर से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

नन्यौला ने यह जानकारी विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त पी अमनीत कुमार, निदेशक मोनिका मलिक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी हेल्पर और वर्कर्स के प्रमोशन से संबंधित मुद्दे को जल्द से जल्द निपटाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किराए के भवनों में चल रही आंगनवाडियों के बकाया पेमेंट्स का शीघ्रता से भुगतान करें। उन्होंने यह भी कहा कि



खाना पकाने के लिए प्रयोग किए जा रहे गैस सिलेंडर और अन्य खाद्य पदार्थों में प्रयुक्त होने वाले मसालों आदि की खरीददारी का सरलीकरण करें ताकि आंगनवाड़ी वर्कर्स को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

असीम गोयल नन्यौला ने आंगनवाड़ी से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का वित्तीय बजट अभी तक केंद्र सरकार से नही आया है,उसके लिए चिट्ठी लिखकर फॉलोअप करें ताकि आंगनवाड़ी के सुचारू संचालन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विभागीय कार्यों के लिए होने वाली मीटिंग में आने-जाने के लिए हेल्पर, वर्कर्स तथा सुपरवाइजर्स के टीए, डीए से संबंधित शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कर्मचारियों की मांगों बारे सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन कर्मचारियों का बच्चों और महिलाओं के पोषण और सशक्त बनाने में अहम योगदान है, इसलिए इनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।

## हरियाणा के चार जिला अस्पतालों में शुरू हुए न्यूबोर्न केयर यूनिट्स

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सिविल अस्पताल, चरखी दादरी, फर्स्ट्ट रेफरल यूनिट-2, सेक्टर-3, फरीदाबाद, उप जिला अस्पताल, नरवाना, जिला जींद और उप जिला अस्पताल, सोहाना, जिला गुरुग्राम में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थापित 4 विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) का उद्घाटन किया।

डॉ कमल गुप्ता ने चण्डीगढ़ में अपने कार्यालय से चार जिलों में विशेष नवजात देखभाल इकाइयों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल भी उपस्थित थे। कमल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में पहले 24 एसएनसीयू थी, आज नए चार एसएनसीयू के उद्घाटन के बाद कुल 28 एसएनसीयू हो गए हैं, जो कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की शिशु मृत्यु दर



प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 है जो 2013 (एसआरएस 2013 के अनुसार आईएमआर-41) से 13 अंकों की उल्लेखनीय कमी आई है। नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 26 (एसआरएस 2013) से घटकर 19 (एसआरएस 2020) हो गई है। राज्य में एसएनसीयू, नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू) और एनबीसीसी के तेजी से बढने से नवजात मृत्यु दर में कमी आई है। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों में प्रति वर्ष बहुत अधिक संख्या में बीमार नवजात शिशु भर्ती होते हैं। भर्ती होने वाले कुल नवजात शिशुओं में से 50 प्रतिशत कम वजन के होते हैं। प्रत्येक एसएनसीयू बीमार नवजात को भर्ती, दवा, जांच, मां के लिए मुफ्त आहार, मुफ्त एम्बुलेंस सेवाओं के रूप में मुफ्त सेवाएं दी जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एसएनसीयू में इन नवजात शिशुओं को रेडिएंट वार्मर, फोटोथेरेपी, माइक्रो, अल्ट्रा केयर यूनिट, मल्टी पैरा मॉनिटर, ऑक्सीजन वितरण उपकरण आदि की मदद से विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। समय से पहले जन्मे नवजात शिशु, कम वजन वाले (एलबीडब्ल्यू) बच्चे, जन्म के समय श्वासावरोध, संक्रमण, नवजात पीलिया, जन्मजात विसंगतियों आदि से पीड़ित नवजात शिशुओं का इन एसएनसीयू में दाखिल किया जाता है।

## कांग्रेस का शासनकाल अराजकता तथा गरीबों का शोषण करने वाला रहा : बडोली

एजेंसी
**जींद।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कांग्रेस को खुला चैलेंज किया कि वह 2004 से 2014 के बीच के दस साल के अपने शासनकाल की कोई एक बड़ी उपलब्धि बताए। अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो प्रदेश की जनता उसकी लूटने वाली नीति के बारे में बहुत अच्छे से जानती है और जनता उसे दोबारा मौका नहीं देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार को पहली बार जींद पहुंचने पर जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। मोहन लाल बडोली जनसंपर्क आशीर्वाद अभियान में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने किसानों के बकाया 133 करोड रुपये के आबियाना (माल) को माफ करने के हरियाणा सरकार के फैसले को उन्होंने ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र की भूमि से विस चुनाव का शंखनाद करने का



काम किया है। पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए उन्होंने कहा कि 11 से 14 अगस्त तक भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे प्रदेश में सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालने का काम करेगा। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस मनाया जाएगा और लोगों को विभाजन से हुए नुकसानों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस का राज था। जो पूरी तरह से अराजकता से भरा हुआ था और गरीबों का शोषण हो रहा था। हर व्यक्ति जानता है, कि इन दस सालों में नौकरियां किस प्रकार से मिलती थी। मिर्चपुर और गोहाना में जो कांड हुए उन्हें जनता नही भूल सकती। वर्ग विशेष को निशाना बनाकर उनके प्रतिष्ठानों को जलाने का काम किया गया। अब कांग्रेस दोबारा हरियाणा को लूटने की मंशा से मैदान में आ रही है। मोहनलाल बडोली ने स्पष्ट कहा है कि अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण को लेकर वर्गीकरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है। हरियाणा सरकार उसे लागू करने का काम करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में इसे पहले लागू कर दिया था।

## शिविर में 4935 शिकायतें, 3925 का हुआ समाधान

एजेंसी
**सोनीपत।** समाधान शिविर में अब तक 4935 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3925 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने आयोजित शिविर में 105 शिकायतें सुनीं और 9 का मौके पर समाधान किया। जिला और उप-मंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं



का त्वरित समाधान किया जा रहा है।उपायुक्त ने बाकी 96 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। 10 जून से अब तक कुल 4935 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3925 का मौके पर समाधान किया गया है। 880 शिकायतों को संबंधित विभागों में भेजा गया है और 130 शिकायतें रिजेक्ट की गई हैं। सभी शिकायतें पोर्टल पर अपलोड की जा रही हैं और उनकी वर्तमान स्थिति भी अपडेट की जा रही है। शिविर में आई अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर एक बेहतर मंच है जहां सभी अधिकारी एक छत के नीचे बैठकर लोगों की समस्याओं का निवारण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य नागरिकों को त्वरित समाधान प्रदान करना है और सरकारी सेवाओं तक आसानपहुंच सुनिश्चित करना है। समाधान शिविर में आए लोगों ने त्वरित समाधान पाने पर उपायुक्त का धन्यवाद किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद डॉ. सुशील कुमार, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एमएसपी पर सभी फसलें खरीदने की घोषणा ऐतिहासिक : डॉ. सतीश पूनिया

एजेंसी
**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार का सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय किसानों के हक में बड़ा फैसला है। सैनी का किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय इस बात को साबित करता है कि भाजपा ही अन्नदाताओं की सच्ची हितैषी पार्टी है। नायब सरकार के इस नायब फैसले से हरियाणा के किसान और समृद्ध होंगे, उन्हें नई ताकत मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था में सहायक बनेंगे।

प्रदेश प्रभारी पूनिया पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ. पूनिया ने कहा कि हिन्दुस्तान और हरियाणा के किसानों की सुध लेने का सबसे पहला काम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात देकर किया था। पूनिया ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है, जबकि भाजपा सभी वर्गों का समान रूप से विकास कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि भाजपा 10 वर्ष से अन्नदाताओं को सही मायने में समृद्ध बनाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री सैनी ने



किसानों के लिए जो बड़ी-बड़ी घोषणाएं की हैं, वास्तव में यह एक क्रांतिकारी कदम है। किसानों का 133 करोड़ रुपये माफ करना बहुत ही बड़ा कदम है। डॉ. पूनिया ने कहा कि जाति, पाति और मजहब से उपर उठकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी धर्मों के लोग बराबर लाभ उठा रहे हैं। देश के संसाधनों पर किसी एक का नहीं, बल्कि सभी वर्गों का समान अधिकार है। डॉ. पूनिया ने कहा कि भाजपा की समानता की राजनीति से विपक्ष के लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में भाजपा ने देश और प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कराया है, जिससे वोट की राजनीति करने वाली कांग्रेस परेशान है। पूनिया ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है यहां के लोगों ने मुगलों और अंग्रेजों के साथ संघर्ष किया है। कांग्रेस को हरियाणा ने जगह दी, लेकिन दिल में जगह नहीं दी और समय-समय पर बदलाव करके कांग्रेस को आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा को हरियाणा के किसानों का हित करने के लिए 10 वर्षों का समय मिला, लेकिन हुड्डा ने रोहतक के अलावा कुछ दिखाई नहीं दिया। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि भाजपा ने ओबीसी वर्ग से सामान्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया, ऐसी हिम्मत क्या राहुल गांधी कर कसते हैं।

# ''अब सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा'' - अनिल विज

एजेंसी
**चण्डीगढ।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा पहला राज्य बन गया है जहां पर अब सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही बडी बात है क्योंकि वर्तमान सरकार किसान हितैषी है और राज्य सरकार ने साबित कर दिया है कि सरकार किसानों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अबियाना भी माफ किया है और हरियाणा की राजनीति में यह बहुत ही बडा कदम है। विज आज पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी के सरकार के डर जाने को लेकर दिए गए ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर आदमी अपने-अपने नजरीए से सोचता है, चढ़ूनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के फैसले का स्वागत किया है, ये भी बहुत ही बडी बात है क्योंकि वर्तमान सरकार किसान हितैषी है और किसानों के लिए फैसले उठाती है तथा पहले भी बहुत से कदम उठाए हैं। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुडडा अपने आपको किसान हितैषी बताते हैं और हमने उनकी सरकार के समय में दो-दो रूपए के मुआवजे बांटते हुए देखा है जबकि हमारी वर्तमान सरकार ने लाखों-करोडों रूपए के मुआवजे बांटे हैं। विज ने कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुडा को झूठ व बेईमानी की दुकान बताते हुए कहा कि आजकल ये (भूपेन्द्र सिंह हुडडा) झूठे वायदे कर रहे हैं कि हम कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर देगें। उन्होंने सवाल खडा करते हुए कहा कि ठेकेदारी प्रथा किसने शुरू की, कर्मचारियों का शोषण किसने करवाया और किसने ठेके पर रखा। जबकि हमारी सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया ताकि कर्मचारियों का शोषण न हों और ठेकेदारी के बिचौलियापन को खत्म करने के लिए यह प्रणाली लागू की है। उन्होंने कहा कि समय आने पर हम इनको पक्का करने के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने भूपेन्द्र सिंह हुडडा पर पुनः प्रहार करते हुए कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुडडा खिलाडियों की बात करते हैं जब एशियाड खेलों में जो खिलाडी मैडल जीतकर आए थे, हुडडा जी ने उनको ईनाम नहीं दिए जबकि उन खिलाडियों को ईनाम खेल मंत्री बनने के बाद मैने दिए। इसलिए इनको कोई भी हक बोलने का नहीं है। ये सारा दिन लोगों को झूठ पिलाते हैं लेकिन हरियाणा की जनता इनकी वास्विकता को जानी है।

## एलआईसी का बांग्लादेश कार्यालय 7 अगस्त तक बंद रहेगा



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों तथा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच जारी झड़पों के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बांग्लादेश कार्यालय 7 अगस्त तक बंद रखने का फैसला लिया है। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बांग्लादेश में मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक स्थिति की वजह से एलआईसी बांग्लादेश लिमिटेड का कार्यालय 5 अगस्त से लेकर सात अगस्त तक बंद रहेगा। बॉम्बे ?टॉक एक?सचेंज (बीएसई) पर एलआईसी का शेयर पिछले बंद भाव के मुकाबले 6.10 फीसदी फिसलकर 1,110 रुपये पर बंद हुआ।

## चालू वित्त वर्ष में 7.2फीसदी तक रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7 से 7.2 फीसदी तक बढ़ सकती है। डेलॉय ने एक रिपोर्ट में कहा, मजबूत अर्थव्यवस्था व नीतियों में लगातार सुधार से जीडीपी मजबूत बनी रहेगी। डेलॉय ने कहा, कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने और विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच की चुनौती को हल करने की दिशा में बजट में कई पहल की गई हैं। साथ ही, आपूर्ति की मांग में सुधार, महंगाई पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। पश्चिमी केंद्रीय बैंकों की आसान मौद्रिक नीति से वैश्विक तरलता में सुधार से पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी।

## एएमसी को फ्रंट रनिंग रोकने के लिए बनाने होंगे नियम

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड की एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) से कहा है कि वे प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग व भेदिया कारोबार की पहचान करने के साथ ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करें। साथ ही, व्हिसलब्लोअर तंत्र भी बनाएं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस संबंध में म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन किया है, जो एक नवंबर से लागू होंगे। यह निर्णय एक्सिस एएमसी और एलआईसी से जुड़े फ्रंट-रनिंग मामलों के संबंध में दो आदेश पारित करने के बाद आया है। इसके तहत एएमसी के एमडी-सीईओ या वरिष्ठ अधिकारी ऐसे तंत्रों को अमल में लाने के लिए जिम्मेदार होंगे।?

## गूगलपे व अन्य कंपनियां डिजिटल मुद्रा पायलट में

**मुंबई।** गूगलपे, फोनपे, क्रेड, मोबिक्विक और अमेजन पे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिजिटल मुद्रा पायलट में शामिल होना चाहती हैं। केंद्रीय बैंक ने दिसंबर, 2022 में भौतिक मुद्रा के डिजिटल विकल्प ई-रुपये के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था।

## हेस्टर बायो का राजस्व 82 करोड़ रुपये

**मुंबई।** शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हेस्टर बायोसाइंसेस का राजस्व अप्रैल-जून तिमाही में 82 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है। कंपनी ने बताया, शुद्ध मुनाफा इस अवधि के दौरान 9 फीसदी बढ़ा है। हेस्टर ने वैक्सीन, डेयरी क्षेत्र और अन्य सेगमेंट में अच्छी वृद्धि की।

## महत्वपूर्ण उद्योगों के लिए भारी धातुओं के भंडार की आवश्यकता

**नई दिल्ली।** भारत में भारी धातुओं और महत्वपूर्ण खनिजों के कुछ भंडार हैं, जो ली-आयन बैटरी, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और कंप्यूटिंग जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, ये भंडार किस हद तक महत्वपूर्ण और वित्तीय रूप से व्यवहार्य हैं, यह भिन्न-भिन्न है। ये भंडार देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जहां पहुंच और निष्कर्षण व्यवहार्यता के स्तर भिन्न-भिन्न हैं। लिथियम - भारत ने कर्नाटक और जम्मू एवं कश्मीर में लिथियम भंडार की खोज की है।

कोबाल्ट और निकेल - कोबाल्ट और निकेल आम तौर पर तांबे के अयस्कों के साथ पाए जाते हैं। ओडिशा और झारखंड में इनके छोटे भंडार मौजूद हैं। भारत के भंडार अपेक्षाकृत मामूली हैं।

# भारती एयरटेल का मुनाफा ढाई गुना बढ़कर 4,160 करोड़ रुपये

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा 2.5 गुना से अधिक बढ़कर 4,160 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1,612.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। भारतीय एयरटेल ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय भी 38,506.4 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 37,440 करोड़ रुपये से 2.8 फीसदी अधिक है। कंपनी के मुताबिक इस दौरान भारतीय कारोबार से प्राप्त राजस्व सालाना आधार पर




10.1 फीसदी बढ़कर 29,046 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा अप्रैल-जून तिमाही में भारती एयरटेल का प्रति उपयोगकर्ता मोबाइल औसत राजस्व (एआरपीयू) भारत में बढ़कर 211 रुपये हो गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 200 रुपये रहा था।

# इंडिगो एयरलाइन नवंबर में 12 घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी 'बिजनेस क्लास' सर्विस

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बजट विमानन सेवा कंपनी इंडिगो एयरलाइनंस नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में 'बिजनेस क्लास' सीट की सर्विस शुरू करेगी। इसकी बुकिंग मंगलवार से होगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने एयरलाइंस की उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरा होने मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्?होंने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर 'बिजनेस क्लास' सीट की सर्विस व्यस्ततम मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें राजधानी दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सात और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों




के लिए अपनी उड़ानें शुरू करेगी। फिलहाल टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा एयरलाइंस बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं मुहैया कराती हैं।

## सिडबी के अध्यक्ष मनोज मित्तल ने वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



(सीएमडी) मनोज मित्तल ने यहां संसद भवन में मुलाकात की। वित्?त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज मित्तल ने यहां संसद भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) 2 अप्रैल, 1990 को भारतीय संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित किया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के प्रचार, वित्त पोषण और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करता है।

# सोना 250 रुपये मजबूत हुआ, चांदी 1300 रुपये फिसली

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** आभूषण कारोबारियों की मांग बढ़ने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शनिवार को सोना पिछले सत्र में 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों का उठाव घटने से चांदी की कीमत 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 84,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी।

दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने का भाव 8.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,461.10 डॉलर



प्रति औंस पर चल रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, कॉमेक्स सोने में उतार-चढ़ाव भरा सत्र देखा गया और कारोबारियों ने शेयरों में भारी बिकवाली तथा पश्चिम एशिया के तनाव बढ़ने का आकलन किया। न्यूयॉर्क में चांदी का भाव भी गिरावट के साथ 27.47 डॉलर प्रति औंस रह गया। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना वायदा 309 रुपये या 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। सोने का अक्टूबर अनुबंध कारोबार के दौरान 69,453 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया था। इसके अलावा चांदी के सितंबर डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत एमसीएक्स पर 2,719 रुपये अथवा 3.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,774 रुपये प्रति किग्रा रह गई। कॉमेक्स में सोने की मजबूत शुरुआत हुई। हालांकि, जापानी येन और बैंक ऑफ जापान द्वारा ट्रिगर की गई घबराहट ने सोने में बिकवाली में योगदान दिया है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिकी ब्याज दरों में अभी भी वृद्धि के साथ, सोने को हाल ही में वृद्धि पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है। अमेरिका में ब्याज दरों में संभावित कटौती से सोने में लिवाली का दबाव बढ़ सकता है, खासकर तब जब अमेरिका के हालिया आर्थिक आंकड़े मददगार नहीं रहे हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप सोने की कीमत दायरा 69,000 रुपये से 71,000 रुपये के बीच रहने की संभावना है और आने वाले सत्रों में उतार-चढ़ाव की संभावना है।

## तीन करोड़ निवेशकों ने लगाए 27 हजार करोड़; वित्त मंत्री बोलीं- अब तक 138 करोड़ रुपये रिफंड हुए

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सहारा की कंपनियों में 3.07 करोड़ निवेशक हैं। इन्होंने 27,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अब तक 19,650 निवेशक ही रिफंड के लिए आगे आए हैं। इनमें से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। अब तक दावेदारों को 138.07 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं।

सीतारमण ने बताया कि सहारा समूह के संपूर्ण मामलों की निगरानी सुप्रीम कोर्ट की ओर से की जा रही है और सरकार शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने बताया कि यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए



आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। वह यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी और कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती, क्योंकि हर चीज पर सुप्रीम कोर्ट की नजर है। हम लगातार सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट कर रहे हैं।

## एमएसएमई में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** महिला उद्यमियों को लाभ पहुंचाने के लिए, वर्ष 2018 में सार्वजनिक खरीद नीति में संशोधन किया गया। इसके तहत केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों को अपनी वार्षिक खरीद का कम से कम 3 प्रतिशत महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से खरीदना अनिवार्य कर दिया गया है।

II. 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल शुरू किया गया, जो पूरी तरह से ऑनलाइन, कागज रहित और स्व-घोषणा पर आधारित है। पैन विवरण वाले लोग उद्यम पर पंजीकरण कर सकते हैं और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के लिए पात्र बन सकते हैं। ये लोग सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उद्यम पंजीकरण पोर्टल के तहत महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान नियमित रूप से चलाए जाते हैं।

वैसे अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) के लिए जिनके पास पैन नहीं है और जिन्हें जीएसटी से छूट दी गई है, उद्यम सहायता मंच (यूएपी) 11 जनवरी 2023 को शुरू किया गया था। यूएपी पर पंजीकृत 63 प्रतिशत से अधिक आईएमई महिलाओं के स्वामित्व में हैं।

IV. सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत, महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 01.12.2022 से निम्नलिखित दो प्रावधान शुरू किए गए हैं ताकि महिला उद्यमियों की मदद हो सके :

अन्य के लिए 75 प्रतिशत के मुकाबले 85 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज; और वार्षिक गारंटी शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट।

एमएसएमई मंत्रालय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) को भी क्रियान्वित करता है, जो ऋण से जुड़ा प्रमुख सब्सिडी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और ग्रामीण/शहरी बेरोजगार युवाओं की मदद करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है। पीएमईजीपी महिला लाभार्थियों को गैर-विशेष श्रेणी के लिए 25 प्रतिशत की तुलना में अधिक मार्जिन मनी सब्सिडी (35 प्रतिशत) प्रदान करता है। कुल पीएमईजीपी लाभार्थियों में से 39 प्रतिशत महिलाएं हैं।

VI. एमएसएमई मंत्रालय की खरीद और विपणन योजना (पीएमएस) भी घरेलू व्यापार मेलों में महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अन्य उद्यमियों के लिए 80 प्रतिशत सब्सिडी की तुलना में महिला उद्यमियों को अधिक सब्सिडी (100 प्रतिशत) प्रदान करती है।एमएसएमई मंत्रालय ने 18 ट्रेडों में लगी महिलाओं और पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों को अनेक लाभ प्रदान करने के लिए 17.09.2023 को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना शुरू की। इस योजना के तहत पंजीकृत कुल कारीगरों में महिला उद्यमियों की संख्या 75.46 प्रतिशत है।

# 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना' (आरएएमपी) योजना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** विश्व बैंक समर्थित केंद्रीय क्षेत्र की योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना÷ (आरएएमपी) माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 जून 2022 को शुरू किया गया था। आरएएमपी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) द्वारा पांच-वर्ष की अवधि 2022-23 से 2026-27 तक लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहन देना, विचारशीलता को प्रोत्साहित करना, प्रथाओं और प्रक्रियाओं में सुधार करना, बाजार तक पहुंच बढ़ाना, हरित पहल को बढ़ावा देना, महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए गारंटी को बढ़ाना, मौजूदा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) योजनाओं के प्रभाव को बढ़ाने के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) आदि की कार्यान्वयन क्षमता और कवरेज को बढ़ाना है। आरएएमपी का उद्देश्य रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) की तैयारी के लिए राज्यों को अनुदान प्रदान करके केंद्र-राज्य सहयोग को बढ़ावा देना है, जो राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास के लिए संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा विकसित एक रूपरेखा है। आरएएमपी रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) में चयनित परियोजनाओं को लागू करने के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को अनुदान प्रदान करता है। इसके शुरू होने के बाद से, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को छोड़कर) ने आरएएमपी में भाग लेने में गहरी रुचि दिखाई है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) जमा करने की स्थिति अनुबंध- I में दी गई है।

आरएएमपी को विश्व बैंक से परिणाम-आधारित वित्त पोषण प्राप्त होता है। योजना के शुरू होने के बाद से, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) ने विश्व बैंक की कुल 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता में से 46 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति का दावा किया है। आरएएमपी का लक्ष्य पांच साल की कार्यान्वयन अवधि के दौरान 5.5 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को लाभान्वित करना है। अब तक चार लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इससे लाभान्वित हुए हैं। पंजाब सहित भाग लेने वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा योजना में शामिल बाहरी एजेंसियों (डोमेन विशेषज्ञों) का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है। योजना की शुरुआत के बाद से इस योजना के अंतर्गत राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा अनुमोदित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण अनुबंध- ढ्ढ में दिया गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

# एमएसएमई को ऋण प्राप्ति और वित्तीय पहुंच

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना, जिसके अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट अपने सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए जाने वाले ऋण के लिए गारंटी प्रदान करता है। ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को 500 लाख रुपये की सीमा तक बिना किसी जमानत के ऋण प्रदान किया जाता है, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए 85 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज शामिल है। योजना की शुरुआत से लेकर 30 जून 2024 तक 91.76 लाख गारंटियां स्वीकृत की गईं, जिनमें 6.78 लाख करोड़ रुपये की राशि शामिल है।

ii. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एक प्रमुख ऋण-से जुड़ा सब्सिडी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और ग्रामीण/शहरी बेरोजगार युवाओं की मदद करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के द्वारा स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है। इस योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक 9.69 लाख से अधिक सूक्ष्म उद्यमों को 25,500 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी सब्सिडी के साथ सहायता प्रदान की गई है, जिससे अनुमानित 79 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

iii. पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों को गारंटी कवरेज के साथ 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सहायता सहित संपूर्ण सहायता प्रदान करती है।

iv. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के सदस्य ऋण संस्थानों द्वारा 10 लाख रुपये तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान करती है। कोई भी व्यक्ति जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और उसके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, वह विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए तीन ऋण श्रेणियों में ऋण प्राप्त कर सकता है, जिसमें कृषि से जुड़ी गतिविधियां शामिल हैं, अर्थात शिशु (50,000 रुपये तक का ऋण), किशोर (50,000 रुपये से अधिक और 5 लाख रुपये तक का ऋण) और तरुण (5 लाख रुपये से अधिक और 10 लाख रुपये तक का ऋण)।

# वैश्विक दबाव से 'लहूलुहान' हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार गिरावट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मध्य एशिया में तनाव और अमेरिका में बंदी की आशंका की वजह से दुनिया भर के शेयर बाजार में कोहराम मचा रहा। इसी वजह से घरेलू शेयर बाजार के दलाल स्ट्रीट में हड़कंप की स्थिति बनी रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.74 प्रतिशत और निफ्टी 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज बाजार में आई मजबूती कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पंद्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी आ गई।

आज के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। कैपिटल गुड्स, यूटिलिटी, मेटल और रियल्टी इंडेक्स 4 प्रतिशत से ज्यादा टूट कर बंद हुए। इसी तरह आईटी, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में भी लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जोरदार दबाव के हालात बने रहे, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 3.60 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 4.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 441.66 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 457.16 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब



15.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,189 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 671 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,407 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 111 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,401 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 192 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,209 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 2 शेयर बढ़त के साथ और 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 4 शेयर हरे निशान में और 46 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 2,393.76 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 78,588.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 1,200 अंक की रिकवरी करके 79,780.61 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मंदड़ियों ने एक बार फिर बाजार में अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से दोपहर 11 के बाद ये सूचकांक 2,686.09 अंक लुढ़क कर आज के सबसे निचले स्तर 78,295.86 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इस सूचकांक की चाल में ज्यादा परिवर्तन नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स निचले स्तर से 450 अंक से अधिक की रिकवरी करके 2,222.55 अंक की गिरावट के साथ 78,759.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 414.85 अंक टूट कर 24,302.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक करीब 50 अंक की रिकवरी करके 24,350.05 अंक तक पहुंचा। इसके बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो जाने के कारण दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 824 अंक की गिरावट के साथ 23,893.70 अंक तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश की, जिसकी वजह से निफ्टी निचले स्तर से करीब 162 अंक की रिकवरी करके 662.10 अंक की कमजोरी के साथ 24,055.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.87 प्रतिशत, नेस्ले 0.63 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 0.49 प्रतिशत और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स 7.31 प्रतिशत, ओएनजीसी 6.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 5.93 प्रतिशत, टाटा स्टील 5.31 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 5.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# अहा! टमाटर बड़े मजेदार, रोजाना खाने से सेहत को मिलेंगे फायदे अपार



**लाल रसीले टमाटर का इस्तेमाल तो हर घर में सब्जी और कई डिशेज बनाने में किया जाता है। इसका हल्का खट्टा स्वाद खाने में जादू घोल देता है लेकिन क्या आपको यह पता है कि टमाटर आपकी सेहत को भी सुधार सकता है। इसमें मौजूद लाइकोपेन कई परेशानियों से बचाने में मदद करता है। आइए जानें टमाटर से क्या फायदे (Benefits of Tomatoes) मिल सकते हैं।**

क्या आप जानते हैं कि टमाटर एक फल है, लेकिन उसे गिना सब्जियों में जाता है। जी हां, कई लोगों को यह बात नहीं पता होती। टमाटर से जुड़े इस फन फैक्ट की तरह ही, इससे मिलने वाले फायदों से भी कई लोग अनजान रहते हैं। टमाटर सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाने में ही काम नहीं आता, बल्कि इसके इतने फायदे होते हैं कि आप जानकर हैरान रह जाएंगे। यूं ही बच्चों को कविता के जरिए अहा! टमाटर बड़े मजेदार, वाह! टमाटर बड़े मजेदार के बारे में नहीं बताया जाता। इसके पीछे कई कारण हैं कि टमाटर को मजेदार माना जाता है।

**कैंसर से बचाता है**

टमामटर में लाइकोपेन नाम का एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करता है। जिससे कई प्रकार के कैंसर से बचाव में मदद मिलती है। आपको बता दें कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने की वजह से शरीर में सूजन होने लगती है, जिसके कारण सेल डैमेज होता है और कई प्रकार के कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। टमाटर खाने से इससे बचाव होता है।

**हार्ट डिजीज से बचाता है**

टमाटर में मौजूद लाइकोपेन कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है। साथ ही, यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मदद करता है। ये दोनों ही हार्ट डिजीज के रिस्क फैक्टर्स हैं। इसलिए इन्हें कंट्रोल करके, टमाटर दिल की रक्षा करता है और दिल की बीमारियों का जोखिम कम होता है।

**वजन कम करने में मदद**

टमाटर में फाइबर और पानी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जिनके कारण जल्दी पेट भर जाता है और ओवर ईटिंग नहीं करते। साथ ही, इसमें कैलोरी भी कम होती है। इन वजहों से यह वजन कम करने में मदद करता है।

**पानी की कमी से बचाता है**

टमाटर में काफी मात्रा में पानी पाया जाता है। इसलिए इसे खाने से डिहाइड्रेशन का खतरा टलता है, जिसके कारण सेहत को काफी फायदा मिलता है। इसलिए मानसून और गर्मियों में खासतौर से टमाटर को डाइट में शामिल करना चाहिए।

**स्किन के लिए फायदेमंद**

टमाटर से मिलने वाला लाइकोपेन स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह कोलाजेन बनाने में मदद करता है, जिससे स्किन एजिंग धीरे होती है और झुर्रियां, फाइन लाइन्स कम नजर आते हैं। साथ ही, यह प्रदूषण और सूरज की यूवी किरणों से होने वाले डैमेज को भी कम करने में मदद करते हैं।

**पाचन दुरुस्त रहता है**

टमाटर में फाइबर पाया जाता है, जो आंत में खाने को पास करने में मदद करता है। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है और खाना आसानी से पच भी जाता है।

# जाति सरकार पूछेगी : अपमानित करने वाले तो सदियों से पूछ रहे हैं!







राहुल इसी के खिलाफ लड़ रहे हैं और उनकी इस बड़ी लड़ाई से ध्यान हटाने के लिए ही उन पर ही हमला किया जा रहा है। अभी हमले और बढ़ाए जाएंगे। मगर एक बात वह नहीं समझ रहे कि जो आदमी बीस साल के लगातार हमलों के बाद भी आज डटा हुआ हो क्या वह अपने ऊपर होने वाले किसी हमले के डर से चुप बैठ जाएगा। वह कोई आडवानी, उमा भारती, तोगड़िया, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार हैं कि डराओगे तो डर जाएगा।

जाति क्यों नहीं पूछ सकते? शादी में जाति सम्मेलनों में बिल्कुल पूछ सकते हैं। वंशावली भी मांग सकते हैं। लेकिन बस में, ट्रेन में संसद में बिल्कुल नहीं पूछ सकते।

सरकार अगर मानती है कि जाति के आधार पर अन्याय हुआ है तो वह जाति पूछ सकती है। यह मालूम करने के लिए किस-किस के साथ अन्याय हुआ है कब से हो रहा है और अब उसे क्या सुविधाएं देकर दूसरों के बराबर लाया जा सकता है?

बिहार में ऐसा अभी पिछले साल ही किया गया। भाजपा सहित सभी दलों की मंजूरी के बाद। मगर उसी बिहार में व्यक्तिगत हैसियत से किसी से कह के देख लीजिए कि %जिनकी जात का पता नहीं'! आपको मालूम पड़ जाएगा कि इस गाली का क्या मतलब होता है! अनुराग ठाकुर वहां किसी दलित टोले, पासवान टोले, कुर्मी टोले, यादव टोले, मांझी केवट टोले कहीं भी किसी गांव में जरा कह के देखें जिसकी जात का पता नहीं !भाजपा के नेता, मीडिया, भक्त सब बड़ी मासूमियत से कह रहे हैं कि राहुल जब सबकी जाति मालूम करने की बात कर रहे हैं तो उनकी पूछने में क्या हर्ज है?

बिल्कुल नहीं! एकदम कोई हर्ज नहीं! अभी संसद का सत्र चल रहा है। सोमवार को ही प्रधानमंत्री सदन में घोषणा कर दें। जाति गणना होगी। और सरकारी कर्मचारी को भेज दें राहुल के यहां। वे जाति गणना का फार्म भरेंगे। मांगी हुई जानकारी देंगे साथ ही जनगणना भी करवा लें। विवाहित, अविवाहित, परितक्यत, शिक्षा सब जानकारी देंगे।मगर आप गाली नहीं दे सकते। किसी को भी नहीं। जरा गांव में पूछिए जाकर। जिसकी जात का पता नहीं उसका मतलब क्या है? उसका मतलब है जिसकी कोई औकात नहीं !गांव में यह गाली की तरह इस्तेमाल होता है कि जिसकी जात का पता नहीं वह हमसे बात कर रहा है। मतलब हमसे बात करने का हक कुल गौत्र वाले को ही है। जात का पता नहीं बाप का पता नहीं यह कमजोर को दी जाने वाली देश की सबसे पुरानी और बड़ी गाली हैं। अपमानित करने के उद्देश्य से, श्रेष्ठता भाव से, अहंकार से दी जाती है।मगर जो पूरी तरह डि कास्ट (जातीय श्रेष्ठता बोध से मुक्त) हो चुका हो वह इसके जवाब में क्या कहता है? वह कहता है मुझे मालूम है जो भी इस देश में गरीब कमजोर दलित पिछड़े आदिवासी की बात करेगा उसे गालियां खाना पड़ेंगी। और मैं अपने कमजोर भाइयों के लिए खुशी से यह गालियां खाने को तैयार हूं।राहुल ने बहुत सही कहा। और यहां याद आ गया तो एक बात और बता दें। हम 2004 से जब राहुल पहला चुनाव लड़ने अमेठी गए थे तब से उन्हें लगातार कवर कर रहे हैं। उससे पहले भी कभी-कभी कुछ लिखा।जाने कितनी बार उनका नाम लिखा होगा। टीवी रेडियो पर बोला होगा। ज्यादातर राहुल ही। और हम ही नहीं दूसरे पत्रकार भी उन्हें राहुल लिखते हैं। आमने सामने संबोधित करने में भी राहुल ही। अभी खुद राहुल ने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि जब वे कारपेन्टरों से मिल रहे थे तो विश्वकर्मा ने कहा राहुल! उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष चिल्लाने लगा कि राहुल या राहुल जी। राहुल ने बेमन से कहा कि ठीक है राहुल जी।

मगर इससे क्या समझ में आया कि बातचीत में आदमी अपने लिए किए संबोधन को उसी रूप में बताता है जैसा सुनना चाहता है। जैसे बहुत सारे लोग खुद ही अपने सरनेम के साथ जी लगाकर बोलते हैं कि उसने हमसे कहा फलाने जी।

आफिसों में कुछ खुद के साथ सर लगाकर अपने साथ हुई बात को बताते हैं। मतलब राहुल को आमतौर पर न राहुल गांधी बोला जाता है और न राहुल अपने नाम के साथ लगाए जी को सुनते हैं। वे केवल राहुल हैं। चाहें तो मजाक में कह सकते थे दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कि-%पूछो मेरी जाति, शक्ति हो तो, मेरे भुजबल से,

मेरे रोम रोम में अंकितहै मेरा इतिहास!%

अर्थात मुझे जानना है, मुकाबला करना है तो जनता में आइये। रात-दिन मेरी आलोचना करके, चरित्रहनन करके, ट्रोल करके न मुझे जान सकते हो न मेरे गौरवशाली इतिहास को।

झूठ का ऐसा परनाला बहा रखा है कि राहुल के परिवार पर ही सवाल उठा रखे हैं। और कम पढ़े-लिखे ठस बुद्धि के लोग ही नहीं, पढ़े-लिखे भी उन झूठे व्हट्स एप मैसेजों को आगे बढ़ाते रहते हैं।

राहुल का धीरज और सहनशीलता कमाल की है। ऐसी ऐतिहासिक चरित्रों में ही दिखती है। राम के साथ क्या-क्या नहीं किया गया। मगर सिर्फ एक बार को छोड़कर वे कहीं क्रोध में नहीं दिखते। केवल तभी जब कहते हैं गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब... !रामधारी सिंह दिनकर जिन्होंने रश्मि रथी में कर्ण का इतिहास लिखा है। लेकिन सवाल पूछने वालों से यह भी कहा है कि-मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का वीरों काधनुष छोड़कर और ोत्र होता है क्या रणधीरों का?लोकतंत्र में उसी धनुष का मतलब कमजोर की आवाज उठाना हो जाता है। लेकिन दिनकर राहुल के ग्रेट ग्रैंड फादर जवाहर लाल नेहरू पर लिखकर इस परिवार पर हमेशा छाए रहे खतरे का इतिहास बता चुके हैं।गांधीजी की हत्या के बाद उन्होंने लिखा था-%समर शेष है अभी मनुज भक्षी हुंकार रहे हैंगांधी का पी रुधिर जवाहर पर फुंकार रहे हैं

समर शेष है, अहंकार इनका हरना बाकी है।%

वही अहंकार बाकी है। जो पूरी निर्लज्जता से उस नेहरू के वंशज से कह रहा है जिसके पिता, दादी देश के लिए शहीद हो गए कि इनकी जात का पता नहीं।

नहीं है! सही में नहीं है। किसी को नहीं है। नाम राहुल है। हिन्दू। जाति हिन्दुस्तानी। डिकास्ट हमने लिखा ना। बहुत मुश्किल काम है हमारे यहां।

डिक्लास ( अपनी आर्थिक स्थिति को भूलकर गरीबी समझने की कोशिश) होते हैं। कुछ हद तक। मगर डिकास्ट होने वाले तो गिनती के लोग होंगे। जो कथित ऊंची जाति में विश्वास नहीं करते और कथित छोटी जाति को हीन नहीं मानते।राहुल का उद्देश्य बड़ा है। इसलिए उसे असफल करने के लिए खुद प्रधानमंत्री मोदी ने अनुराग को शाबाशी दी। गाली को मजाक बताते हुए उनका वीडियो रिलीज किया और कहा कि सुनें।

बिल्कुल सुनना चाहिए देश के उन सब लोगों को सुनना चाहिए जिनसे सदियों से जात पूछी गई। यहां तक कि छोटी-मोटी चोरी के मामले में भी जाति घुसा दी गई। जिनकी जात पता नहीं उनके लिए ही तो कहा जाता है चोरी ... च...री !राहुल इसी के खिलाफ लड़ रहे हैं और उनकी इस बड़ी लड़ाई से ध्यान हटाने के लिए ही उन पर ही हमला किया जा रहा है। अभी हमले और बढ़ाए जाएंगे। मगर एक बात वह नहीं समझ रहे कि जो आदमी बीस साल के लगातार हमलों के बाद भी आज डटा हुआ हो क्या वह अपने ऊपर होने वाले किसी हमले के डर से चुप बैठ जाएगा। वह कोई आडवानी, उमा भारती, तोगड़िया, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार हैं कि डराओगे तो डर जाएगा।यही तो समस्या है कि नेहरू-गांधी परिवार का वंशज डरता नहीं है। वह जनता के लिए गालियां खाने से लेकर अपनी एसपीजी की सुरक्षा छीन लेने, संसद सदस्यता खतम कर देने, मकान से निकाल दिए जाने, बीसीयों झूठे मुकदमे चलाए जाने, ईडी के छापों- किसी से नहीं डरता।और वह क्या मोतीलाल नेहरू से लेकर आज तक कोई नहीं डरा। और इसका तो नारा ही है-%डरो मत!

## संपादकीय

# विश्व शांति को फिर खतरा

मध्य-पूर्व में एक बड़े युद्ध की आहट सुनाई दे रही है। इज़रायल के खिलाफ ईरान ने हमले की न केवल चेतावनी दे दी है बल्कि खुद इज़रायल भी इससे बचाव की तैयारियां कर रहा है। माना जा रहा है कि 12-13 अगस्त तक यह आक्रमण हो सकता है; और जैसा कि कहा जा रहा है, यह भीषण होगा। इस लड़ाई के लिये दोनों पक्षों की होती लामबन्दी से भी इसकी कल्पना की जा सकती है। अगर इसे समय रहते न रोका गया तो बड़ी तबाही की सम्भावना से इंकार नहीं किया सकता। हमास के राजनैतिक प्रमुख इस्माईल हानिया और हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फाउद शुकर की हत्या से इज़रायल के विरूद्ध और ईरान का साथ देने के लिये लेबनान, यमन, सीरिया और जॉर्डन आ गये हैं। ईरान ने सीरिया से इज़रायल पर ड्रोन हमले की तैयारी की है। जॉर्डन तथा लेबनान के कई आतंकी संगठन भी इस लड़ाई में ईरान का साथ देने के लिये मोर्चाबन्दी कर रहे हैं। शुक्रवार को जब हानिया को क़तर की राजधानी दोहा में दफ़नाया गया तो क़तर तथा फिलिस्तीनी संगठनों के कई बड़े नेता और कमांडर उपस्थित थे जिन्होंने इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का मंसूबा ज़ाहिर किया।फिलीस्तीन समर्थक इस्लामिक देशों की एकजुटता को देखकर इज़रायल ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उसने अपने नागरिकों को बचाव सम्बन्धी सभी उपाय करने हेतु आगाह किया है। नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने बम शेल्टरों को साफ़ रखें ताकि हमला होने की स्थिति में डेढ़ मिनटों में वे उनमें पहुंचकर खुद को सुरक्षित कर लें। उनसे पानी, खाद्य सामग्रियां, आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने को कहा गया है। साथ ही उन्हें बैटरियों वाले टॉर्च खरीदकर रखने को भी कहा गया।ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बाघेरी ने कहा है कि पिछले 10 महीनों से इज़रायल द्वारा गज़ा पट्टी में जो नरसंहार किया गया है और विनाश फैलाया है उसके मद्देनज़र उसे रोकना अब नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा न हुआ तो न सिर्फ पश्चिम एशिया बल्कि विश्व की शांति खतरे में पड़ जायेगी। फाउद शुकर की मौत से नाराज़ हिज़बुल्लाह ने इज़रायल पर कई मिसाइलें दागी थीं जिसे इज़रायल ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। इससे साफ है कि ईरान एवं समर्थक देशों में इज़रायल के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है जिसे नज़रंदाज़ नहीं किया जाना चाहिये। इस नाराज़गी, लड़ाई की तैयारियों एवं दोनों पक्षों की लामबन्दी को देखते हुए शांति के अंतरराष्ट्रीय प्रयास किये जाने अब बेहद ज़रूरी हो गये हैं। समय रहते ऐसा न किया गया तो लड़ाई छिड़ जाने पर उसे बड़े विनाश एवं नरसंहार के पहले रोकना कठिन हो जायेगा। इज़रायल की नाराज़गी तुर्किये के प्रति भी देखने को मिली है जिसने हानिया की मौत पर अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया था। यह उसका ईरान के प्रति समर्थन का तरीका माना गया है।

हानिया की मौत के लिये इज़रायल की सीक्रेट सर्विस मोसाद को जिम्मेदार माना जा रहा है जिसने प्रमुख लोगों की सुरक्षा के लिये तैनात ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के दो एजेंटों को इस काम के लिये कथित तौर पर सुपारी दी थी। इस हत्या के कारण ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजिश्कियन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें अपने ही देशवासियों के सामने शर्मिंदगी हो रही है। हालांकि हानिया की मौत के लिये जिम्मेदार मानते हुए पजिश्कियन ने दो दर्जन से ज्यादा आईआरजीसी तथा सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को गिरफ्तार कराया है। हानिया की हत्या जिस गेस्ट हाऊस में हुई थी, उसके कई अधिकारियों की भी गिरफ्तारी कर पजिश्कियन बतलाना चाह रहे हैं कि हानिया की हत्या को उन्होंने गम्भीरता से लिया है। इस लिहाज़ से भी उनके लिये ज़रूरी है कि वह इज़रायल पर बड़ा आक्रमण करे क्योंकि ईरान व उसकी जनता मान कर चल रही है कि फाउद व हानिया की हत्याओं के पीछे इज़रायल का ही हाथ है। वैसे खुद इज़रायल फाउद की हत्या की जिम्मेदारी तो लेता है लेकिन हानिया की मौत की जिम्मेदारी को लेकर न वह इंकार करता है और न ही उसने स्वीकारा है।हालांकि ईरान यदि यह आक्रमण करता है तो पजिश्कियन की समस्या ऐसे बढ़ेगी कि उन्होंने यह चुनाव इसी वादे पर जीता था कि वे पश्चिमी देशों के साथ ईरान के सम्बन्ध सुधारेंगे। साफ है कि इज़रायल पर आक्रमण की घोषणा से वे ऐसा करने मे नाकाम साबित हो गये हैं .

# आरक्षण में उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में छिपा संभावित राजनीतिक मोड़

भारत को आने वाले महीनों में एक नये सामाजिक-राजनीतिक मोड़ की उम्मीद करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों को नयी रोशनी में संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिससे जमीनी स्तर पर भी एक नया सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन शुरू हो सकता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 7-न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए समग्र कोटे के भीतर उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में भारतीय राजनीति को एक नयी दिशा में मोड़ने की क्षमता है, क्योंकि यह देश के लिए एक नयी संरचित (स्ट्रक्चर्ड) आरक्षण नीति का मार्ग प्रशस्त करता है, न केवल एससी के लिए, बल्कि अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए भी।भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 6ः1 के बहुमत से माना कि राज्य सेवाओं में नियुक्तियों में कुछ अनुसूचित जातियों का %अपर्याप्त प्रतिनिधित्व' अनुसूचित जाति के भीतर %पिछड़ापन% साबित करने का एक प्रमुख संकेतक है। एससी के भीतर एक विशिष्ट उप-वर्गीकृत समूह के लिए आरक्षण देने के लिए राज्यों को एससी के भीतर सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना आवश्यक है।छह न्यायाधीशों ने उप-वर्गीकरण को बरकरार रखा, जिसमें न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने असहमति जताई, जो इस मुद्दे की जटिलता का संकेत है जो फैसले को लागू करते समय कई ज्ञात और अज्ञात कारकों को सामने ला सकता है। फैसला तब आया है जब अदालत ने दो प्रमुख मुद्दों की जांच की, पहला-क्या इन्दर साहनी मुकदमे में दिये गये फैसले के तहत राज्य के लिए सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना जरूरी नहीं है, और दूसरा,क्या अनुसूचित जातियों के साथ पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता को साबित करना आवश्यक है?

इस फैसले का आम तौर पर स्वागत किया गया है क्योंकि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि एसटी, एससी या ओबीसी के एक बड़े समूह में कुछ जातियां हैं जो अन्य की तुलना में अधिक पिछड़ी हैं। हम पहले से ही %क्रीमीलेयर% मुद्दे से परिचित हैं, यह एक ऐसा शब्द है जो आरक्षण का आनंद लेने वाले समूहों के अपेक्षाकृत समृद्ध और बेहतर शिक्षित सदस्यों को संदर्भित करता है।हालांकि, क्रीमीलेयर की अवधारणा वर्तमान में ओबीसी के लिए लागू है, जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लाभ से बाहर रखा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आरक्षण का लाभ ओबीसी के वास्तव में



वंचित वर्गों को मिले। 8 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों को क्रीमीलेयर का हिस्सा माना जाता है। इस आय सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जाता है। ग्रुप ए और ग्रुप बी सेवाओं में उच्च रैंकिंग वाले अधिकारियों के बच्चों को भी क्रीमीलेयर उम्मीदवार माना जाता है और इसलिए उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे पेशेवरों के बच्चे जिनकी आय और स्थिति अच्छी है, तथा जिनके परिवार निश्चित सीमा से अधिक कृषि भूमि के मालिक हैं, उन्हें भी क्रीमीलेयर में शामिल किया गया है और बाहर रखा गया है। वर्तमान संविधान पीठ के 7 में से 4 न्यायाधीशों ने मौजूदा फैसले में एससी और एसटी के बीच %क्रीमीलेयर% को बाहर रखने की वकालत की। इसका मतलब है कि फैसले का असर वर्तमान में आरक्षण का लाभ उठा रहे सभी समूहों पर पड़ेगा।इस फैसले ने समूह में अन्य जातियों की तुलना में %अधिक पिछड़ेपन% के आधार पर वर्गीकृत एससी, एसटी और ओबीसी के भीतर उप-वर्गीकरण का द्वार खोल दिया है। सरकार को उप-वर्गीकरण के लिए केवल %अपर्याप्त प्रतिनिधित्व% के आधार पर इसे साबित करना होगा। यह स्पष्ट किया गया कि राज्य को यह साबित करने के लिए वैसे आंकड़ों की आवश्यकता नहीं है कि पूरा वर्ग पिछड़ा है, लेकिन अगर वह उप-वर्गीकरण करना चाहता है तो उसे वर्ग के भीतर पिछड़ेपन में अंतर दिखाने के लिए आवश्यक आंकड़ा एकत्र करना होगा। एक अतिरिक्त स्पष्टीकरण यह है कि प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए कैडर को एक इकाई के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह जमीनी हकीकत को प्रदर्शित नहीं कर सकता है। इसलिए पिछड़े वर्गों के गुणवत्तापूर्ण प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए मात्रात्मक आंकड़े के बजाय प्रभावी या गुणात्मक आंकड़े पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व आधारित होना चाहिए।इसलिए यह स्पष्ट है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मुख्य-कोटे के तहत उप-कोटा प्रदान करने के लिए उप-वर्गीकरण एक पेचीदा मुद्दा होने जा रहा है जो देश में उच्च सामाजिक और राजनीतिक गर्मी पैदा करेगा, क्योंकि वर्तमान में आरक्षण का लाभ उठा रही जातियां अपने बीच की अन्य पिछड़ी जातियों के पक्ष में इसे छोड़ने के लिए आसानी से तैयार नहीं होंगी।अधिक पिछड़ी जातियां पहले से ही मांग कर रही हैं कि उन्हें उनके पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ समुदायों ने पहले ही आरक्षण के सभी लाभों को प्राप्त कर लिया है। एसटी, एससी और ओबीसी में अपेक्षाकृत समृद्ध जातियों के बच्चे सभी आरक्षित सीटों पर कब्जा कर लेते हैं, जबकि कम पिछड़ी जातियों के बच्चे पिछड़ जाते हैं क्योंकि उन्हें उनसे प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक प्रतिभा दिखाने के लिए शैक्षिक और अन्य आर्थिक अवसर नहीं मिलते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने सबसे वंचित जातियों के लिए एक नयी उम्मीद जगाई है, जो सामाजिक, कानूनी और राजनीतिक रूप से अपना दावा पेश करेंगे।इस प्रकार, यह निर्णय देश में सामाजिक न्याय की एक अलग तरह की राजनीति को जन्म देगा, जिसका असर उन राजनीतिक दलों पर पड़ेगा जो 1980 के दशक के उत्तरार्ध से सामाजिक न्याय के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे राजनीतिक दलों को कुछ जातियों के बीच अपने समर्थन आधार के संबंध में अपने रुख को फिर से निर्धारित करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि उन पर अन्य कम पिछड़ी जातियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया गया है। इस पृष्ठभूमि में जाति जनगणना की मांग और भी मजबूत होगी, और राजनीतिक मोड़ की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियां इस मुद्दे पर कैसे और कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।जहां तक भाजपा का सवाल है, वह एससी, एसटी और ओबीसी के बीच हाशिए पर पड़ी जातियों और प्रमुख जातियों के बीच संभावित दरार से लाभ उठाना चाहेगी। आरएसएस-भाजपा कुनबा उप-कोटा के लिए नयी आकांक्षी जातियों के बीच जमीन हासिल करने की कोशिश करेगा, यह बताकर कि उनके %सामाजिक न्याय% नेताओं और दलों ने उन्हें कैसे धोखा दिया है। दूसरी ओर, एनडीए के सहयोगी, जैसे कि जेडी(यू) और टीडीपी, भाजपा की तुलना में अपने सामाजिक न्यय कार्ड को तुलनात्मक रूप से बेहतर तरीके से खेलेंगे।मोदी के नेतृत्व वाली सरकार, देश में संरचित कोटा व्यवस्था के लिए एक विधेयक पेश करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर सकती है, ताकि वंचित जातियों के बीच अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल कर सके, विशेषकर उनमें जो अब तक आरक्षण प्राप्त प्रमुख दबंग जातियों से पीछे हैं क्योंकि सामाजिक न्याय की राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता दबंगों को ही लाभ दिलाते रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कानून न लाने के लिए,जिसके तरह अपेक्षाकृत पिछड़ों में भी पिछड़ों को आरक्षण मिल सके, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आलोचना करना चाहेगी।भारत को आने वाले महीनों में एक नये सामाजिक-राजनीतिक मोड़ की उम्मीद करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों को नयी रोशनी में संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिससे जमीनी स्तर पर भी एक नया सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन शुरू हो सकता है।

# कैंडी ने दी पानी बचाने की सीख

कैंडी कौवी बहुत नटखट थी। वह अपनी दादी रीवा की लाडली थी। उसे दादी से कहानी सुनना बहुत पसंद था। एक दिन दादी उसे अपने पुरखों की कहानी सुनाते हुए बोलीं, 'बेटी, बहुत पहले की बात है। एक कौवा प्यासा होने पर पानी की तलाश में घूम रहा था। तभी उसे एक घड़ा नजर आया। उसने झांककर देखा, तो उसमें पानी था, लेकिन काफी कम था। यह देखकर उसने पानी में कुछ कंकड़-पत्थर डाले जिससे पानी ऊपर आ गया और उसने अपनी प्यास बुझाई।' कहानी सुनकर कैंडी बोली, 'दादी, इतने सारे पत्थर डालते-डालते तो वह कौवा बहुत थक गया होगा।' दादी बोलीं, 'बेटी, लेकिन उसने अपनी प्यास तो बुझा ली न! हमारे सामने कभी ऐसी समस्या आती है, तो हम भी इसी तरीके से अपनी प्यास तो बुझा सकते हैं।'

कैंडी बोली, 'दादी, आप तो अब भी पुराने जमाने की ही बातें करती हैं। हम आखिर कब तक पानी में कंकड़-पत्थर डाल कर अपनी प्यास बुझाते रहेंगे? अब समय आ गया है कि कोई नया तरीका सोचा जाए, जिसमें ज्यादा समय और मेहनत भी न लगे और हम पानी भी पी लें।' उसकी बातें सुनकर दादी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। वह बोलीं, 'चलो, देखती हूं कि क्या तुम कभी ऐसा कोई नायाब तरीका सोच पाओगी? खैर, अभी तो हमें पानी की कोई परेशानी नहीं है। नंदनवन में चारों ओर हरियाली है। यहां के तालाब साफ-स्वच्छ पानी से हमेशा भरे रहते हैं।'

कैंडी बोली, 'दादी, नंदनवन में तो सब ठीक है, पर पता है, आजकल इनसानों की बस्ती में पानी की बहुत कमी हो गई है। हमारी साइंस की मैडम पिंटी कौवी हमें कल बता रही थी कि गर्मी के मौसम में इंसानों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। बहुत सारे इंसान तो पानी के लिए आपस में लड़ाई भी कर रहे हैं।' कैंडी की बातें सुनकर दादी परेशान हो गईं। वह बोलीं, 'हां कैंडी, मैंने कल टीवी में भी ऐसा ही कुछ देखा था। इंसानों की बस्ती में तो बहुत बुरा हाल होगा।'

दादी की बात सुनकर कैंडी उत्सुकता से बोली, 'दादी, नंदनवन से इंसानों की बस्ती कितनी दूर होगी?' दादी बोलीं, 'ज्यादा दूर नहीं है। पर तुम यह क्यों पूछ रही हो?'

कैंडी बोली, 'मेरी प्यारी दादी, कल संडे है। कल तुम मुझे घुमाने के लिए इनसानों की बस्ती की ओर ले चलो न!' दादी बोलीं, 'कैंडी, तुम समझदार और होशियार हो। लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि तुम कृष या डोरेमॉन की तरह लोगों की समस्याएं सुलझा सकती हो।'

दादी की बातें सुनकर कैंडी मुंह बनाते हुए बोली, 'दादी, प्लीज चलो न। अगर आप मेरे साथ चलोगी तो मम्मी-पापा भी कुछ नहीं कहेंगे। अकेले मुझे वो जाने नहीं देंगे।' दादी बोलीं, 'बेटी, मैं बूढ़ी हो गई हूं, अब इतनी दूर मुझसे नहीं उड़ा जाता।' कैंडी बोली, 'अरे दादीजब कैंडी है तो सुंदर एंडी है यानी कि हर चीज का सुंदर एंड होगा। अब आप मेरे साथ चल रही हो, बस।'

अगले दिन खाना खाने और पानी पीने के बाद दादी कैंडी के साथ इनसानों की बस्ती की ओर चल पड़ीं। दोनों उड़ते-उड़ते दिल्ली पहुंचीं। दादी बहुत थक गई थीं। वे जिस बस्ती में उतरीं, वहां पानी की बहुत किल्लत थी। बस्ती में सफाई न होने के कारण बदबू आ रही थी। यह देखकर कैंडी बोली, 'उफ दादी, यहां से जल्दी चलो। बदबू के कारण दम घुट रहा है।' वे दोनों वहां से उड़ते हुए एक स्वच्छ बस्ती की ओर गईं।

वहां उन्होंने देखा कि एक बच्चा सार्वजनिक नल पर हाथ धोने आया और नल खुला छोड़ गया। यह देखकर कैंडी तुरंत नल के पास गई और अपनी चोंच से उसे बंद करने लगी। यह देखकर वहां मौजूद लोगों ने कैंडी के नल बंद करते हुए सीन का वीडियो बना लिया। एक इंसान बोला, 'यार, हम लोग आए दिन पानी बरबाद करते हैं। हमसे बेहतर तो ये पक्षी हैं, जो पानी की कीमत समझते हैं।' यह सुनकर सब कैंडी को प्रशंसा की नजरों से देखने लगे।

नल बंद करके कैंडी दादी के पास पहुंची। दादी को कहीं से एक ब्रेड का पीस मिल गया था। दोनों ने उसे खाया। कैंडी बोली, 'दादी, यहां तो लोग सचमुच पानी की कीमत नहीं समझते। जिन्हें पानी आराम से मिल रहा है, वे उसे बरबाद कर रहे हैं।' दादी बोलीं, 'कैंडी, तुम सही कह रही हो। पता है, जब तुम नल बंद कर रही थीं, तो कई लोग तुम्हारी फोटो खींच रहे थे।' कैंडी बोली, 'हां दादी, मैंने देखा था। शायद उन्होंने मेरा वीडियो भी बनाया था।' दादी बोलीं, 'अब बोलो, अभी और कहीं चलना है?' कैंडी बोली, 'दादी, अब हम वापस अपने नंदनवन चलते हैं।' इसके बाद वे दोनों नंदनवन की ओर उड़ चलीं। गर्मी तेज थी, इसलिए कैंडी की दादी उड़ते-उड़ते थक गईं। वह बोलीं, 'बेटी, चलो कहीं चलकर पानी पिएं। मुझे बहुत प्यास लग रही है।' कैंडी दादी के लिए पानी ढूंढ़ने लगी। लेकिन वहां तो कहीं दूर-दूर तक पानी नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में कैंडी ने दादी को एक ओर बैठाया और पानी तलाश करने लगी।

काफी ढूंढ़ने के बाद उसे एक घड़ा नजर आया। उसने घड़े में झांककर देखा तो उसे अपने पूर्वजों की याद आ गई। घड़े में पानी बहुत कम था। कैंडी ने पानी तक पहुंचने की बहुत कोशिश की, लेकिन असफल रही। तभी उसकी नजर कुछ दूरी पर पड़े एक प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर पड़ी, जिसे देखकर उसके दिमाग में एक आइडिया आया। उसने फटाफट वह स्ट्रॉ उठाया और घड़े के पास रख दिया। इसके बाद वह अपनी दादी को अपने साथ वहीं ले आई। फिर उसने उस स्ट्रॉ के एक सिरे को घड़े के अंदर डाला और दूसरे सिरे को अपने पंजों से पकड़ लिया। दादी ने उस पतले स्ट्रॉ से उसी तरह पानी पी लिया जैसे इंसानों के बच्चे स्ट्रॉ से कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। फिर कैंडी ने भी इसी तरह पानी पिया। दोनों खुशी-खुशी घर की ओर लौट चलीं। दादी बोलीं, 'कैंडी, आखिर तूने नए जमाने के हिसाब से पानी पीने का नया जुगाड़ कर ही दिया।'

घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि नंदनवन के सारे पशु-पक्षी कैंडी और दादी के स्वागत के लिए खड़े हैं। कैंडी ने हैरानी से अपनी मां से इसका कारण पूछा तो वह बोलीं, 'आज टीवी पर सुबह से बस एक ही न्यूज आ रही है कि कौवे ने इनसानों को पानी बचाने की सीख दी। उसमें दिखाए जा रहे वीडियो में तुम नल बंद करती हुई नजर आ रही हो।' यह सुनकर दादी कैंडी को गले लगाते हुए बोलीं, 'वाह कैंडी, तुम तो हमारे पुरखों से दस कदम आगे निकल गईं। तुमने इनसानों को पानी बचाने की सीख तो दी ही है, साथ ही घड़े से पानी पीने की नई तरकीब भी ढूंढी है।' दादी की बातें सुनकर सभी ने कैंडी को कंधों पर उठा लिया और नंदनवन में जश्न की तैयारियां होने लगीं।





# टी बैग पर कलाकारी

न्यूयॉर्क में रहने वाली चित्रकार रूबी सिल्वियस ने बेकार टी बैग का फिर से इस्तेमाल करने का एक निराला तरीका तब निकाला, जब उन्होंने इस्तेमाल की गई गीली टी बैग को चित्रकारी करने के लिए एक कैनवास के रूप में देखा। उन्हें दूसरे लोगों से कुछ हटकर करना था, जिससे उन्हें अलग पहचान मिले। इसलिए बेकार टी बैग्स को अलग तरीके से अपनी चित्रकारी में ढालने के लिए उन्होंने यह अनूठा तरीका निकाला।

## 2015 में हुई इस अनूठी कला की शुरुआत

बेकार टी बैग को दोबारा इस्तेमाल करने का कमाल का विचार उन्हें वर्ष 2015 में आया था। उसी साल रूबी ने मात्र दो दिन की छुट्टी ले कर बाकि 363 दिन बिना रूके इस चित्रकारी को पूरा किया। इस कला को रूबी ने '363 दिन टी बैग' का नाम दिया है। इस कला को आगे जाकर रूबी ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचाया, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया।

## दाग लगे टी बैग्स ही उनकी पहचान बने

जब रूबी की इस अनोखी कला के बारे में उनके परिजनों और दोस्तों ने जाना तो उन्होंने अपने इस्तेमाल हुए टी बैग को रूबी को देना शुरू किया। उन्होंने इन टी बैग्स के साथ कई प्रेरणात्मक संदेश भी लिख भेजे, ताकि रूबी अपने मुकाम को पा सकें। इन टी बैग्स का इस्तेमाल करते वक्त रूबी ने उन पर लगे दाग और फटे टुकड़ों को ही अपनी कला का बेस बना लिया, जिससे टी बैग्स पर की गई उनकी चित्रकारी को अलग पहचान मिली।



## कई शहरों में लगी प्रदर्शनी

आज रूबी की इस कला को तीन साल हो गए हैं। उनकी इस अनोखी कलाकारी की कई अन्य शहरों में प्रदर्शनी भी लगी हैं। उनकी सबसे बड़ी प्रदर्शनी 26 दिन की थी, जो जापान में लगी थी, जिसका नाम '26 दिन टी बैग' रखा गया। यह प्रदर्शनी साल 2016 में लगाई गई थी। इसमें रूबी ने वॉटर कलर, दवात, गौचे और कटे हुए ऑरिगेमी पेपर का इस्तेमाल किया था।

इसके साथ ही रूबी ने अपना ज्यादा से ज्यादा समय दूसरे कलाकारों के बीच गुजारा, ताकि अपनी आर्ट के लिए उन्हें और भी अलग-अलग विचार मिल सकें। वहीं उन्होंने चित्रकारी करने के लिए किसी प्राकृतिक जगह का चुनाव भी किया। फ्रांस में भी '26 दिन टी बैग' प्रदर्शनी 2017 में लगाई गई थी, जिसे देखने दुनिया के कई अलग-अलग शहरों से लोग पहुंचे थे।

## रूबी को नवाजे गए कई अवॉर्ड्स

रूबी अपनी कला में माहिर हैं। इसका अंदाजा तुम इसी बात से लगा सकते हो कि वह रोजमर्रा की चीजें, जैसे टी पॉट, शर्ट, छतरी, मग, पालतू जानवरों और गलियों व सड़कों को टी बैग पर कला के रूप में उतारती रहती हैं। उनकी इस कला के लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स से भी नवाजा गया है।






# सांप उतार सकता है केंचुली

हर जीव की त्वचा मृत होकर अपने आप किसी-किसी स्थान से उतरती रहती है। मगर सांप अपनी त्वचा के खराब होने पर इसे साल में तीन से चार बार उतारता है, जिसे केंचुली उतारना कहते हैं। अजगर साल में एक बार ही केंचुली बदलता है। केंचुली उतारने के बाद सांप की त्वचा की सफाई हो जाती है। किसी प्रकार का संक्रमण हो, तो वह भी ठीक हो जाता है। नई त्वचा काफी चिकनी और चमकदार आती है। केंचुली बदल जाने के बाद सांप काफी चुस्त और आकर्षक दिखता है। त्वचा में कुछ भी खराबी होने पर सांप एकांत स्थान पर चला जाता है। खाना भी छोड़ देता है। फिर वह बहुत कष्टकारी प्रक्रिया से गुजरता है। उसके मुंह के पास की त्वचा कुछ ढीली होती है। जबड़े के पास किसी पत्थर आदि से रगड़कर चीरा लगाता है। फिर पेड़, पत्थर, कांटों आदि से शरीर रगड़-रगड़कर पूरे शरीर की केंचुली उतार देता है। यह जादू केवल वही कर सकता है, हम नहीं।

# सबसे छोटा राज्य

क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा राज्य है गोवा। इसका कुल क्षेत्रफल केवल 3,702 वर्ग किलोमीटर है। भारत जब आजाद हुआ था, तब गोवा पर पुर्तगाल का कब्जा था। सन 1961 में भारत ने पुर्तगाल को खदेड़कर गोवा को अपना हिस्सा बनाया। तब गोवा एक केंद्र शासित प्रदेश बना था। 30 मई, 1987 को गोवा भारत का 25वां राज्य बना। गोवा अपने खूबसूरत समुद्री किनारों के लिए प्रसिद्ध है। पूरी दुनिया से पर्यटक यहां छुट्टी मनाने आते हैं।



## जन सेवा के लिए सदैव तत्पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने यातायात पुलिस के जवानों को बांटे गमबूट

एजेंसी

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ हमेशा से ही जन सेवा के प्रति अपनी निष्ठा और तत्परता के लिए जाने जाते हैं। अपने इसी समर्पण का एक और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, कर्नल राठौड़ ने हाल ही में बारिश के मौसम में यातायात पुलिस के जवानों को गमबूट बांटे। कर्नल राठौड़ का कहना है कि यातायात पुलिस के जवान हर मौसम में, चाहे वह भरी बरसात हो या कड़ी धूप, हमेशा तत्पर रहते हैं और जनता की सेवा में जुटे रहते हैं। बारिश के मौसम में जब सड़कें पानी से भर जाती हैं, तब भी ये जवान बिना किसी शिकायत के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। इसी समर्पण को देखते हुए कर्नल राठौड़ ने इन जवानों को गमबूट वितरित किए ताकि वे बेहतर तरीके से अपने कार्य को अंजाम दे सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। कर्नल राठौड़ ने इस मौके पर कहा, यातायात पुलिस के जवान हमारे समाज की धड़कन हैं। उनका काम बेहद महत्वपूर्ण है और उन्हें हर संभव सुविधा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। बारिश के मौसम में उन्हें जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उसे ध्यान में रखते हुए हमने उन्हें गमबूट वितरित करने का निर्णय लिया है। इस पहल की सराहना करते हुए स्थानीय जनता ने भी कर्नल राठौड़ का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल पुलिस बल की हौसलाअफजाई करते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देते हैं। कर्नल राठौड़ का यह कदम उनकी संवेदनशीलता और जन सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## कर्नाटक : शिवमोगा में बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**शिवमोगा ।** कर्नाटक के शिवमोगा जिले के सागर शहर में एक बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि, गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। जानकारी के अनुसार, उत्तर पश्चिम कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस में आग लग गई। बस में आग लगने की सूचना के बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। यह बस भटकल से बेंगलुरु की ओर जा रही थी, तभी बस में अचानक आग लग गई। आग लगने के पीछे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अग्निशमन दल की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। अधिकारियों ने बताया कि बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है। इससे पहले 9 जुलाई को भी कर्नाटक के बेंगलुरु में एक बस में आग लगने की खबर सामने आई थी। हालांकि, बस ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए यात्रियों की जान बचा ली थी। ड्राइवर ने बस में सफर कर रहे सभी 30 यात्रियों को समय रहते बाहर निकाल लिया था।

## बिहार में बारिश ने बिगाड़ी शहरों की हालत, गोपालगंज के सदर अस्पताल में भरा पानी

**पटना ।** बिहार के करीब सभी हिस्सों में हो रही बारिश से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के कई शहरों की हालत बदतर ही गई है।बारिश के कारण छोटी से बड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गोपालगंज के सदर अस्पताल में पानी भर गया है। सिवान, मोतिहारी, सीतामढ़ी, भागलपुर में कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, गंडक, कोसी और बागमती नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं सोन और गंगा नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गंडक डुमरिया घाट पर खतरे के निशान के पास बह रही है, जबकि कोसी बलतारा और बागमती नदी बेनीबाद में लाल निशान को पार कर गई हैं। वहीं पटना के फतुहा और दनियावां इलाके में धोवा नदी, महात्माइन नदी और लोकाइन नदी जैसी कई नदियां उफान पर हैं। इस दौरान कई इलाकों में खेतों में पानी घुस गया है। सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गई है सोन नदी में भी जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। गोपालगंज में मॉडल सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में घुटनों तक पानी भर गया है। जिससे मरीजों का काफी परेशानी हो रही है। वहीं डॉक्टर के चेंबर से लेकर ऑपरेशन कक्ष तक पानी ही पानी है। ऑक्सीजन मशीन, ऑक्सीजन प्लांट सब ठप हो चुके हैं।

## राई का बाग पैलेस जंक्शन स्टेशन का नाम अब होगा राईका बाग पैलेस जंक्शन



**जयपुर।** रेलवे ने जोधपुर मण्डल स्थित राई का बाग पैलेस जंक्शन का नाम परिवर्तित कर राईका बाग पैलेस जंक्शन करने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने स्थानीय लोगों के अनुरोध पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में पत्र लिखकर निवेदन किया था। इस पर श्री वैष्णव के निर्देश पर रेलवे प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन के परामर्श तथा पुराने रिकॉर्ड जांच करवाने पर वर्तनी मे त्रुटि पायी गई। त्रुटिवश स्टेशन का नाम राई का बाग पैलेस जंक्शन हो गया था, जिसे संशोधन कर अब स्टेशन का नाम राईका बाग पैलेस जंक्शन करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस त्रुटि पर राईका समाज ने विरोध भी जताया था।

# दिल्ली में तिहाड़ जेल के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, केजरीवाल के इस्तीफे की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तिहाड़ जेल के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है और उनके नेतृत्व में दिल्ली का विकास नहीं हो पा रहा है। केजरीवाल सरकार दिल्ली को लूटने का काम कर रही है। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था - ÷दिल्ली का विकास ठप, केजरीवाल इस्तीफा दो÷, ÷दिल्ली हुई बदहाल, केजरीवाल इस्तीफा दो', और 'दिल्ली का प्रशासन हुआ पंगु, केजरीवाल इस्तीफा दो'।



प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में दिल्ली का विकास ठप हो गया है और प्रशासन पंगु हो गया है। इस प्रदर्शन के साथ ही दिल्ली की राजनीति में एक नई गर्माहट आ गई है।

बता दें, इससे पहले सोमवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर लोकतांत्रिक प्रशासनिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि साल 2022 से 31 जुलाई 2024 तक केजरीवाल सरकार के मंत्रिमंडल की 71 में से 56 सर्कुलेशन बैठकें हुई थी और इन बैठकों में सीएम केजरीवाल ने अपना मनमाना निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया हर सरकार की नींव होती है। केजरीवाल सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है।

सीएम केजरीवाल मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा करने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने आगे कहा था कि वह मनमानी तरीके से अपनी सरकार चलाते हैं, मंत्रियों और अधिकारियों की नहीं सुनते। पिछले ढाई साल में सिर्फ 15 बार केजरीवाल सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जो यह साबित करती है कि सीएम केजरीवाल अपनी मर्जी के अनुसार फैसला लेते हैं।

## बांग्लादेश हालात पर राज्यसभा में एस जयशंकर बोले : शेख हसीना को हटाना एक मात्र मकसद, हिंदुओं को बनाया निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के हालात को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों को जानकारी देने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इस मुद्दे पर बयान दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ने कहा कि



प्रदर्शनकारियों का एक मात्र एजेंडा शेख हसीना को सत्ता से हटाना था। शेख हसीना ने भारत में कुछ समय ठहरने के लिए अनुरोध किया था। हिंसा के बाद शेख हसीना ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आर्मी चीफ के संपर्क में है। हम उम्मीद करते हैं अभी जो सरकार इंचार्ज में है वो भारतीय उच्चायोग और हमारे लोगों को सुरक्षा प्रदान करेगी। जब जयशंकर राज्यसभा में बोल रहे थे उसी वक्त ढाका से हिंदू समुदाय के एक नेता ने कहा कि उनके इलाकों में हमले हो रहे हैं।

# इंस्टाग्राम रील्स पर भड़के रामगोपाल यादव, कहा- अश्लीलता फैलाई जा रही है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने मंगलवार को सदन में इंस्टाग्राम पर रील्स बनाकर समाज में न्यूडिटी फैलाने वालों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस मंच ने समाज को असभ्य बनाकर रख दिया है, जिसका शिकार आज की तारीख में बड़ी संख्या में हमारे युवा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, इतना ही नहीं, आए दिन कई बड़े हादसे भी सोशल मीडिया की वजह से ही हो रहे हैं। ऐसे में मौजूदा सरकार के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कड़े कदम उठाए। अगर समय रहते इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो आगे स्थिति और ज्यादा खतरनाक हो सकती है। समाजवादी पार्टी सांसद रामगोपाल यादव राज्यसभा में बोल रहे थे।

सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा, 'हमारे समय में स्कूलों में बच्चों को अंग्रेजी छठी कक्षा में पढ़ाई जाती थी और जब बच्चा थोड़ी बहुत अंग्रेजी सीख लेता था, तो शिक्षक उसे कुछ वाक्य रटवाया करते थे कि वेल्थ इज लॉस्ट नथिंग इस लॉस्ट, हेल्थ इज लॉस्ट समथिंग इज लॉस्ट एंड कैरेक्टर इज लॉस्ट एवरीथिंग इज लॉस्ट। मुझे यह कहते हुए बहुत तकलीफ हो रही है कि हमारे बीच कुछ ऐसे चैनल्स हैं, जो लगातार हमारे समाज में अश्लीलता और हिंसा परोस रहे हैं। एक ऐसा ही मंच है, जिसका नाम इंस्टाग्राम रील्स है। देश की युवा पीढ़ी वर्तमान में तीन




घंटा इस मंच पर बर्बाद कर रहे हैं। बहुत ही अश्लील किस्म की सामग्रियों को देखने के लिए हमारे देश की युवा पीढ़ी अपना कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'इससे समाज में बहुत सारी विकृतियां पैदा हो रही हैं। आए दिन हम अखबारों में पढ़ते हैं कि इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई, फिर शादी हुई। इसके बाद लड़के ने लड़की का मर्डर कर दिया। कहीं लड़की लड़के का सारा सामान चुरा कर चली गई। इस तरह की घटनाएं रोज होती हैं। हमारे समाज में ऐसा होता हुआ आया है कि हम पूरे परिवार के साथ एकत्रित होते हुए आए हैं, लेकिन अब इस सोशल मीडिया की वजह से ऐसा नहीं हो पा रहा है। अब तो सभी फोन में उलझे रहते है। ऐसे में अब संबंधों में कमी आने लगी है। हमें ऐसी सूचना मिलती रहती है कि बेटे ने बाप को मार दिया, ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि अब प्रेम खत्म हो रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया के इस मंच की वजह से लोग परिवार में एक-दूसरे से संवाद नहीं कर पा रहे हैं, नहीं तो पहले लोग खुलकर परिवार में बातचीत करते थे। इसकी वजह से युवाओं के बिगड़ने की संभावना कम हुआ करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। इसी के वजह से ऐसी नौबत आ चुकी है।

# यूपी में अब एक जिला-एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य : सीएम योगी

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विगत सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने प्रमुख दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में 35 जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उन्होंने कहा कि निजी निवेश उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों में सहायक हो सकता है। इससे छात्रों के लिए उपलब्ध संस्थानों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयासों में भी सहायता मिलेगी।योगी ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश की ग्रास एनरोलमेंट रेट (जीइआर) 25.6 फीसद है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और यथाशीघ्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को यथोचित स्थान दें।उन्होंने कहा कि



अनुसार 2035 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है। निजी निवेश प्रोत्साहन नीति इस अंतर को पूरा कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी निवेश वर्तमान समय की आवश्यकता है। अन्य राज्यों की सम्बंधित नीति का अध्ययन करें। नई नीति में आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान होना चाहिए। इसे प्राथमिकता दें। इसी प्रकार, विश्व की टॉप रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों के कैम्पस के प्रस्ताव पर भी विशेष प्रोत्साहन प्रावधान रखें।

## हिमाचल के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करने पहुंची कंगना रनौत, कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

**शिमला ।** बॉलीवुड अभिनेत्री व बीजेपी नेता कंगना रनौत मंगलवार को बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करने अपने गृह राज्य पहुंचीं। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिलाया कि संकट के इस समय में केंद्र की मोदी सरकार राज्य के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराई गई मदद लोगों तक पहुंचाना मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है, लेकिन मैं देख पा रही हूं कि राज्य सरकार गंभीर नहीं है। किसी भी प्रकार की मदद स्थानीय लोगों को नहीं पहुंचाई जा रही है। अगर पहुंचाई गई होती, तो आज प्रदेश के लोगों को ऐसी स्थिति नहीं होती। कंगना रनौत ने स्थानीय लोगों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को लोगों की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है, वो अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में व्यस्त है। इस सरकार को ऐसा लगता है कि इससे उसे राजनीतिक मोर्चे पर फायदा मिलेगा, लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि उन्हें किसी भी प्रकार का फायदा मिलने वाला नहीं है। कंगना ने आगे कहा, 'यह दिल दहला देने वाली त्रासदी है, जो कि हमारे हिमाचल के लोगों पर आई है, लेकिन मैं सभी लोगों को आश्वस्त करती हूं कि केंद्र की मोदी सरकार राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

# जमीन के बदले नौकरी घोटाले में ईडी ने किया लालू-तेजस्वी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली ।** ईडी ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत 13 अगस्त को मामले की सुनवाई करेगी।

जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में पहला पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया है। नई पूरक चार्जशीट 1000 पन्नों की है। ईडी द्वारा दायर मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से निकला है। लालू यादव और तेजस्वी यादव के अलावा आठ अन्य को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब बहस शुरू होगी जिसके लिए 13 अगस्त की तारीख तय की गई है। गौरतलब है कि कथित घोटाला उस समय का है जब लालू यादव यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी के पदों पर कई लोगों की नियुक्ति की गई और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनकी संबंधित कंपनी एके इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड के नाम कर दी।इसी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने 26 जून को एक अन्य आरोपी अमित कत्याल को जमानत दे दी थी।

ईडी के मुताबिक कत्याल एके इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे। उन्हें मेडिकल आधार पर छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी गई थी। कत्याल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 11 नवंबर, 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

# अमित शाह का सौगत रॉय पर कटाक्ष, कहा- पश्चिम बंगाल मॉडल दूसरे राज्य के लिए अपनाने लायक नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की कार्यवाही जारी है। इस दौरान टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने लोकसभा में पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद का जिक्र किया। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि ममता सरकार ने राज्य में काफी हद तक वामपंथी उग्रवाद को कंट्रोल किया है।

सौगत रॉय ने कहा, पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद हुआ, लेकिन ममता सरकार ने राज्य में इसे कंट्रोल करने का काम किया। राज्य में ट्राइबल को नौकरी दी गई। जिससे वामपंथी उग्रवाद अब वहां बंद हो गया है।

उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में पहले इस तरह की घटनाएं खूब होती थीं, लेकिन ममता बनर्जी सरकार की कोशिशों से अब बंगाल ने इस पर लगाम कस ली है। उन्होंने ममता सरकार के पश्चिम बंगाल मॉडल की तारीफ की।उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि क्या केंद्र सरकार वामपंथी उग्रवाद को रोकने के लिए



किए गए पश्चिम बंगाल के प्रयासों की स्टडी करेगी ताकि ये मॉडल अन्य राज्यों में अपनाए जाएं, जिसे वो छत्तीसगढ़ समेत कई जगहों पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। सौगत रॉय के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कोई राज्य अच्छा करे तो उसके उदाहरण को पूरे देश में लागू करने में नरेंद्र मोदी सरकार को कोई परहेज नही है। लेकिन, मैं मानता हूं कोई राज्य नहीं चाहेगा कि पश्चिम बंगाल का मॉडल वहां अपनाया जाए।

संसद के दोनों सदनों में कई और मुद्दों पर सदस्यों ने अपना पक्ष रखा। इससे पहले लोकसभा में मंगलवार को दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में गिराए गए परमाणु बम के कारण मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और पीड़ित लोगों को याद किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज से 79 वर्ष पूर्व 6 अगस्त और 9 अगस्त 1945 को क्रमशः हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिराए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप हजारों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और लाखों लोग घायल हुए थे या जीवन भर के लिए अपंग हो गए थे। इस घटना ने पहली बार मानवता का परमाणु बम की विभीषिका से परिचय कराया था। उन्होंने कहा, इस घटना के इतने वर्षों बाद भी हिरोशिमा और नागासाकी के निवासी परमाणु विकिरण के खतरनाक दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस से चुनाव लड़ने पर विधायकी गंवाने वाले जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाईकोर्ट से झटका

एजेंसी

**रांची ।** दल-बदल मामले में झारखंड विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले मांडू क्षेत्र के पूर्व विधायक जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाईकोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं मिल पाई है। झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के ट्रिब्यूनल ने 25 जुलाई को जयप्रकाश पटेल की विधायकी रद्द कर दी थी। पटेल ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

अदालत ने स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इस याचिका पर सुनवाई आगे जारी रहेगी। इसे लेकर शिकायतकर्ता झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी किया गया है।जयप्रकाश पटेल वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गए थे। इस साल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की



सदस्यता ले ली थी और उसके टिकट पर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे।

पार्टी बदलने के बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया था। इसे लेकर विधानसभा में भाजपा विधायक दल एवं प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने उनके खिलाफ स्पीकर के ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उनकी विधायकी समाप्त कर दी गई थी। जयप्रकाश पटेल ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि स्पीकर ट्रिब्यूनल ने उनका पक्ष पूरी तरह सुने बिना फैसला दिया है, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता बहाल की जानी चाहिए।

बता दें कि दल-बदल के मामले में स्पीकर ट्रिब्यूनल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम की भी सदस्यता रद्द की है। उन्होंने भी इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन अदालत ने उनके मामले में भी स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## जोधपुर मण्डल में भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित

एजेंसी

**जयपुर।** भारी बरसात के कारण रेलवे के जोधपुर मण्डल के केरला-पाली मारवाड यार्ड के मध्य पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा छह अगस्त को रद्द रहेगी। इसी तरह गाडी संख्या 09695/96, मारवाड़ जंक्शन -खामली घाट -मारवाड जंक्शन रेलसेवा भी मंगलवार को रद्द रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गाडी संख्या 19224, जम्मू तवी-गांधीनगर कैपिटल रेलसेवा जो पांच अगस्त को जम्मू तवी से प्रस्थान किया है उसे परिवर्तित मार्ग लूनी-समदडी-भीलडी-पाटन-मेहसाना होकर संचालित किया गया है।

# बांग्लादेश के हालात के पीछे अमेरिका और पाकिस्तान का हाथ : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी

एजेंसी

**बरेली ।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश के हालातों को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने इसके पीछे पाकिस्तान और अमेरिका का हाथ बताया।मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, बंगलादेश के ताजा हालात बेहद नाजुक हैं। वहां तख्तापलट हो चुका है और हमें इस बात का अफसोस है। उन्होंने बांग्लादेश के हालातों का जिक्र करते हुए कहा, इस तख्तापलट के पीछे पाकिस्तान और अमेरिका का हाथ है। उन्होंने बांग्लादेश में कट्टरपंथी विचारधारा को ताकत दी। और उनके माध्यम से वहां तख्तापलट कराया। शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शेख हसीना को सुन्नी-सूफी विचारधारा पर चलने वाली नेता बताया। उन्होंने कहा, शेख हसीना ने सुन्नी सूफी विचारधारा पर चलकर बांग्लादेश का कायाकल्प किया। उन्होंने भारत सरकार के साथ मिलकर बांग्लादेश को तरक्की की ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी ये कामयाबी कट्टरपंथी विचारधारा को खल रही थी। इसलिए शेख हसीना ने कट्टरपंथी विचारधारा रखने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की और जमात-ए-इस्लामी नाम के संगठन पर प्रतिबंध लगाया। शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने पाकिस्तान और अमेरिका पर आरोप लगाते हुए कहा, वहां के कुछ लोगों ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी विचारधारा रखने वाले लोगों को ताकत दी। इसके बाद वहां शेख हसीना के खिलाफ उग्र आंदोलन हुआ, जिसने चुनी हुई सरकार को गिरा दिया। ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर हमारी हमदर्दी बांग्लादेश के लोगों के साथ है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंसा के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना सोमवार को भारत पहुंचीं।

# बांग्लादेश में क्यों बिगड़े हालात, पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने बताई वजह

**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हालात काफी बिगड़े हुए हैं। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने हिंसा के बाद देश छोड़ दिया है और वह यूपी के गाजियाबाद में स्थित हिंडन एयरबेस पर ठहरी हुई हैं। बांग्लादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त रहीं वीना सीकरी ने वहां के हालातों के बारे में आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हालात इस समय काफी गंभीर हैं। हमें उम्मीद नहीं थी कि वहां स्थिति इतनी जल्दी बिगड़ जाएगी। अगर आप कोटा सुधार आंदोलन के बारे में बात करते हैं, तो छात्र और प्रधानमंत्री शेख हसीना एक ही पृष्ठ पर थे। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और इस मुद्दे पर उन्हें छात्रों का भी साथ मिला। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि 15 जुलाई के बाद वहां हालात बिगड़े और सड़कों पर उग्र प्रदर्शन शुरू हो गया। 21 जुलाई के बाद कोटा सुधार आंदोलन पीछे चला गया। इस मुद्दे पर राजनीतिक दल आगे आ गए। देखते ही देखते ये आंदोलन हिंसक हो गया। एक समय पर, छात्रों ने यहां तक कहा कि हम एक स्थगन प्रस्ताव रखेंगे और हमारे पास प्रधानमंत्री शेख हसीना को देने के लिए एक लिस्ट है।



# स्वस्थ तन और मन के लिए याद रखें 5 नियम

**हमारे शरीर की हर प्रणाली आपस में जुड़ी हुई है। इसलिए, हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हम इन नियमों को नियमों की तरह नहीं मानते हैं, क्योंकि ये जीवन का एक तरीका हैं।**

## पूरा पोषण लेना

पोषण लेने का मतलब यह नहीं है कि हम हर समय सलाद खाते रहते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा से लेकर सभी विटामिन और खनिजों तक सभी पोषक तत्वों से भर दें। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा कुल कैलोरी सेवन हमारे शरीर संरचना लक्ष्यों के अनुरूप है। यह भी सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आहार में हमारे पसंदीदा और मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे शरीर का 50-60 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है और हमें इष्टतम स्वास्थ्य, मस्तिष्क के कार्य आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।

## व्यायाम और गतिविधि

सप्ताह में कम से कम 3-5 बार व्यायाम करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। व्यायाम का कोई भी रूप जो हमारे लिए सुरक्षित है, और जिसका हम आनंद लेते हैं, हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी शुरूआत है। दैनिक आधार पर सक्रिय रहने और अधिक कदम (8-10' कदम) चलने के साथ इसे जोड़ना एक आदर्श संयोजन बनाता है।

## इसके बाद नींद आती है

हर रात 75 घंटे से ज्यादा सोना अच्छा होता है। पर्याप्त नींद भी हमारी उत्पादकता में सुधार करती है और लालसा, भूख को कम करती है, सूजन और भावनात्मक प्रतिक्रिया को कम करती है।

## तनाव प्रबंधन और दिमागीपन

दूसरी ओर, तनाव प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, अगर तनाव को ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो यह वास्तव में हमें बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। याद रखें, हमारे विचारों की गुणवत्ता हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करती है। इसलिए, हमें सक्रिय रूप से अपने दिमाग पर काम करना चाहिए, खुद को सुधारना चाहिए और अपने मानसिक दोषों को कम करना चाहिए। नियमित रूप से ध्यान करना और कृतज्ञता जर्नलिंग रूटीन रखना इनके लिए एक गेम चेंजर है।

## पर्यावरण और नियमित प्रबंधन

पर्यावरण प्रबंधन में हमारे पर्यावरण में सब कुछ शामिल है। किचन में खाने से लेकर हमारी आदतों और सोशल मीडिया पर हम लोगों को फॉलो करते हैं। क्या हम अपने आत्म-विकास और हमारे लिए महत्वपूर्ण लोगों को पर्याप्त समय दे रहे हैं? यह उस तरह के लोगों तक भी फैलता है जिनसे हम खुद को घेरते हैं। खुद से पूछने के लिए कुछ प्रश्न: क्या वे हमें प्रेरित करते हैं? क्या वे हमें और हमारे लक्ष्यों का समर्थन करते हैं? क्या वे हमें सुधारने में मदद करते हैं? क्या हमारी दिनचर्या हमें स्वस्थ बनाती है, हमें मनुष्य बनाती है या हमें अधिक उत्पादक बनाती है? मैं अत्यधिक सुबह और सोने से पहले की दिनचर्या रखने की सलाह दूंगा।



# आलू का करें छिलके सहित इस्तेमाल जानिए इसके लाभ

सब्जी बनाते समय हम जब आलू का इस्तेमाल करते है, तो आमतौर पर लोग इसके छिलके निकाल कर फेंक देते है, और इसके बाद ही आलू का इस्तेमाल करते है, लेकिन क्या आप जानते हैं आलू को छिलके सहित इस्तेमाल करने के क्या सेहत लाभ मिलते हैं।

## ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है

आलू में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो कि ब्लड प्रेशर को रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है

आलू के छिलकेमेटाबॉलिज्म को भी सही रखने में मददगार होते है। इन्हें खाने से नर्व्स को मजबूती मिलती है।

## एनीमिया से दूर रखता है

आलू के छिलकेमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है जिससे एनीमिया होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

## ताकत

आलू के छिलकेमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी3 पाया जाता है, जो कि शरीर को ताकत देने का काम करता है।

## फाइबर से भरपूर

हमारी डाइट में फाइबर की कुछ मात्रा जरूर शामिल होना चाहिए और आलू के छिलकेमें अच्छी मात्रा में फाइबर्स होते हैं। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बूस्ट करने का काम करते है।

# लहसुन-अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

**किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं और इसे मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में पौष्टिक आहार व सही दिनचर्या का पालन करना भी जरूरी है। साथ ही ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने की आवश्यकता है, जो हमें अंदर से मजबूत बनाए। हमारी रसोई में वे सारी औषधियां मौजूद हैं जिनके गुणों से हम अभी भी अनजान हैं।**

जी हां, आप अदरक-लहसुन का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके सेहत लाभ के बारे में जानते हैं? लहसुन-अदरक के सेवन से आप निरोगी काया पा सकते हैं। लेकिन इसी के साथ इसका सेवन कैसे करना है, इस बारे में भी हमें पता होना आवश्यक है। अधिकतर लोग यह सोचते हैं कि केवल खाने में ही अदरक-लहसुन का सेवन काफी है लेकिन इसके अलावा भी आपको इनका सेवन करना चाहिए, क्योंकि खाने के पकने के दौरान इनके गुण कम हो जाते हैं। आइए जानते हैं इस लेख में लहसुन-अदरक के फायदों व सेवन करने के सही तरीके के बारे में।

## इम्यून सिस्टम को कैसे करें मजबूत?

इम्यून को मजबूत करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें। इसे खाने में पका के खाने की बजाय इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। कुछ देर इन्हें हवा लगने दें। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल तत्व पाया जाता है। ये तत्व वायरस, बैक्टीरिया व फंगस के खिलाफ काम करते हैं। लहसुन खाने से एंटीवायरस प्रोटेक्शन भी मिलता है।

## लहसुन कैसे खाएं

इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसे आप खाना खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। लहसुन को चबा-चबाकर खाने की बजाए इसे पानी के साथ सीधा निगल लें। इस तरह से लहसुन का सेवन करने से यह ज्यादा फायदेमंद होता है। लहसुन को 25 से 30 दिन नियमित खाने के बाद आपके अंदर से लहसुन की खूशबू आना शुरू हो जाएगी तब आप समझ जाएं कि इससे अधिक आपको लहसुन का सेवन नहीं करना है।

लहसुन कई लोगों को हजम नहीं होता है। इसके लिए आप इसका सेवन एकसाथ न करें व धीरे-धीरे इसकी आदत डालें। शुरुआत के समय आप लहसुन के एकदम छोटे से हिस्सा का सेवन करें, फिर इसी तरह धीरे-धीर इसे बढ़ाएं। जब आप लहसुन ले रहे हैं तो इसके साथ दही का सेवन भी करें।

## अदरक

अदरक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रख सकते हैं। इसका नियमित सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देगा।

## अदरक को कैसे खाएं?

अदरक को बिलकुल बारीक पीस लें व कद्दूकस करें। आपको अदरक 1 चम्मच लेना है। इसमें 6 गिलास पानी डालें। अब इसे उबलने दें। जब यह पानी 3 गिलास हो जाए तो इसे 1 कप में निकाल लें। इसे आप गुड़ या शहद के साथ भी ले सकते हैं। दिनभर में एक बार इसका सेवन करें।



# क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?

वॉकिंग करना यानी टहलना कई वजहों से हेल्थ के लिए फायदेमंद ही है। इसस दिल स्वस्थ रहता है, कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, मूड को बेहतर बनाता है। लेकिन क्या खाना खाने के बाद वॉकिंग करना हेल्दी है? स्टडी से पता चलता है कि यह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## यह ब्लड शुगर को रखता है मैंटेन

डायबिटीज मैनेजमेंट में एक अहम हिस्सा आपकी फिजिकल एक्टिविटी होती है। टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के साथ एक कंट्रोल्ड ट्रायल में पाया गया कि जो लोग अपने मुख्य भोजन के बाद वाकिंग करते थे उनका शुगर लेवल उन रोगियों की तुलना में कम था जो दिन में सिर्फ एक बार चलते थे।

## दिल के लिए है अच्छा

एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर दिन चलने से आपको हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। दरअसल करेंट ओपिनियन इन कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार वाकिंग करना कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, ब्लड सर्कुलेशन और ब्लडप्रेशर के लिए फायदेमंद होता है। इस तरह खाना खाने के बाद चलना आपके दिल की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका है।

## पाचन को रखता है दुरुस्त

रिसर्च कहती है कि फिजिकल एक्टिविटी के एंटी इन्फलेमेटरी एक्टिविटी के कारण खाना खाने के बाद चलना पाचन में सुधार कर सकता है। एक्सरसाइज से अपनी आंतों में फैट, लिपिड और ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के परिवर्तनों को कम करने में मदद करते हैं जो इन्फलेमेटरी स्थितियों को कम कर सकते हैं।

## लेकिन दुष्प्रभाव भी हैं

खाने के बाद वॉकिंग करना पेट में तकलीफ की वजह भी बन सकता है। इनमें अपच, मतली, उल्टी, पेट फूलना, गैस, दस्त, और दर्द शामिल हैं। यह एक हाई कार्बोहाइड्रेट सेवन या हाल ही में खाए गए खाद्य पदार्थों के पाचन में समस्याओं के कारण होता है। इससे बचने के लिए आपको चलने से 30 मिनट पहले इंतजार करना चाहिए।



**चलना या वॉकिंग करना ऐसी एक्टिविटी है जिसे आप आसानी से अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। लेकिन क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?**





# जानिए मुलेठी के ये गजब के फायदे

मुलहठी स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ कई औषधि गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से न सिर्फ खांसी में आराम मिलता है बल्कि इसके कई फायदे भी है। इसका इस्तेमाल आंखों के रोग, मुंह के रोग, गले के रोग, दमा, दिल के रोग, घाव के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है आइए जानते हैं मुलहठी के गजब के फायदों के बारे में.

- अगर आप सूखी खांसी या गले की समस्याओं से परेशान हैं, तो मुलहठी आपके काम की चीज है। काली मिर्च के साथ पीस कर मुलहठी का सेवन, सूखी खांसी में तो लाभकारी है ही, साथ ही इसे चूसने या उबालकर सेवन करने से गले की खराश, दर्द आदि में भी लाभ होता है।
- मुलहठी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है। इसे घिसकर लगाने पर चेहरे के दाग और मुंहासे ठीक हो जाते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा को जवा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुलहठी रक्त को भी शुद्ध करती है जिससे त्वचा की समस्याएं नहीं होती।
- दूध के साथ मुलहठी का सेवन शरीर की ताकत में वृद्धि करता है। इसके अलावा घी व शहद के साथ मुलहठी का प्रयोग करने से हृदय से संबंधित समस्याएं नहीं होती।
- मुंह में छाले हो जाने की स्थिति में मुलहठी चूसना, इसके पानी से कुल्ला करना और उसे पीना बहुत जल्दी छालों से राहत देता है। साथ ही मुलहठी आवाज को मधुर और सुरीली बनाने के लिए भी उपयोग की जाती है।
- पेट के अल्सर में मुलहटी का सेवन ठंडक देने के साथ ही लाभप्रद होता है। आंत की टीबी होने की स्थिति में भी मुलहठी फायदेमंद उपाय है।
- त्वचा या शरीर में कही जल जाने पर भी मुलहठी के चूर्ण और मक्खन का लेप एक कारगर उपाय है, साथ ही यह आंखों की रौशनी में भी वृद्धि करती है।



# पेट से जुड़ी समस्याओं से हैं परेशान तो इन आसान उपायों से पाएं छुटकारा

**लाइफस्टाइल में बदलाव का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। गलत खान-पान आपकी सेहत को प्रभावित करता है, ऐसे में पेट से जुड़ी समस्या का होना आम बात है। जैसे पेट दर्द, गैस, पेट का फुलना आदि। वहीं कुछ लोग पेट अच्छी तरह साफ न होने की शिकायत रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप पेट साफ न होने की समस्या से निजात पा सकते हैं।**



- बदहजमी से परेशान है, तो आपको पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीना पेट को साफ करने में मदद करता है। इसका सेवन आप चटनी के रूप में भी कर सकते है।
- सौंफ और सफेद जीरा पाउडर को पहले तवे पर भून लें और फिर उसे मिलाकर पीस लें। अब इस पाउडर का सेवन या तो दिन में एक बार करें या फिर अगर पेट साफ न होने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं, तो इसका सेवन दो से तीन बार करें। आपको पेट साफ न होने की समस्या से राहत मिलेगी।
- नियमित रूप से सुबह के समय गुनगुना पानी पीने की आदत बनाएं। इसके कई फायदे हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है।
- अजवाइन का बीज गैस और बदहजमी की समस्या को दूर करता है और तुरंत पेट को साफ करता है। इसके लिए आप अजवाइन के बीज को भूनकर रख लें और खाना खाने के बाद कुछ बीजों को रोज चबाएं।

## नवपाची किश्तवाड़ में क्रिकेट लीग का आयोजन

एजेंसी

**किश्तवाड़।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के नवपाची गांव में 24 जुलाई 2024 से आयोजित की जा रही क्रिकेट लीग का सफलतापूर्वक समापन किया। लीग में नवपाची क्षेत्र से 16 टीमों ने शानदार भागीदारी की जिसमें प्रतिभागियों के बीच खेल भावना और भाईचारे की भावना देखने को मिली। इसके फाइनल मैच में टीम पेंटागन और टीम पासर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। रोमांचक समापन में टीम पेटगांव विजयी हुई, खिताब जीता और उसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। भारतीय सेना द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना था। इस आयोजन को स्थानीय समुदायों और प्रतिभागियों से समान रूप से उत्साहपूर्ण समर्थन मिला। भारतीय सेना इस लीग की सफलता में योगदान देने वाली टीमों, अधिकारियों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करती है तथा भविष्य में इस तरह के और अधिक आयोजन करने की आशा करती है।

## पेरिस ओलंपिक: महिला टीम टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा भारत

**पेरिस।** ओलंपिक में पदार्पण कर रही भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच से शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अदीना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराया। इसके बाद मनिका बत्रा ने बर्नाडेट स्ज़ोक्स के खिलाफ़ सीधे गेम में 11-5, 11-7, 11-7 से जीत दर्ज की और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, श्रीजा अकुला तीसरे मैच में समारा से 11-8, 4-11, 11-7, 6-11, 8-11 से हार गईं, जिससे मुकाबला चौथे गेम तक खिंच गया। इसके बाद अर्चना को स्ज़ोक्स के खिलाफ 5-11, 11-8, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मैच में मनिका ने डायकोनू पर 11-5, 11-9, 11-9 से जीत हासिल की और भारत को 3-2 से जीत दिलाकर अंतिम 8 में पहुंचा दिया। रत का अगला मुक़ाबला संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी के बीच होने वाले राउंड ऑफ़ 16 के मैच के विजेता से होगा। अंतिम-आठ का मैच होगा।



## इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का 55 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का लंबे समय से बीमारी से पीड़ित होने के बाद 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 55 साल की उम्र में थोर्प के निधन से क्रिकेट जगत को झटका लगा है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। ईसीबी ने एक बयान में कहा, हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। ग्राहम के निधन पर हमें जो गहरा सदमा लगा है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इंग्लैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक होने के अलावा, वह क्रिकेट परिवार के एक प्रिय सदस्य थे और दुनिया भर के प्रशंसक उनका सम्मान करते थे। बयान में आगे कहा गया, उनकी कुशलता पर कोई सवाल नहीं था और 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में उनकी योग्यता और उपलब्धियों ने उनके साथियों और इंग्लैंड और सरे सीसीसी समर्थकों को बहुत खुशी दी। बाद में, एक कोच के रूप में, उन्होंने इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीम को खेल के सभी प्रारूपों में कुछ अविश्वसनीय जीत दिलाई।



## नेपाल ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए घोषित की प्रारंभिक टीम

**नई दिल्ली।** नेपाल ने आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अपनी प्रारंभिक टीम घोषित कर दी है। अगले महीने होने वाली इस श्रृंखला में कनाडा और ओमान दो अन्य टीमें हैं। इस महत्वपूर्ण श्रृंखला की तैयारी के लिए 22 खिलाड़ियों की टीम एक बंद प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेगी। हाल ही में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप और इस साल की पिछली लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। हालाँकि, कुछ उल्लेखनीय खिलाड़ी टीम से बाहर हैं। जून में टी20 विश्व कप के लिए यूएसए और कैरेबियाई दौरे पर गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रैटिस जीसी और ऑलराउंडर अविनाश बोहारा को टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, पवन सर्राफ इस साल की शुरुआत में नेपाल के लीग 2 अभियान में योगदान देने के बाद चोट के कारण बाहर हैं। उनकी जगह नेपाल ए के लिए खेलते हुए शानदार फॉर्म दिखाने वाले ऑलराउंडर बसीर अहमद को टीम में जगह मिली है।

# पेरिस ओलंपिक समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी मनु भाकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और स्टार निशानेबाज मनु भाकर चल रहे पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन समारोह में देश की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। पुरुष ध्वजवाहक का चयन बाद में किया जाएगा।

आईओए के बयान में कहा गया, आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा और चीफ डी मिशन गगन नारंग को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पिस्टल शूटर मनु भाकर समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगी। पुरुष ध्वजवाहक का चयन बाद में किया जाएगा। साथ ही, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) ने ध्वजवाहक के रूप में चुने जाने पर उनकी प्रतिक्रिया का एक वीडियो पोस्ट किया। एसएआई मीडिया ने पोस्ट में कहा, बेशुमार खुशी! मनु भाकर को पता चला है कि उन्हें पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। भाकर ने पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ग्रीष्मकालीन खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर कई उपलब्धियां हासिल कीं।



भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके मौजूदा ओलंपिक में भारत के लिए पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया, जिससे वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गईं। उसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम और भाकर का दूसरा पदक था।

भाकर के पास पेरिस से तीन पदक लेकर लौटने का मौका था। लेकिन अपने अंतिम स्पर्धा में, वह ऐतिहासिक ग्रैंड ट्रेबल से चूक गईं और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

भाकर स्वतंत्रता के बाद पेरिस ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली भारतीय दल की पहली एथलीट हैं। इससे पहले 1900 के ओलंपिक में, नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो पदक जीते थे, दोनों ही 200 मीटर और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक थे।

## पेरिस ओलंपिक : भारत की एक और उम्मीद टूटी, कांस्य पदक मैच में हारे लक्ष्य सेन



एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी सेन को विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के ली ज़ी जिया ने 21-12, 16-21, 11-21 से हराया। लक्ष्य, जो ओलंपिक बैडमिंटन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष हैं, ने कांस्य पदक मुकाबले में शानदार शुरुआत की और पहला गेम आसानी से 21-12 से अपने नाम किया, वहीं, मलेशियाई खिलाड़ी ने अपने पैर जमाने के लिए समय लिया। लेकिन दूसरे गेम से ली ने अपनी रफ़्तार बढ़ा दी। लक्ष्य काफी थके हुए थे, और उनके हाथ में चोट भी थी, लेकिन उन्होंने कई गलतियाँ कीं और वे आगे नहीं बढ़ पाए। ली ने लय पकड़ी और दूसरा सेट 21-16 से अपने नाम कर लिया और मैच तीसरे सेट में चला गया। निर्णायक गेम में लक्ष्य की लय एकदम से गायब हो गई और वह हर एक अंक के लिए संघर्ष करते दिखे, ली ने एकतरफा अंदाज में तीसरा गेम 21-11 से जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह ली का पहला ओलंपिक पदक है।

## पेरिस ओलंपिक : चोट की वजह से 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हारीं निशा दहिया

एजेंसी

**पेरिस।** कुश्ती में महिलाओं के 68 किग्रा भार वर्ग में पदक की उम्मीदें फिर चकनाचूर हो गई हैं। भारतीय पहलवान निशी दहिया क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चोट के कारण शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सकीं और उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हार झेलनी पड़ी। सोल गम ने निशा को 10-8 से मात दी।

हालांकि मैच की शुरुआत में निशा दहिया ने तेजी दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी सोल गम पर बढ़त बना ली। एक समय निशा 4-0 से आगे चल रही थीं। इसके बाद अगले कुछ समय तक निशा ने रक्षात्कम रवैया अपनाया और उत्तर कोरिया की पहलवान को अंक हासिल करने से रोके रखा।वहीं दूसरे चक्र में सोल गम ने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए एक अंक हासिल कर लिया। तभी मौके का फायदा उठाते हुए निशा ने सोल को रिंग से बाहर निकालकर अपनी बढ़त 6-1 कर ली। हालांकि इस दांव के चक्कर में निशा का दाहिना हाथ गंभीर रूप से चोटिल हो गया। खेल के आखिरी मिनट में जहां निशा दर्द से कराह रही थीं वहीं सोल गम ने तेजी अपनाई और अंक हासिल करने लगीं। काफी कोशिशों के बाद भी निशा उत्तर कोरियाई पहलवान को रोक पाने में असफल रहीं।




# कुलपति ने हॉकी टीम के खिलाड़ियों को दी बधाई

एजेंसी

**जौनपुर।** पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जौनपुर जनपद के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के दो पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वन्दना सिंह व्हाट्सएप कॉल पर ग्रेट ब्रिटेन के साथ हुए मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर ललित कुमार उपाध्याय को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी आज देश के लिए खेल रहे हैं, यह बहुत गौरव की बात है। उन्होंने आगे होने वाले मैच के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार को भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच रोमांचक मैच रहा। भारतीय हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन को शूट आउट में हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस बार ओलंपिक में प्रतिभाग करने गई भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दो पूर्व खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल शामिल हैं। ललित कुमार उपाध्याय एवं राज कुमार पाल



विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय मेघबरन सिंह पीजी कॉलेज, करनपुर गाजीपुर से स्नातक किया है।

# राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे सौ से अधिक खिलाड़ी

एजेंसी

**कानपुर।** टोक्यो ओलम्पिक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने की तीसरी वर्षगांठ सात अगस्त को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस चैम्पियनशिप में लगभग 100 से अधिक भाला फेंकने वालों के भाग लेने की उम्मीद है। यह जानकारी यूपी एथलेटिक्सि के सचिव डॉ. देवेश दुबे ने दी है।

उन्होंने बताया कि सात अगस्त को क्राइस्ट चर्च कॉलेज ग्राउंड कानपुर में भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाने के लिए किया जा रहा है, जो टोक्यो ओलम्पिक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक की वर्षगांठ का प्रतीक है। इस चैम्पियनशिप में पुरुष और महिला एथलीटों दोनों के लिए अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 और 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग की स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा।




सचिव देवेश दुबे के अनुसार पूरे राज्य के जेवलिन थ्रोअर इस आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत में एथलेटिक्स के लिए शासी निकाय, एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए सात अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन दिवस के रूप में नामित किया है। नीरज चोपड़ा ने 30 जून, 2022 को स्वीडन में स्टॉकहोम डायमंड लीग में 89.94 मीटर की थ्रो के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने बताया कि इससे यह राज्य के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन बन जाएगा। इसमें खिलाड़ियों को पहले से ही अपना पंजीकरण कराना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन से सम्पर्क कर फार्म भरना होगा।

## पेरिस ओलंपिक : स्कीट मिक्स्ड टीम शूटिंग स्पर्धा में भारत चौथे स्थान पर रहा

एजेंसी

**पेरिस।** अनंतजीत सिंह नरुका और माहेश्वरी चौहान की भारत की स्कीट मिश्रित टीम पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक मैच में चीन से 44-43 से हार गई। भारतीय टीम ने कुल 48 में से 43 लक्ष्य साधे। चीन ने एक कदम आगे रहते हुए 48 में से 44 छर्रे साधे और तीसरा स्थान प्राप्त किया। चीन की ल्यू जियानलिन ने 24 में से 24 शॉट पर परफेक्ट स्कोर बनाया। उनके साथी जियांग यिटिंग ने शॉट्स की दूसरी सीरीज में चार में से तीन शॉट मिस किए, लेकिन उन्होंने सुधार किया, और शेष में से केवल एक ही शॉट मिस किया।भारत के लिए अनंतजीत ने दो निशाने मिस किए, जबकि माहेश्वरी तीन में विफल रहीं। यह पहली बार था जब स्कीट शूटिंग में मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की गई थी बता दें कि भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में अब तक तीन कांस्य पदक जीते हैं और तीनों ही निशानेबाजी में आए हैं।



## दिनेश कार्तिक को एसए20 लीग का दूत नियुक्त किया गया

एजेंसी

**कानपुर।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को एसए20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। एसए20 की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में कार्तिक के हवाले से कहा गया, '' इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे हैं जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किये है।'' विज्ञप्ति के मुताबिक, ''कार्तिक लीग के वैश्विक प्रशंसक आधार को मजबूत करने और भारत तथा इंग्लैंड के प्रमुख रणनीतिक बाजारों में ब्रांड जागरूकता को मजबूत करने में मदद करने के लिए साथी खिलाड़ी और एसटी20 के अन्य दूत एबी डिविलियर्स और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और लीग आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''कार्तिक की असाधारण क्रिकेट प्रतिभा और व्यक्तित्व उन्हें हमारी लीग के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाते हैं और उनकी भागीदारी निस्संदेह विश्व स्तर पर और भारत में इस लीग को बढ़ावा मिलेगा।''

# पेरिस 2024 ओलंपिक : लिंग विवाद में फंसे मुक्केबाज खेलों में बने रहेंगे : आईओसी

एजेंसी

**पेरिस।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में लिंग विवाद के केंद्र में रहीं दो महिला मुक्केबाज तब तक प्रतियोगिता में बनी रहेंगी, जब तक वे जीतती रहेंगी, क्योंकि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं।

पिछले साल शासन और वित्तीय सुधारों को लागू करने में विफलता के बाद अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता छीनने के बाद आईओसी पेरिस में मुक्केबाजी टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रभारी है। अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ और ताइवान की दो बार की विश्व चैंपियन लिन यू-टिंग, जो अपने-अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, को 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद खेलों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई थी। उस समय आईबीए ने कहा था कि वे लिंग पात्रता परीक्षण में विफल रहे थे और जोर देकर कहा कि उन्हें पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए।आईओसी के प्रवक्ता मार्क एडम्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ये एथलीट छह साल से बिना किसी परेशानी के सीनियर प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। ये महिलाएँ इस प्रतियोगिता के लिए पात्र थीं, इस प्रतियोगिता के लिए पात्र हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी।दोनों मुक्केबाज़ पहले ही अंतिम चार चरण में पहुँचकर कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर चुके हैं। खलीफ, जिनका एंजेला कैरिनी के खिलाफ पहला राउंड मुकाबला 46 सेकंड तक चला, मंगलवार को थाईलैंड की जनजेम सुवानाफेंग का सामना करेंगी। लिन का सामना एक दिन बाद तुर्की की एसरा कहरमन यिल्डिज़ से होगा।



खलीफ के पिता अमर ने रॉयटर्स से कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है और उन्होंने उसे अल्जीरिया के लिए पदक जीतने का समर्थन किया।आईओसी ने आईबीए द्वारा आदेशित परीक्षणों के परिणामों को मनमाना और अवैध बताते हुए खारिज कर दिया है और कहा है कि उन्हें आयोजित करने का कोई कारण नहीं था। एडम्स ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकता कि वे विश्वसनीय थे या नहीं (लिंग परीक्षण) क्योंकि जिस स्रोत से वे आए थे वह विश्वसनीय नहीं थे, साथ ही परीक्षणों का आधार भी विश्वसनीय नहीं था। प्रवक्ता ने कहा, इस कारण से इस बात पर कोई विचार नहीं किया गया कि वे सही थे या नहीं, क्योंकि उनका यहाँ मुक्केबाजी की पात्रता से कोई लेना-देना नहीं था।

इन खेलों में, आईओसी मुक्केबाजी पात्रता नियमों का उपयोग कर रहा है जो 2016 और 2021 ओलंपिक दोनों में लागू किए गए थे और उनमें लिंग परीक्षण शामिल नहीं है। ओलंपिक निकाय आईबीए के साथ लंबे समय से विवाद में उलझा हुआ है, इससे पहले भी जब से उसने इसे मान्यता नहीं दी थी, मुक्केबाजी संगठन के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव, जो एक रूसी हैं, ने हाल के दिनों में भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट की एक श्रृंखला के साथ आईओसी और इसके अध्यक्ष थॉमस बाक पर खुलेआम हमला किया था।

## पेरिस ओलंपिक : किरण पहल 400 मीटर स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहीं, रेपेचेज स्पर्धा में लेंगी हिस्सा

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय एथलीट किरण पहल सोमवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के पहले दौर में हीट 5 में सातवें स्थान पर रहीं।

किरण ने स्टेड डी फ्रांस में 52.51 सेकंड का समय निकाला और अपनी हीट में सातवें और कुल मिलाकर 39वें स्थान पर रहीं। हालांकि किरण आज होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं, लेकिन उनके पास पदक जीतने का मौका होगा क्योंकि वह सोमवार को रेपेचेज राउंड में भाग लेंगी।

महिलाओं का 400 मीटर रेपेचेज राउंड भारतीय समयानुसार दोपहर 2:50 बजे निर्धारित है।

विशेष रूप से, जेसविन एल्ड्रिन चल रहे पेरिस ओलंपिक में रविवार को स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में क्वालीफिकेशन मार्क को पार करने में विफल रहे।

एल्ड्रिन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास और ग्रुप बी पुरुषों की लंबी कूद योग्यता में तीन में से उनकी एकमात्र सफल छलांग, 7.61 मीटर, उन्हें स्पर्धा के फाइनल में केंद्र में लाने के लिए पर्याप्त नहीं थी।

एल्ड्रिन ने ग्रुप बी में 16 में से 13वां स्थान हासिल किया। वह 8.15 मीटर के योग्यता मानक को पार करने में विफल रहे। उनका प्रयास दोनों समूहों के शीर्ष 12 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ताओं में स्थान पाने में उनकी मदद करने के लिए पर्याप्त नहीं था। कुल मिलाकर, वह 26वें स्थान पर रहे, जिससे 22 वर्षीय लॉन्ग जंपर का क्वालीफिकेशन राउंड में अभियान समाप्त हो गया।




## डूरंड कप हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है: खालिद जमील

एजेंसी

**जमशेदपुर।** स्टील सिटी जमशेदपुर में इंडियन ऑयल डूरंड कप के 133वें संस्करण की शुरुआत हो चुकी है, इस बार घरेलू टीम जमशेदपुर एफसी ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों को जीतकर खुद को खिताब के दावेदारों में से एक घोषित कर दिया है। एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर 2023-24 खालिद जमील की अगुआई में रेड माइनर्स ने अब तक पांच गोल किए हैं और सिर्फ एक गोल खाया है।

अपनी टीम के अब तक के प्रदर्शन को लेकर कोच खालिद ने कहा, ग्रुप स्टेज में अभी भी हमारा एक गेम बचा है और हम उस गेम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमें गेम जीतने और ग्रुप स्टेज को पूरे अंकों के साथ खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने ग्रुप स्टेज में जमशेदपुर एफसी के अंतिम प्रतिद्वंद्वी इंडियन आर्मी एफटी के खिलाफ मैच को लेकर कहा, हम उनकी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करेंगे, वे बहुत फिट और शारीरिक रूप से मजबूत टीम हैं। हम उनके दोनों मैच देखेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे,

खालिद जमील ने 2023-24 इंडियन सुपर लीग सीजन के मध्य में जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाला और अपनी टीम को प्ले-ऑफ़ में जगह बनाने के बहुत करीब ले गए। क्लब ने पूर्व आई-लीग विजेता कोच पर अपना भरोसा जारी रखने का फैसला किया और अगले दो सीज़न के लिए उनका अनुबंध बढ़ा दिया। उन्होंने कहा, जमशेदपुर एफसी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं वास्तव में खुश हूं कि प्रबंधन ने मुझे मौका दिया है। मुझे एक कोच के रूप में कड़ी मेहनत करनी होगी और खिलाड़ियों को भी जमशेदपुर एफसी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की मानसिकता प्रदान करनी होगी।



जमशेदपुर और शिलांग को डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए नए मेजबान के रूप में जोड़ा गया ताकि क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत किया जा सके। टूर्नामेंट के महत्व पर कोच खालिद ने कहा, डूरंड कप भारत में वर्तमान में आयोजित सबसे पुराना और सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंटों में से एक है। टूर्नामेंट के आयोजन को बहुत अच्छी तरह से अंजाम दिया गया है और मुझे उम्मीद है कि वे आने वाले वर्षों में भी ऐसा ही करते रहेंगे।

# पेरिस ओलंपिक : एन से यंग एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी दक्षिण कोरियाई बनीं

एजेंसी

**पेरिस।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एन से यंग ने पेरिस ओलंपिक में चीन की ही बिंगजियाओ को हराकर महिला एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया है। पोर्टे डे ला चैपल एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में यंग ने बिंगजियाओ को 21-13, 21-16 से हराकर ओलंपिक बैडमिंटन में एकल स्वर्ण पदक के लिए दक्षिण कोरिया के 28 साल से चले आ रहे लंबे इंतजार को भी खत्म कर दिया। 22 वर्षीय एन, मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, बैंग सू-ह्यून के बाद एकल पदक जीतने वाली दूसरी कोरियाई महिला बनीं। बैंग ने 1992 में बार्सिलोना में रजत पदक जीता था, जब बैडमिंटन ने पदक खेल के रूप में ओलंपिक में पदार्पण किया था, उसके चार साल बाद अटलांटा में स्वर्ण पदक जीता था।

कुल मिलाकर, यह कोरिया के लिए केवल चौथा एकल और 2004 में एथेंस में शॉन सेउंग-मो द्वारा पुरुष वर्ग में रजत जीतने के बाद पहला पदक है। इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग ने स्पेन की कैरोलिना मारिन से वॉकओवर प्राप्त करने के बाद कांस्य पदक जीता। रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता मारिन को घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें न केवल हे के खिलाफ सेमीफाइनल से हटना पड़ा, बल्कि कांस्य पदक मैच से भी बाहर होना पड़ा। एन का स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया के लिए मौजूदा संस्करण का 11वां पदक है, जिससे वह पदक तालिका में ग्रेट ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

## प्लास्टिक सर्जरी करवाने पर ट्रोल हुई थीं

# रिमी सेन

## अब एक्ट्रेस ने लोगों को दिया मुंहतोड़ जवाब



अभिषेक बच्चन से लेकर अजय देवगन और शाहिद कपूर जैसे सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुकीं बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी सेन इन दिनों सुर्खियों में है। अगर सोच रहे हैं कि वह जल्द किसी फिल्म में नजर आने वाली हैं तो ऐसा नहीं है, बल्कि कि वो अपने लुक्स को लेकर मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।क्या रिमी सेन ने करवाई फेस सर्जरी अभिनेत्री सालों से लाइमलाइट से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर बराबर एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज वीडियो साझा पोस्ट करती है। इस बीच रेडिट पर उनकी फोटोज वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने चेहरे की सर्जरी करवाई है। इस खबर सालों पर एक्ट्रेस ने रिएक्ट किया है।



**रिमी ने ट्रोल्स को दिया जवाब**

अभिनेत्री को अपनी फोटोज के चलते सोशल मीडिया पर कई आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए उन्होंने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

हिंदुस्तान टाइम्स संग एक्ट्रेस ने बातचीत कर कहा है कि, अगर लोगों को ऐसा लग रहा है कि मैंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है... अगर यह अच्छे तरीके से है, तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है। बिना प्लास्टिक सर्जरी कराए बिना ही लोग बोल रहे हैं। मैंने केवल फिलर्स, बोटोक्स, पीआरपी ट्रीटमेंट ही करवाया है और कुछ नहीं।

**50 साल की उम्र के बाद सोचूंगी**

42 साल की एक्ट्रेस ने आगे कहा, किसी को तब तक प्लास्टिक सर्जरी करवाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए जब तक कि कोई अपराध करने के बाद भाग न रहा हो। भारत के बाहर बहुत सारे अच्छे डॉक्टर हैं, जो फेसलिफ्ट में बहुत अच्छे हैं। मैं भी इसे करवाना चाहता हूं, लेकिन मैं इसके बारे में 50 साल की उम्र पार करने के बाद सोचूंगी। अभी इन सब से काम चल रहा है।

# प्रियंका चोपड़ा

## ने सेट से शेयर की खून में लथपथ तस्वीरें, पूरी हुई The Bluff की शूटिंग



बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कई बार अपनी इस मूवी से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ शेयर की थी।अब एक बार फिर इस मूवी से जुड़ा अपडेट सामने आया है। बता दें कि उनकी इस हॉलीवुड फिल्में की शूटिंग पूरी हो गई है। शूटिंग पूरी होने के बाद टीम ने इसका जश्न मनाया और एक शानदार पार्टी का भी आयोजन किया। वहीं, प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म की कई अनसीन फोटो शेयर की हैं।



**कार्ल अर्बन संग दिखी प्रियंका**

हाल ही में द एकेडमी ग्रैंड केमैन मार्शल आर्ट्स स्कूल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा और उनके को-स्टार कार्ल अर्बन तस्वीर में एक साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरे लोग पार्टी करते दिख रहे हैं।

**प्रियंका ने शेयर की फोटोज**

वहीं, सोमवार को ग्लोबल आइकॉन ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस के चेहरे पर खून ही खून नजर आ रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, उनके हाथ की उंगलियों पर भी कई कट लगे हुए नजर आ रहे हैं। फोटोज शेयर करते हुए प्रियंका ने खास कैप्शन भी लिखा है।

एक्ट्रेस ने लिखा कि द बल्फ पर बहुत मजेदार समय। फिल्मांकन का आखिरी हफ्ता, जो लोग नहीं जानते उनके लिए बता दूं कि मैं एक फिल्म के सेट पर हूं और यह सब दिखावा है। समुद्री लुटेरों के जहाजों पर 1800 का दशक हिंसक समय था। यह देखना अविश्वसनीय है कि फिल्म क्रू का हर विभाग कैसे कल्पना को हकीकत में बदल देता है। अब प्रियंका के फैंस उनकी इस मूवी के लिए काफी उत्साहित हैं।

## किस्मत ने नहीं दिया साथ, रोहित शेट्टी के शो से भाभी जी हुईं बाहर



रोहित शेट्टी के एडवेंचर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के सीजन 14 से शिल्पा शिंदे बाहर हो गई हैं. दरअसल एलिमिनेशन स्टंट में शिल्पा का मुकाबला 'द कपिल शर्मा शो' फेम सुमोना चक्रवर्ती और टीवी एक्ट्रेस अदिति शर्मा के साथ था. आखिरी स्टंट में इन तीनों कंटेस्टेंट को करंट वाली स्टिक से बॉल निकालकर रोहित शेट्टी के पास इंस्टॉल किए हुए रोटेटिंग टेबल पर रखना था और इस स्टंट में सबसे कम बॉल इकट्ठा करने वाले खिलाड़ी को रोहित एलिमिनेट करने वाले थे. ये स्टंट सिर्फ डेंजर जोन में आए हुए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करना था.दरअसल शो के लेटेस्ट एपिसोड में रोहित शेट्टी ने सभी कंटेस्टेंट को फ्लैग इकट्ठा करने का टास्क दिया था. इस टास्क के लिए उन्हें कई मुश्किल स्टंट परफॉर्म करने पड़े. जिस कंटेस्टेंट के पास सबसे कम फ्लैग थे, उन्हें एलिमिनेशन का स्टंट परफॉर्म करना था. रविवार को ऑन एयर हुए एपिसोड के आखिरी पड़ाव में रोहित शेट्टी ने सबसे कम फ्लैग के साथ डेंजर जोन में आए कंटेस्टेंट के नाम घोषित कर दिए. इन कंटेस्टेंट में 2 फ्लैग जीतने वाली शिल्पा शिंदे के साथ शून्य फ्लैग जीतने वाली सुमोना और अदिति का नाम भी शामिल था.

**किस्मत ने दिया धोखा**

जब करंट वाला टास्क शुरू हुआ तब सबसे पहले अदिति को ये स्टंट परफॉर्म करने का मौका दिया गया. इस टास्क के दौरान उन्हें कई बार इलेक्ट्रिक शॉक लगा. लेकिन उन्होंने फिर भी बिना अबोर्ट किए ये टास्क परफॉर्म किया. अदिति ने 4 बॉल को करंट वाली डंडी से निकालकर पूल टेबल पर रखा. सुमोना ने भी इस टास्क में 4 बॉल निकालकर रोहित शेट्टी के सामने रखे रोटेटिंग पूल टेबल पर रखे. अदिति और सुमोना के बाद शिल्पा ने ये टास्क परफॉर्म किया. इन दोनों की तरह शिल्पा ने भी 4 बॉल निकाले, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया और 4 में से 1 बॉल टेबल के नीचे गिर गया.

**क्यों हार गईं शिल्पा ?**

दरअसल जब शिल्पा शिंदे ये टास्क परफॉर्म कर रही थीं तब उन्होंने रोहित शेट्टी के दिए हुए इंस्ट्रक्शन पर ध्यान नहीं दिया. रोहित शेट्टी ने इस स्टंट की शुरुआत में ही सभी कंटेस्टेंट से कहा था कि जब वो बॉल लेकर रोटेटिंग टेबल के पास आएंगे तब उन्हें बहुत धीमी गति से पीछे आना होगा और उसी तरह से उन्हें वो बॉल टेबल पर रखनी होगी. वरना रोटेशन की वजह से बॉल टेबल से गिर जाएगी. लेकिन ये स्टंट परफॉर्म करते हुए शिल्पा शिंदे, रोहित शेट्टी की ये सलाह भूल गईं और उन्होंने तेजी से पीछे आकर रोटेटिंग टेबल पर बॉल रख दी. जैसे ही शिल्पा ने टेबल पर बॉल रखी, रोटेशन की स्पीड की वजह से वो नीचे गिर गई. इस बॉल को गिनने से रोहित शेट्टी ने इनकार कर दिया. टास्क के आखिर में जहां सुमोना और अदिति के 4 बॉल गिने गए, वहां शिल्पा के सिर्फ 3 बॉल काउंट हुए और उन्हें शो से बाहर जाना पड़ा.

## स्त्री 2 की रिलीज से पहले राहुल मोदी से टूटा श्रद्धा कपूर का रिश्ता? इस कदम से सब हैरान



स्त्री 2 की रिलीज़ का इंतज़ार कर रहीं एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अचानक अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में आ गई हैं. श्रद्धा कपूर ने कुछ वक्त पहले ही राहुल मोदी के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर डाली थी. श्रद्धा की उस इंस्टाग्राम स्टोरी से ये बात लगभग कंफर्म ही हो गई थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. पर अब अचानक श्रद्धा ने राहुल मोदी को इंस्टाग्राम पर अनफोलो कर दिया है. एक्ट्रेस ने सिर्फ राहुल ही नहीं, बल्कि उनकी बहन, प्रोडक्शन हाउस और उनके कुत्ते के अकाउंट को भी अनफोलो किया है.इन सब के बीच एक बात गौर करने वाली ये है कि श्रद्धा ने भले ही राहुल को अनफोलो किया हो, लेकिन राहुल अब भी उन्हें फोलो कर रहे हैं. राहुल मोदी श्रद्धा के भाई सिद्धांत कपूर को भी फोलो करते हैं. बॉली ब्लाइंड गॉसिप नाम के एक हैंडल से रेडिट पर लिखा गया, श्रद्धा ने राहुल मोदी को इंस्टाग्राम पर अनफोलो कर दिया है. यहां तक कि उनकी बहन, उनके प्रोडक्शन हाउस और उनके कुत्ते को भी भी अनफोलो किया है. कुछ वक्त पहले ही उन्होंने रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था.

**क्या कह रहे लोग ?**

रेडिट यूज़र के इस पोस्ट पर लगातार लोग कमेंट कर रहे हैं. कुछ लोग इसे स्त्री 2 के लिए प्रमोशन स्ट्रैटेजी बता रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट किया, कुत्ते को अनफोलो करना तो थोड़ा ज्यादा ही हो गया. इस पर एक ने लिखा, मैं भी यही सोच रहा हूं, कुत्ते ने क्या बिगाड़ा है. एक यूज़र ने कमेंट किया, मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि ये स्त्री के प्रमोशन या हाइप बनाने के लिए न हो. ऐसा हुआ तो ये बहुत खराब होगा सच में.

**श्रद्धा कपूर के फैंस परेशान**

श्रद्धा कपूर के इस कदम से उनके कुछ फैंस परेशान भी नज़र आ रहे हैं. एक ने लिखा, उन्होंने तो इसे ऑफिशियल भी कर दिया था. इसने ऐसा क्यों किया? और स्त्री 2 को लेकर काफी हाइप है, उन्हें इस तरह के प्रमोशन की कोई ज़रूरत नहीं है. कुछ लोग पूरे मामले पर मज़ाक भी कर रहे हैं. एक ने लिखा, वो स्त्री है, कुछ भी कर सकती है. एक यूज़र ने कमेंट किया, ऐसी अफवाह है कि कुछ दिनों पहले उन्होंने उसके रूम का दरवाज़ा खटखटाया था, पर उसने मैसेज किया- ओ स्त्री कल आना.